आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 106 | उज्जैन, शनिवार 02 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका पहली बार ईरान के खिलाफ हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी है। फॉक्स न्यूज के मुताबिक एडमिरल ब्रैड कूपर ने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में ट्रम्प के साथ बैठक में ये विकल्प पेश किए। इसमें बताया गया कि अगर ट्रम्प दोबारा हमले का फैसला लेते हैं, तो एक छोटा लेकिन बहुत ताकतवर हमला किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान की बची हुई सैन्य ताकत, उसके नेता और अहम ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को निशाना बनाया जा सकता है।

### आप सरकार फ्लोर टेस्ट में पास, 94 में से 88 विधायकों ने समर्थन किया

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। 94 में से 88 विधायकों ने सरकार के पक्ष में वोट दिया। वहीं 4 विधायक गैरहाजिर रहे, जबकि 2 विधायक लालजीत सिंह भुल्लर और हरमीत सिंह पठानमाजरा जेल में बंद हैं। इस दौरान कांग्रेस, बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल के विधायक मौजूद नहीं रहे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि इसकी कॉपी राष्ट्रपति के पास लेकर जाऊंगा। इससे पहले उस वक्त हंगामा हो गया, जब नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने स्पीकर को पत्र देकर सीएम और सभी विधायकों का डोप टेस्ट कराने की मांग की। स्पीकर ने इस मांग को ठुकरा दिया। कार्यवाही के दौरान सीएम ने कांग्रेस विधायकों पर कमेंट किया कि वह सदन में मोबाइल यूज कर रहे हैं।

### फिल्म राजा शिवाजी में सलमान का पहला लुक सामने आया



**मूंछ और भगवा पगड़ी में नजर आए फिल्म में जीवा महाले के किरदार में दिखे**

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी में सलमान खान का पहला लुक सामने आया है, जिसमें वे मूंछों और भगवा पगड़ी में नजर आ रहे हैं। रितेश देशमुख निर्देशित यह फिल्म आज थिएटर्स में रिलीज हुई, जहां सलमान कैमियो करते हुए जीवा महाले के किरदार में दिखे। राजा शिवाजी मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म है। इसमें रितेश देशमुख मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म एक मल्टी-स्टारर प्रोजेक्ट है, जिसमें अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, विद्या बालन, बोमन ईरानी, महेश मांजरेकर और भाग्यश्री जैसे कलाकार हैं। फिल्म रिलीज के साथ ही सलमान का लुक सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे पारंपरिक मराठा वेशभूषा में दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि सलमान के किरदार की आधिकारिक पुष्टि पहले नहीं की गई थी। अब फिल्म रिलीज के बाद यह साफ हुआ है कि वे एक कैमियो रोल में नजर आए हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान बताया था कि सलमान ने खुद फिल्म में शामिल होने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि उनकी पिछली फिल्मों लय भारी और वेद में भी सलमान मौजूद थे। ऐसे में इस फिल्म में भी उन्होंने दोस्ती के चलते काम करने की इच्छा जताई थी। फिल्म में सलमान के कैमियो को लेकर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं, कई यूजर्स ने उनकी एंट्री को दमदार बताया है। एक यूजर ने सलमान की स्क्रीन प्रेजेंस की तारीफ की।

### सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने असम पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के मामले में खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी है। इस मामले की सुनवाई जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चंदुरकर की बेंच ने की थी। बेंच ने पहले ही फैसला सुरक्षित रख लिया था और शुक्रवार 1 मई की सुबह इसे जारी किया गया है। यह पूरा मामला हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा की शिकायत पर दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी भुयान सरमा के पास एक से अधिक पासपोर्ट हैं, जिसके बाद असम पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। खेड़ा ने इस एफआईआर को चुनौती देते हुए अग्रिम जमानत की मांग की थी, जिसे पहले गुवाहाटी हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### एपस्टीन ने मरने से पहले सुसाइड नोट लिखा

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के मरने से पहले उनके सुसाइड नोट लिखने का दावा किया गया है। यह कथित सुसाइड नोट पिछले करीब 7 साल से न्यूयॉर्क की अदालत में सील है। इस वजह से इसे अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक एपस्टीन की मौत की जांच कर रही एजेंसियों को भी यह अहम सबूत नहीं मिला। अगर यह नोट सच में एपस्टीन ने लिखा था, तो यह उनकी मानसिक स्थिति के बारे में अहम जानकारी दे सकता था। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोट जुलाई 2019 में एपस्टीन के साथी कैदी निकोलस टारटाग्लियोने को मिला था। उस समय एपस्टीन जेल में बेहोश हालत में मिला था और उनकी गर्दन पर कपड़ा बंधा हुआ था।

---

### कैग ने मध्यप्रदेश में गंभीर शैक्षणिक संकट को उजागर किया

# प्रदेश के 1895 स्कूलों में कोई शिक्षक नहीं, 435 में छात्र नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

2026 में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी की मध्य प्रदेश पर रिपोर्ट ने एक गंभीर शैक्षिक संकट को उजागर किया, जिसमें पाया गया कि 1,895 सरकारी स्कूलों में कोई शिक्षक नहीं है, जबकि 435 स्कूल बिना किसी छात्र नामांकन के भी चल रहे हैं। ये निष्कर्ष शिक्षक नियुक्ति और स्कूल बुनियादी ढांचे के प्रबंधन में बड़ी विफलता को दर्शाते हैं। वहीं देश भर की बात की जाए तो पिछले 10 वर्षों में 94 हजार सरकारी स्कूल बंद हो गए और 51 हजार 419 नए प्रायवेट स्कूल खुले हैं।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी गई जानकारी में सामने आया कि

**देश में 10 साल में 94 हजार स्कूल बंद**

**प्रायवेट स्कूल 51419 बढ़ गए**



वर्ष 2014-15 में देश की आबादी करीब 130.9 करोड़ थी। उस समय देश में कुल स्कूल 11,07,101 थे। इन स्कूलों में 14,40,81,075 छात्रों का नामांकन हुआ था। इस प्रकार 93,779 स्कूल बंद हो गए। साल 2024-25 में देश की आबादी लगभग 146.3 करोड़ थी। इस समय देश में कुल स्कूल 10,13,322 रह गए और छात्रों का नामांकन भी घटकर 12,15,89,911 हो गया। इस प्रकार 10 साल के दौरान छात्रों के नामांकन में 2,24,91,164 गिरावट आ गई। यानी करीब सवा दो करोड़ से अधिक छात्र सरकारी स्कूल में पढ़ने से वंचित रह गए।

#### मध्यप्रदेश को लेकर 2026 की कैग रिपोर्ट के निष्कर्ष

- **शिक्षकविहीन स्कूल:** 1,895 स्कूल बिना किसी शिक्षक के चल रहे हैं।
- **शून्य नामांकन वाले स्कूल:** 435 स्कूलों में शिक्षक नियुक्त हैं, जबकि कोई छात्र नामांकित नहीं है, जो अनुचित शिक्षक नियुक्ति को दर्शाता है।
- **बड़ी कमी:** शहरी स्कूलों में 91% से अधिक पद भरे हुए थे, जबकि ग्रामीण स्कूलों में केवल 70% पद भरे गए थे, जो बड़ी कमी को दर्शाता है।
- **शिक्षक असंतुलन:** 6,607 स्कूलों में स्वीकृत संख्या से 11,733 अधिक शिक्षक पाए गए, जबकि 29,116 स्कूलों में 99,682 शिक्षकों की कमी थी।

#### निजी स्कूल खूब फले-फूले

मजेदार बात यह है कि पिछले 10 सालों में देश में कुल प्रायवेट स्कूल 51419 बढ़ गए। वर्ष 2014-15 में कुल प्रायवेट स्कूल देशभर में 2,88,164 थे। वर्ष 2024-25 में निजी स्कूल बढ़कर 3,39,583 हो गए। नामांकन में भी आश्चर्यजनक बढ़ोत्तरी हो गई। वर्ष 2014-15 में इन निजी स्कूलों में छात्रों का नामांकन 8,46,42,241 था, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 9,58,56,710 हो गए। इस प्रकार आश्चर्यजनक रूप से पिछले एक दशक में निजी स्कूलों में 1,12,14,469 नामांकन बढ़ गए।

#### प्रदेश में करीब 30 हजार स्कूल बंद हुए

सरकारी स्कूल बंद होने की प्रवृत्ति उत्तरी और पूर्वी राज्यों में ज्यादा है। दक्षिण राज्यों में अपेक्षाकृत कम स्कूल बंद हो रहे हैं। जैसे कि मध्यप्रदेश में पिछले एक दशक में करीब 30 हजार स्कूल बंद हुए हैं। वहीं उत्तरप्रदेश में करीब 25 हजार सरकारी स्कूल बंद हो गए। किन्तु तमिलनाडु में इस दौरान 285 सरकारी स्कूल ही बंद हुए। इसी प्रकार केरल में भी उक्त अवधि में केवल 296 सरकारी स्कूल ही बंद हुए।

---

# क्रूज हादसे में अब तक 9 शव मिले

### जबलपुर में 4 साल के बेटे को छाती से चिपकाए मिली मां, 3 बच्चों समेत 4 लापता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 9 शव मिल चुके हैं।

प्रशासन के मुताबिक, 28 लोगों को बचा लिया गया है। तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज में लगभग 43 से 47 पर्यटक थे। टिकट सिर्फ 29 लोगों की कटी थी। हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ, जिस समय क्रूज डूबा, उस वक्त हवा की रफ्तार 74 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा के मुताबिक, एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ।

#### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुःख जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवार जनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। शाम को उन्होंने घटना स्थल का जायजा लिया।



#### बरगी डेम हादसा नहीं सरकारी लापरवाही है



जिले के नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध हादसे के बाद सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मौके पर पहुंचकर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने इसे शुद्ध रूप से लापरवाही करार देते हुए मांग की कि केवल जांच नहीं, बल्कि दोषियों पर तत्काल आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए। सिंघार ने तीखा सवाल किया कि सरकार अपने भ्रष्ट अधिकारियों को बचाना चाहती है या केरल और दिल्ली से आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है?

---

### इंदौर में ड्रग्स तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

## 1.29 करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाणगंगा थाना क्षेत्र में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 129 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपए आंकी गई है।

डीसीपी राकेश व्यास के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिवम सोनी और अभिषेक सिंह तोमर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से ब्राउन शुगर की करीब 70 पुड़िया जब्त की हैं, जिन्हें बेचने की तैयारी की जा रही थी।

- **राजस्थान से लाए थे मादक पदार्थ-** प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी राजस्थान से मादक पदार्थ लाकर इंदौर और आसपास के इलाकों में सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। पुलिस को आशंका है कि यह मामला किसी बड़े संगठित ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी हुई है।
- **5 लाख की शराब जब्त-** राजेन्द्र नगर पुलिस ने भी एक कार को रोक कर उसकी चेंकिग की। कार के अंदर से करीब 47 पेटी शराब जब्त हुई है। कार किसकी थी ओर शराब किस ठेकेदार की जा रही थी। इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है।

---

## मेरठ में पति ने पत्नी की गर्दन काटकर हत्या कर दी



एजेंसी ▸▸ मेरठ

मेरठ में शुक्रवार सुबह 26 साल की महिला की पेपर कटर से गर्दन काटकर उसके पति ने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। हत्या की वजह पति का अफेयर है। जिसकी जानकारी उसकी पत्नी को हो गई थी।

सुबह करीब 8 बजे मामले का खुलासा हुआ, जब दंपती की तीनों बेटियां मकान मालिक के पास पहुंचीं और अपने पिता से बात कराने की बात कही। मकान मालिक ने फोन मिलाकर दिया। इसके बाद बच्चियां फोन लेकर दूसरी मंजिल पर चली गईं और बात करते-करते रोने लगीं। उनकी आवाज सुनकर मकान मालिक की पत्नी ऊपर पहुंचीं, जहां उन्होंने महिला का शव देखा।

कुछ देर बाद पति साकिब (30) भी मौके पर पहुंचा। पत्नी कौसर का शव देखकर वह फूट-फूटकर रोने लगा। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। घटना लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र की है।

## यूपी-बिहार-कर्नाटक में 2 दिन में आंधी-बारिश से 32 मौतें

### भोपाल-जबलपुर समेत एमपी के 35 जिलों में बारिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पिछले 15 दिन से भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से कुछ राहत मिली। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड में आंधी-बारिश और ओले गिरने से तापमान में 3-5 डिग्री तक की गिरावट हुई।

यूपी में गुरुवार को पिछले दो दिनों के दौरान आंधी-बारिश से 17 लोगों की मौत हो गई। बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार रात तेज बारिश और आंधी के दौरान हुई अलग-अलग घटनाओं में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह में गुरुवार को पहाड़ से ग्लेशियर टूटकर अचानक सड़क पर गिर गया। इस दौरान वहां सड़क से बर्फ हटाने में जुटे कर्मचारी और मजदूरों ने भागकर किसी तरह जान बचाई। हालांकि, राजस्थान और महाराष्ट्र में गर्मी से कोई राहत नहीं मिली है। गुरुवार को महाराष्ट्र का चंद्रपुर देश में सबसे गर्म जगह रही।



#### प्रदेश में तेज आंधी और बारिश का दौर रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के 35 जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान तेज आंधी और बारिश का दौर रहा। इनमें से 14 जिलों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम, राजगढ़, विदिशा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में बारिश हुई।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 3 हजार का हुआ

### 993 रुपये तक हुआ महंगा, प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

दो महीने की किल्लत के बीच मध्य प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 रुपए महंगा हो गया है। भोपाल में 3074 रुपए, इंदौर में 3179 रुपए, जबलपुर में 3290 रुपए, ग्वालियर में 3296 रुपए और उज्जैन में 3241 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। दो महीने में रेट 1248 रुपए बढ़ चुके हैं। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा।

कमर्शियल सिलेंडर के रेट ऐसे समय बढ़े हैं, जब होटल, रेस्टोरेंट-ढाबों को जरूरत की 50 प्रतिशत गैस ही मिल रही है। जुलाई तक प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां होनी हैं, ऐसे में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।




मध्य प्रदेश टेंट कैटर्स एसोसिएशन के रामबाबू शर्मा ने बताया कि सिलेंडर के रेट बढ़ने से होटल और कैटर्स में 10 प्रतिशत तक कॉस्टिंग का फर्क पड़ेगा। 500 लोगों के 5 लाख रुपए के खाने का बजट अब 45 से 50 हजार रुपए तक बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सिलेंडर पर 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी ठीक थी, लेकिन करीब 50 प्रतिशत बढ़ोतरी न्याय संगत नहीं है। सरकार को फैसला वापस लेना चाहिए।

भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर 2 महीने में साढ़े 12 सौ रुपए तक महंगा हुआ है। यानी पहले की तुलना में 60% रेट बढ़े हैं। अब खाने के रेट बढ़ाने पड़ेंगे।

---

### बंगाल में स्ट्रॉन्ग रूम के पास भीड़ लगाने पर रोक

## टीएमसी का आरोप- ईवीएम से छेड़छाड़

### चुनाव आयोग बोला- 3 लेवल की सिक्योरिटी में यह नामुमकिन

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

कोलकाता में एश्ट स्ट्रॉन्गरूम के बाहर टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के धरना और प्रदर्शन के बाद सिक्योरिटी सख्त कर दी गई है। पुलिस ने कोलकाता के 7 स्ट्रॉन्ग रूम के 200 मीटर के दायरे में 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकठ्ठा होने पर रोक लगा दी है और सीएपीएफ की करीब 700 कंपनियां तैनात की गई हैं।

प्रशासन ने यह फैसला खुदीराम अनुशीलन केंद्र के स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर गुरुवार रात टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के 5 घंटे विरोध-प्रदर्शन के बाद लिया गया।



दरअसल टीएमसी ने गुरुवार रात चुनाव अधिकारियों पर बिना सूचना दिए ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम खोलने, ईवीएम से छेड़छाड़ और वहां संदिग्ध लोग मौजूद होने के आरोप लगाए थे। चुनाव आयोग ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि पोस्टल बैलेट की छंटाई हो रही थी, सभी ईवीएम सुरक्षित हैं, 3 लेवल की सिक्योरिटी में यह नामुमकिन है।

#### ममता कल स्ट्रॉन्ग रूम में 4 घंटे बैठीं

- भाजपा नेता और भवानीपुर से उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में जाएंगे। गुरुवार रात 8 बजे सीएम ममता बनर्जी भी इसी ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचीं थीं और करीब 4 घंटे अंदर रहीं।
- स्ट्रॉन्ग रूम से बाहर आकर ममता ने कहा था, अगर ईवीएम लूटने और मतगणना में हेरफेर की कोशिश हुई तो हम जान की बाजी लगा देंगे। चुनाव के ऐलान के बाद से राज्य की पुलिस चुनाव आयोग के दबाव में काम कर रही है। रोजाना पुलिस को सस्पेंड करने और केस लगाने को लेकर डराया जा रहा है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## दुर्घटना का जिम्मेदार कौन




एक के बाद एक हादसा लोडिंग वाहनों में सवारी ढोने का क्रम वर्षों से अनवरत है। एक नहीं अनेकों दुर्घटनाएं सामने आती रही हैं। जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर ऐसी तमाम घटनाएं रही हैं जिनमें हर बार एक बड़ा हादसा सामने आता है जो कि पिछले हादसों से बड़ा होता है और भविष्य के हादसे से छोटा होता है। ये लोडिंग वाहन ऐसा नहीं है कि बगैर नजरों में आए ही सवारियों को ढोने का काम कर रहे हैं। वैवाहिक सीजन के दौरान लोडिंग के वाहनों में ऐसे कई नजारे आम हैं जो कई वर्दी केंद्रों के सामने से होते हुए जाते हैं और उन्हें न तो कोई रोकने वाला होता है न ही टोकने वाला। अगर कोई रोकता टोकता है तो उसे हमारे कतिपय छोटे-छोटे कुर्सीदार हड़का देते हैं। खैर इस बार हादसे में 16 निर्दोष ऐसे लोगों की जान गई जो नियमों एवं कानून के दायरे को बहुत ज्यादा या यूं कहें की जानते ही नहीं थे तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। लोडिंग वाहन में क्षमता से अधिक सवारी ढोई जा रही थी। वाहन अनेक ऐसे जिम्मेदारों के सामने से निकला होगा जिन्हें अपना कर्त्तव्य याद आ जाता तो संभव था कि इन सभी को बचाया जा सकता था,लेकिन उसके भी नियमों के तहत हाथ बांधे गए हैं। हर जिले में ही लोडिंग वाहनों की यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में है। उन्हें मात्र कुछ लोगों को खुश करने के लिए ही नहीं रोका जा रहा है। ऐसे में होने वाली दुर्घटनाओं में जो रूदन एवं क्रंदन होता है वह झकझोरने वाला होता है। दुर्घटनाओं में किसी दुध मुंहे की मां और किसी नवयुवती का पिता चला जाता है। असमय कई महिलाएं बेवा हो जाती हैं और बच्चे बगैर मां-बाप के। खुसूर-फुसूर है कि व्यवस्थागत इस दोष को दूर करने के लिए अब सख्त कदम उठाया ही जाना चाहिए। वर्दी को लोडिंग वाहनों में यात्री परिवहन पर रोक लगाने के लिए खुले तौर पर अधिकार संपन्न बनाने के साथ ही उसे खुली छुट दी जाना चाहिए। अगली दुर्घटना के पूर्व प्रदेश भर में इस दुर्घटना से एक बड़ी सीख ली जाकर सख्त रूप से कार्रवाई की जाना चाहिए। इस दुर्घटना के लिए व्यवस्था के जिम्मेदारों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## न्यूज कॉलम

### दो दिवसीय वार्षिक मेला श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न

**उज्जैन।** शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में आयोजित योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों का दो दिवसीय वार्षिक मेला शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के बीच संपन्न हो गया। यह संपूर्ण आयोजन जयपुर के साध मुकेश के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शुक्रवार 1 मई को अलसुबह 6 बजे पल्लव की रस्म के साथ मेले का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर साध मुकेश ने देश और विश्व की शांति, समाज के कल्याण एवं भारत के पुनः विश्व गुरु बनने की प्रार्थना की और सभी को संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि श्रद्धालुओं में अगाध आस्था है कि साईं के दर पर जो भी खाली झोली लेकर आता है, वह हमेशा झोली भरकर ही जाता है। इसी श्रद्धाभाव के साथ गुरुवार को दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा।

### नि :शुल्क कृत्रिम अंग शिविर शुरू दिव्यांगों को मिल रहा नया जीवन



**उज्जैन।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से देवास रोड स्थित राजेंद्र सूरी शोध संस्थान में निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ हुआ। 'दिव्यांगता मुक्त भारत' अभियान के तहत महावीर सेवा सदन कोलकाता के सहयोग से लायंस क्लब उज्जयिनी द्वारा आयोजित यह शिविर 1 से 5 मई तक चलेगा। इसमें घुटने एवं कोहनी के नीचे कटे हाथ-पांव वाले दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क कृत्रिम अंग लगाए जा रहे हैं। यह शिविर शांतिलाल सेठिया एवं राजा बाई सेठिया की स्मृति में उनके पुत्र अभय सेठिया और सेठिया परिवार द्वारा संचालित किया जा रहा है। सोमवार को नवकार मंत्रोच्चार के साथ शिविर की शुरूआत हुई। पहले दिन दूरदराज से आए दर्जनों दिव्यांगों का पंजीयन किया गया, वहीं कुछ जरूरतमंदों को तत्काल कृत्रिम पैर, कैलीपर तथा हाथ के कृत्रिम अंग वितरित किए गए। शिविर की खास बात यह है कि यहां अधिकांश सेवा कार्य दिव्यांगजनों द्वारा ही किया जा रहा है। आयोजक अभय कुमार सेठिया ने बताया कि शिविर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। जरूरतमंद दिव्यांग आधार कार्ड या प्रमाण-पत्र लेकर शिविर स्थल पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वे स्वयं एक हादसे का शिकार हुए थे, इसलिए दिव्यांगों की पीड़ा को करीब से समझते हैं। इसी उद्देश्य से माता-पिता की स्मृति में यह आयोजन किया गया है।

## चाईल्ड वेलफेयर सोसायटी की कथित शिकायत पर पुलिस, जीआरपी, श्रम, बाल विकास की टीम की कार्रवाई, बिहार के 40 यात्रियों को ट्रेन से उज्जैन-नागदा में उतार कर यात्रा में विघ्न डाला

# श्रम विभाग ने खोदा पहाड़ और चुहिया भी नहीं निकली

### श्रम विभाग ने सुबह नाश्ता करवाया, खाना खिलाया दोपहर में उज्जैन से अहमदाबाद की ट्रेन में रवाना किया





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कथित शिकायत पर गुरूवार देर रात पुलिस, जीआरपी उज्जैन-नागदा, श्रम विभाग, महिला बाल विकास विभाग की टीम ने अंत्योदय एक्सप्रेस से बिहार के दरभंगा से संबंधित 20 नाबालिग सहित 44 लोगों को उज्जैन एवं नागदा स्टेशन पर उतार लिया गया। ये सभी गुजरात के अहमदाबाद जा रहे थे। बाल श्रम एवं तस्करी की एक एनजीओं की कथित शिकायत कार्रवाई में झूठी निकली। इसके बाद सभी 44 लोगों की यात्रा में विध्न एवं संकट की स्थिति बन गई। शुक्रवार दोपहर सभी उज्जैन से अपने स्वयं के व्यय पर अहमदाबाद रवाना हुए ।

गुरूवार रात को आकस्मिक रूप से पुलिस के साथ श्रम विभाग एवं अन्य दल के रूप में उज्जैन स्टेशन पर पहुंचे थे। दल ने यहां रात 11 बजे अंत्योदय एक्सप्रेस से 4 युवकों को स्टेशन पर जानकारी के लिए उतार लिया था। समय बद्ध स्थिति में इस कार्रवाई के दौरान ही ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई। ऐसे में ट्रेन को नागदा जीआरपी,एवं पुलिस को सूचना के साथ वहां रूकवाया गया। ट्रेन की चेकिंग करीब एक घंटे तक की जाकर 20 नाबालिग बच्चों सहित उनके पालक एवं रिश्तेदारों के रूप में उज्जैन सहित कुल 44 लोगों को ट्रेन से उतार लिया गया। रात भर जांच के बाद पूरा मामले में बाल श्रम एवं तस्करी जैसा मामला अन्यानेक प्रकार की पूछताछ एवं जांच के बाद भी सामने नहीं आया।

### गरीब के 16 सौ के हजार हुए

ट्रेन से 44 से अधिक लोगों को उज्जैन एवं नागदा में स्थानीय पुलिस की सहायता से उतार लिया गया था। सभी को उज्जैन में इकट्ठा किया गया। देर रात में ही जांच की गई। दस्तावेज के साथ बयान लिए गए। हर प्रकार से अधिकारियों ने जांच की उसके बाद भी कुछ हाथ नहीं लगा। ऐसे में बिहार के दरभंगा से अहमदाबाद जा रहे सभी गरीब तबके के इन लोगों के अहमदाबाद जाने के लाले पड़ गए। जीआरपी के सूत्रों के अनुसार सुबह सभी को श्रम विभाग के कुछ लोग नाश्ता एवं चाय करवाने ले गए थे बाद में उन्हें खाना खिलाकर ही लाया गया। दोपहर में सभी समर स्पेशल ट्रेन से अहमदाबाद के लिए अधिकांश खुद ही टिकिट लेकर रवाना हुए हैं।

### बगल में छोरा, शहर में ढिंढोरा

श्रम विभाग की कार्रवाई भी अजीब ही सामने आई है। बगैर किसी तथ्यात्मक आधार के ही विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर इतनी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया गया। शहर में ही कई स्थानों पर गर्मी की छुट्टी में कई बच्चे काम करते देखे जा रहे हैं। यहां तक कि आगर रोड उद्योगपुरी में कुछ नाबालिग ऐसे उद्योगों में रोजनदारी पर काम कर रहे हैं जहां नियमानुसार उन्हें काम नहीं करना चाहिए। यहीं नहीं श्रम विभाग के कार्यालय के नीचे ही नानाखेड़ा क्षेत्र में केतली लेकर बच्चे चाय बेचते देखे जा सकते हैं।

### नाबालिगों से तूम जैसे शब्दों से बात की

दोपहर में अहमदाबाद रवाना हुए नाबालिग एवं उनके साथ के लोगों से जैसे तैसे कुछ मीडियाकर्मी चर्चा करने पहुंचे तो उन्होंने कैमरे पर आने से मना कर दिया। व्यस्कों ने तो मुंह ही बंद कर लिए थे। कुछ नाबालिग यह जरूर कहते रहे कि पूछताछ में उन्हें तूम और तेरा पिता क्या करता है जैसे सवाल पूछे गए, जबकि बिहारी स्थिति के बच्चे पूरे समय आप से संबोधन कर रहे थे।

### बगैर आधार की शिकायत

इधर सामने आ रहा है कि पूरे मामले में बगैर आधार की शिकायत पर ही इतना बड़ा टंटा किया गया कि उज्जैन एवं नागदा में श्रम विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर ट्रेन को रूकवा दिया। कथित सूचना को लेकर कोई पुष्टिकारक साक्ष्य भी नहीं देखे गए। आधी रात को 20 नाबालिग बच्चों के साथ उनमें से कुछ के पालक एवं रिश्तेदारों सहित करीब 44 से अधिक लोगों को उतार लिया गया। चाईल्ड वेलफेयर नामक एनजीओं की बाल श्रम एवं तस्करी की बगैर आधार की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। खास तो यह है कि एनजीओं ने 100 बच्चों की ट्रेन से तस्करी की सूचना थी। श्रम विभाग की सूचना पर देवासगेट पुलिस सीएसपी दिपिका शिंदे के साथ उज्जैन स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन से 3 व्यस्क एवं एक अव्यस्क को उतार लिया गया था। नागदा में सीएसपी विक्रमसिंह के साथ नागदा के दोनों थानों का बल स्टेशन पहुंचा और वहां पहुंचने पर ट्रेन की पूरी सर्चिंग करते हुए यहां से 20 नाबालिग सहित उनमें से कुछ के पालक एवं रिश्तेदारों सहित करीब 40 लोगों को उतार लिया गया। रात में ही दूसरी ट्रेन से इन सभी को उज्जैन भेजा गया। यहां अधिकारियों ने नाबालिग सहित उनमें से कुछ के पालकों एवं रिश्तेदारों से पूछताछ की और हर प्रकार से दस्तावेज देखने के बाद सुबह जांच इस निष्कर्ष पर पहुंची की सूचना जैसा कुछ नहीं हैं।

### बच्चों एवं पालकों के सामने संकट खड़ा हुआ

उज्जैन में अधिकारियों की कई घंटों की जांच में कुछ भी सामने नहीं आया। ऐसे में बिहार से गुजरात के अहमदाबाद की यात्रा पर निकले बच्चे एवं उनके गरीब पालकों एवं रिश्तेदारों के सामने आगे की यात्रा का संकट खड़ा हो गया। जीआरपी सूत्रों के अनुसार सुबह का नाश्ता श्रम विभाग ने करवाया था। उसके बाद सभी को यहां से ले जाया गया था। दोपहर में उनके लौटने पर बच्चों के अनुसार उन्हें खाना खिलवाया गया। वापसी के लिए दोपहर में समर वेकेशन स्पेशल ट्रेन का टिकिट कुछ ने लिया था शेष की जानकारी सामने नहीं थी।

### नागदा में जीआरपी ने चेताया किसी ने नहीं सुनी

इधर सामने आया कि अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन से उतारे गए सभी 44 लोग शुक्रवार दोपहर में स्वयं के व्यय से सामान्य टिकिट लेकर अहमदाबाद रवाना हुए हैं। यह भी सामने आ रहा है कि नागदा में गुरूवार रात को अंत्योदय एक्सप्रेस को रोकने एवं कार्रवाई के दौरान जीआरपी के एक जिम्मेदार ने नाबालिग एवं उसके पालक का आधार कार्ड देखने के बाद पूरे मामले पर ही सवाल उठाया था लेकिन उसकी एक नहीं सुनी गई।

- श्रम विभाग की सूचना पर जांच में सहयोग करने पहुंचे थे। जांच उन्होंने ही की है। सहयोग स्तर पर ही पुलिस ने काम किया।

**-दीपिका शिंदे**
**सीएसपी माधवनगर, उज्जैन**

-श्रम विभाग एवं बाल विकास सोसायटी इसकी जांच कर रहे थे जांच में कुछ नहीं निकला। दोपहर में सभी स्पेशल ट्रेन से अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं। सुबह श्रम विभाग ने बच्चों को नाश्ता एवं खाने की व्यवस्था की जानकारी लगी थी। दोपहर में वे अपने स्तर पर ही अहमदाबाद के लिए रवाना हुए हैं।

**- अमित कुमार भावसार**
**थाना प्रभारी जीआरपी, उज्जैन**

# चरक अस्पताल के बाहर रस्सी से रोका मार्ग

### चौड़ी सड़क पर मनमानी का आलम, यातायात व्यवस्था बिगड़ रही





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर इन चौड़ी सड़कों का दुरुपयोग सामने आ रहा है। ऐसा ही एक मामला आगर रोड स्थित चरक अस्पताल के बाहर देखने को मिल रहा है, जहां सड़क के एक हिस्से पर अवैध रूप से पिलर लगाकर रस्सी बांध दी गई है। इससे सड़क का उपयोग सीमित हो गया है और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। चरक अस्पताल के मुख्य गेट के बाहर लगभग 100 से 150 मीटर तक सड़क के दोनों ओर पिलर खड़े कर रस्सी बांध दी गई है। इस कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा आम लोगों के लिए अनुपयोगी हो गया है। न तो वहां वाहन खड़े हो पा रहे हैं और न ही रिक्शा चालक सवारी उतार पा रहे हैं।

## आगर रोड पर यातायात प्रभावित, पैदल चलने वाले व वाहन चालकों को हो रही परेशानी

### जाम की स्थिति बन रही

सड़क का उपयोग सीमित होने से जब भी इस क्षेत्र में वाहनों का दबाव बढ़ता है, जाम की स्थिति बन जाती है। खासकर जब कोई रिक्शा या वाहन सवारी उतारने के लिए रुकता है, तो यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है।

### पैदल यात्रियों को भी परेशानी

इस अवैध कब्जे के कारण केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि पैदल चलने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क संकरी होने से लोगों के लिए सुरक्षित रूप से निकलना मुश्किल हो गया है।

**स्थानीय लोगों ने कहा-** आसपास के लोगों का कहना है कि यह व्यवस्था कुछ लोगों की मनमानी का परिणाम है। वहीं कुछ लोगों का यह भी मानना है कि अस्पताल के बाहर वाहन खड़े करने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है, क्योंकि लोग पार्किंग शुल्क बचाने के लिए बाहर ही वाहन खड़ा कर देते हैं। हालांकि, इस तरह की व्यवस्था से समस्या का समाधान नहीं, बल्कि यातायात अव्यवस्था बढ़ रही है।

**इन्होंने यह कहा-** यातायात थाने के डीएसपी दिलीप परिहार ने कहा कि मामले की तुरंत जांच करवाई जाएगी। यदि सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर मार्ग को बाधित किया गया है, तो शीघ्र ही व्यवस्था को सुधारकर यातायात सुचारू किया जाएगा।

## स्थानीय नागरिकों की सहमति से

# सती गेट से छत्री चौक तक सड़क चौड़ीकरण कार्य जल्द होगा शुरू



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्य को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कोयला फाटक से कंठाल चौराहा एवं कंठाल चौराहा से सती गेट तक प्रचलित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान निजातपुरा से कंठाल चौराहा तक सीआरएम कार्य जारी पाया गया तथा नाली निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि नाली निर्माण के दौरान हो रही लाइन लीकेज को हैंडकैप लगाकर तत्काल सुधारें तथा जमा जल की डिवॉटरिंग सुनिश्चित करें।

**नागरिकों की सहमति से बढ़ेगा काम-** कंठाल चौराहे से सती गेट तक चौड़ीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से चर्चा की। इस दौरान नागरिकों ने सती गेट से छत्री चौक तक मार्ग चौड़ीकरण के लिए अपनी सहमति प्रदान की। आयुक्त ने नागरिकों की इस सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उल्लेखनीय है कि कंठाल चौराहे से सती गेट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य में स्थानीय नागरिक स्वयं अपने भवन एवं दुकानों को निर्धारित सीमा में हटाकर निगम का सहयोग कर रहे हैं। आयुक्त ने इस कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

# बैंकर्स यूनाइटेड क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में ऋषभ जैन की टीम बनी विजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बैंकर्स यूनाइटेड क्लब द्वारा एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। खेल भावना और उत्साह के बीच इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

खिलाड़ियों ने खेल के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का भी संदेश दिया। आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी खिलाड़ियों ने भीषण गर्मी से बचाव के लिए अपने घरों के बाहर मूक पशु-पक्षियों के लिए पानी के पात्र रखने का संकल्प लिया। इस पहल की उपस्थित दर्शकों और अतिथियों ने सराहना की।

रोमांचक मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऋषभ जैन की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, दलजीत सलूजा की टीम उपविजेता रही। प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच के रूप में सिल्वर मेडल प्रदान किया गया, जबकि विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक आशीष नांदेचा ने बताया कि बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े सदस्य अपने दैनिक कार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहते हैं। ऐसे में मानसिक तनाव को कम करने और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों को एक साथ बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

## मैदान में उतरे नौनिहाल: वसंत विहार में 10 दिवसीय आत्मरक्षा व खेल शिविर का शंखनाद

# लाठी-तलवारबाजी, जूडो-कराटे से सीखेंगे निडरता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में शुक्रवार को 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। बच्चों को मोबाइल और टीवी स्क्रीन से दूर रखकर उनकी रचनात्मकता व शारीरिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर श्रीराम मंदिर वसंत विहार परिसर में 10 मई तक चलेगा। मंच के अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में प्रतिदिन शाम 5:30 से 6:30 बजे तक बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मंच के सहसचिव नरेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन भारत माता की प्रतिमा को फूलों से सजाकर दीप प्रज्वलित किया गया। पंडित शिव शंकर चतुर्वेदी ने सनातन संस्कृति के अनुसार पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न कराई। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति और बालक-बालिकाएं उपस्थित रहे।

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### एमवायएच में इंप्लांट की कमी 25 से ज्यादा सर्जरी अटकी

**इंदौर।** एमवायएच और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हृदय और हड्डी से संबंधित 25 से ज्यादा ऑपरेशन अटक गए हैं। इन सर्जरी के लिए जरूरी इंप्लांट(स्टेन, रॉड, प्लेट, स्क्रू व अन्य) कम मिल पा रहे हैं। यहां तक कि डायलिसिस के किट का स्टॉक भी कम ही बचा है। सबसे गंभीर स्थिति उन मरीजों की है जिनका आयुष्मान कार्ड है। इन मरीजों को 10-15 दिन भर्ती रखने के बाद वापस लौटाया जा रहा है। एमवायएच में रोज 2000 मरीजों के ओपीडी है। यह मप्र मेडिकल कॉर्पोरेशन की सप्लाई चेन टूटने के कारण हुआ है। हाल ही में भोपाल में हुई वर्चुअल बैठक में मामला उठा था कि अस्पतालों को जो बजट आवंटित किया गया, वह जरूरत से काफी कम है। एमवायएच ने करीब 80 करोड़ रुपए की मांग की थी, लेकिन पैसा उसके मुकाबले काफी कम मिला है।

### चीफ इंजीनियर के रिटायरमेंट के अगले दिन री-अपॉइंटमेंट पर रोक

**इंदौर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी में सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर की संविदा नियुक्ति पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई में ही पूरी प्रक्रिया को संदिग्ध मानते हुए नियुक्ति पर स्टे दे दिया। उज्जैन रीजन के चीफ इंजीनियर बाबूलाल चौहान 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए थे। तय योजना के अनुसार उन्हें 1 मई से उसी पद पर संविदा नियुक्ति दी जानी थी, लेकिन मामला कोर्ट पहुंचने के बाद प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए। जानकारी के मुताबिक, इतने बड़े पद पर संविदा नियुक्ति के लिए पहले कोई स्पष्ट नियम नहीं थे। हाल ही में कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने नई नीति बनाई और सप्ताहभर में आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

### दुर्घटना के घायलों से केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने की भेंट

**इंदौर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने इंदौर स्थित विभिन्न चिकित्सालयों का दौरा कर धार जिले में विगत दिवस घटित दुःखद दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने उपचाररत घायलों और परिजनों से भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया। राज्य मंत्री श्रीमती ठाकुर ने चिकित्सालयों में उपलब्ध उपचार व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उपस्थित चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी घायलों को सर्वोत्तम एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहने दी जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यक दवाइयाँ, जांच एवं अन्य चिकित्सीय संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।

### मेड इन इंडिया को मिल रही वैश्विक मांग इंदौर बना ई-कॉमर्स निर्यात का नया केंद्र

**इंदौर।** वैश्विक बाजारों में मेड इन इंडिया उत्पादों की बढ़ती मांग के बीच मध्यप्रदेश के एमएसएमई और डी2सी ब्रांड्स अब सीधे अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। इसी दिशा में इंदौर में अमेजन के ई-कॉमर्स निर्यात कार्यक्रम अमेजन ग्लोबल सेलिंग द्वारा एक्सपोर्ट हाट का आयोजन किया गया, जिसने उभरते उद्यमियों और निर्यातकों को वैश्विक व्यापार से जोड़ने का सशक्त मंच प्रदान किया। अमेजन ग्लोबल सेलिंग द्वारा वर्ष 2015 से अब तक 2 लाख से अधिक भारतीय निर्यातकों को 20 बिलियन डॉलर से अधिक के संचयी ई-कॉमर्स निर्यात तक पहुंचने में सहयोग दिया गया है। इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक निर्यातकों ने भागीदारी की, जिनमें भोपाल सहित आसपास के क्षेत्र के निर्यातक शामिल रहे।

### शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं का धरना, प्रशासन पर अनदेखी का आरोप

**इंदौर।** महू में भाटखेड़ी ग्राम पंचायत के अदिति विहार और चिनार वैली कॉलोनियों के बीच शराब दुकान खोले जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। बड़ी संख्या में महिलाओं ने दुकान के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि प्रशासन और ठेकेदारों ने पहले लिखित आश्वासन दिया था कि इस स्थान पर शराब दुकान नहीं खोली जाएगी। इसके बावजूद, नियमों की अनदेखी कर दुकान शुरू कर दी गई है। महिलाओं का कहना है कि वे पिछले एक महीने से मुद्दे पर संघर्ष कर रही हैं और कलेक्टर कार्यालय, आबकारी विभाग और स्थानीय विधायक को आवेदन भी दे चुकी हैं। उनका आरोप है कि रात के अंधेरे में चुपचाप एक कंटेनर रखकर शराब की बिक्री शुरू की गई, जो प्रशासन की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

### जल स्तर बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर पूर्ण प्रयास करना होगा

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरूवार को जिला पंचायत कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति, निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर जन अभियान बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में सांसद शंकर लालवानी, विधायक विधानसभा महू सुश्री उषा ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री रीना सतीश मालवीय, श्रवण सिंह चावड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, समस्त जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नवीन संस्कृत पाठ्यपुस्तक शारदा के पाठ 10 में प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव की पावन कथा

## एनसीईआरटी की कक्षा 9 वीं में 'णमो अरिहंताणं' का पाठ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एनसीईआरटी की कक्षा 9वीं की नवीन संस्कृत पाठ्यपुस्तक शारदा के पाठ 10 में प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव की पावन कथा को सम्मिलित किया गया है। विशेष बात यह है कि इस पाठ का शीर्षक 'णमो अरिहंताणं' रखा गया है ताकि हमारी नई पीढ़ी संस्कृत के साथ-साथ प्राकृत भाषा की प्राचीनता और मिठास से भी परिचित हो सके। यह अध्याय ऋषभदेव के जीवन और जैन धर्म के सिद्धांतों पर आधारित है। इसका हिंदी सार नीचे दिया गया है।

सृष्टि के आरंभ में नाभि नाम के एक प्रतापी और प्रजाप्रिय महाराज थे। उनकी पत्नी का नाम मरुदेवी था। उनके पुत्र ऋषभ सभी गुणों से संपन्न और युद्धनीति एवं राजनीति में निपुण थे। जब समाज में अकाल (दुर्भिक्ष) और आपसी द्वेष जैसी समस्याएँ उत्पन्न हुई, तब महाराज नाभि ने ऋषभ को राज्य सौंप दिया। राजा बनने के बाद ऋषभदेव ने प्रजा को कृषि, भोजन बनाना, वस्त्र निर्माण और पशुपालन जैसे जीवन कौशल सिखाए। उन्होंने लकड़ी, पत्थर और धातुओं से बर्तन, घर और नगर निर्माण का प्रशिक्षण दिया।




**जैन धर्म के सिद्धांत और मंत्र**-कठोर तपस्या के बाद प्रयागराज में अक्षयवट वृक्ष के नीचे उन्हें 'केवलज्ञान' प्राप्त हुआ। उन्हें जैन धर्म का प्रथम तीर्थंकर 'आदिनाथ' कहा जाता है।

प्रमुख सिद्धांतः अहिंसा परमो धर्मः मन, वचन और कर्म से हिंसा न करना। अनेकान्तवादः सत्य के अनेक पक्ष होते हैं। अपरिग्रहः आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना। तीन रत्नः सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र।

### पारिवारिक परिचय

ऋषभदेव के सौ पुत्र थे जिनमें भरत और बाहुबली अत्यंत प्रसिद्ध हुए। उनकी दो पुत्रियाँ-ब्राह्मी और सुन्दरी-गणित और शास्त्रों में निपुण थीं। माना जाता है कि 'ब्राह्मी लिपि' का विकास उनकी पुत्री ब्राह्मी के माध्यम से ही हुआ। वैराग्य और तपस्या-एक बार राजमहल में नृत्य के दौरान एक नर्तकी की अचानक मृत्यु हो गई। इस बाहुबली को तक्षशिला राज्य सौंपा।तपस्या के दौरान वे मौन रहकर ध्यान करने लगे और भोजन-पानी तक भूल गए।

घटना ने ऋषभदेव को गहरे शोक और चिंतन में डाल दिया। उन्होंने महसूस किया कि संसार में कुछ भी स्थायी नहीं है और स्थायी सुख की खोज में उन्होंने राजपाट त्याग कर भिक्षु बनने का निर्णय लिया। उन्होंने अपना राज्य अपने पुत्रों में बाँट दिया-भरत को अयोध्या और गहने और कीमती वस्तुएँ देने लगते। इस कारण उन्हें कई दिनों तक निराहार रहना पड़ा। अंततः हस्तिनापुर में उनके प्रपौत्र (परपोते) श्रेयांस ने उन्हें गन्ने का रस पिलाकर उनका 400 दिनों का उपवास समाप्त कराया। यह दिन अक्षय तृतीया के रूप में प्रसिद्ध हुआ।

णमोकार महामंत्रः
नमो अरिहंताणं ।
नमो सिद्धाणं ।
नमो आयरियाणं ।
नमो उवज्झायाणं ।
नमो लोए सव्व साहूणं ।
एसो पंच नमुक्कारो ।
सव्व पावप्पणासणो ।
मंगलाणं च सव्वेसिं;
पार्म हवइ मंगल ।।

यह प्राकृत भाषा में है और इसमें अरिहंतों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और सभी साधुओं को नमस्कार किया गया है।

**प्राकृत भाषा का महत्व**-अध्याय में बताया गया है कि प्राचीन काल में प्राकृत भाषा जनसंवाद और साहित्य (जैसे गाथासप्तशती) की प्रमुख भाषा थी। संस्कृत यदि नदी है तो प्राकृत उसका सरल प्रवाह है।

**जैन धर्म के अन्य तीर्थंकर**-अध्याय के अंत में जैन धर्म के सभी 24 तीर्थंकरों की सूची दी गई है। इसमें पहले तीर्थंकर ऋषभदेव हैं और अंतिम (24वें) तीर्थंकर भगवान महावीर हैं, जिन्होंने 'पञ्चमहाव्रतों' का प्रचार किया था। शिक्षा और जैन धर्म के गौरवशाली इतिहास का यह अद्भुत संगम, बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करेगा।

शासन प्रभावना के इस पुनीत कार्य के लिए हम सभी हर्षित हैं।

## अप्रैल के आखिरी दिनों में 40 डिग्री पर ठहरा पारा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में अप्रैल में इस बार भीषण गर्मी ने अपने तेज तेवर दिखाए और अधिकतम तापमान 26 अप्रैल को 43 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद तापमान में लगातार गिरावट रही। आखिरी के दो दिनों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा। रात के तापमान में उतार-चढ़ाव रहा। गुरुवार रात तापमान 2 डिग्री लुढ़ककर 23.9 (0) डिग्री सेल्सियस रहा। अभी चार दिनों से गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक राजस्थान से आने वाली गर्म हवाओं का रुख नरम होने से इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्रों में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी से राहत रहेगी।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के पास टनल कार्य के दौरान

## यूडीए की खुदाई में शिवलिंग निकला

### पुजारियों ने किया पूजन, टनल निर्माण के दौरान अन्य प्राचीन अवशेष मिलने के संकेत, खुदाई रोकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के पास शुक्रवार सुबह टनल खुदाई के दौरान एक शिवलिंग मिलने से क्षेत्र में आस्था और उत्सुकता का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही मंदिर के पुजारियों ने विधि-विधान से पूजन किया, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे।

महाकाल मंदिर के सामने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गेट नंबर-4 के पास टनल और वेटिंग हॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे खुदाई के दौरान पोकलेन मशीन ऑपरेटर को मिट्टी के साथ एक शिवलिंग दिखाई दिया।

इसके बाद तुरंत साइट इंजीनियर और मंदिर प्रशासन को सूचना दी गई। घटना के बाद एहतियातन खुदाई का काम रोक दिया गया।



मंदिर के पुजारियों ने मौके पर पहुंचकर शिवलिंग का पूजन-अर्चन किया और फिलहाल उसे उसी स्थान पर सुरक्षित रखवाया गया है। खबर फैलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ मौके पर जुटने लगी और दर्शन का सिलसिला शुरू हो गया।

#### नंदी प्रतिमा सहित अन्य अवशेष मिलने के संकेत

- साइट इंजीनियर सतीश राजपूत के मुताबिक, खुदाई के दौरान शिवलिंग के साथ अन्य प्राचीन अवशेष मिलने के संकेत भी हैं। उन्होंने बताया कि नंदी की प्रतिमा जैसे अवशेष भी हो सकते हैं, जिसकी जांच की जा रही है।
- गौरतलब है कि मई 2020 में भी महाकाल मंदिर विस्तार कार्य के दौरान खुदाई में एक प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले थे। उस समय 25-30 फीट नीचे खुदाई में शिवलिंग, नंदी, गणेश, मां चामुंडा और अन्य मूर्तियां मिली थीं। पुरातत्व विशेषज्ञों ने इन्हें करीब एक हजार वर्ष पुराना, परमारकालीन बताया था।

## नाबालिग को घुमाने के बहाने होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म

### मोबाइल से खुला राज आरोपी फरार, धमकाकर संपर्क में रखता रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पहले उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और होटल में वारदात को अंजाम दिया। दो महीने बाद मोबाइल मिलने पर पूरा मामला उजागर हुआ, जिसके बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, इलाके में रहने वाली एक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ बुधवार को थाने पहुंची और रोशन यादव नाम के युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसकी दूसरी शादी हो चुकी है और पीड़िता उसकी पहली शादी से है।

घटना फरवरी की बताई जा रही है, जब महिला का पति काम के सिलसिले में खुड़ैल क्षेत्र गया था और रात में वहीं रुक गया। इसी दौरान नाबालिग घर से लापता हो गई। परिजनों ने तलाश शुरू की तो जानकारी मिली कि वह उज्जैन में है। इसके बाद परिजन नानाखेड़ा पहुंचे, जहां लड़की आरोपी रोशन के साथ मिली। उस समय समझाइश देकर आरोपी को छोड़ दिया गया और लड़की को वापस घर ले आए।

मामला उस वक्त खुला जब दो दिन पहले नाबालिग के पास से एक मोबाइल फोन मिला, जिसे उसने घर में छिपाकर रखा था। पूछताछ में उसने बताया कि यह मोबाइल आरोपी ने दिया था और वह उसे लगातार बात करने के लिए दबाव बना रहा था। साथ ही बदनाम करने की धमकी भी दे रहा था। नाबालिग ने परिजनों को बताया कि फरवरी में आरोपी उसे रात में उज्जैन रोड स्थित एक होटल में ले गया था, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए। इसके बाद से वह लगातार डराकर अपने संपर्क में बनाए रखने की कोशिश कर रहा था।

## पीथमपुर में 60 से अधिक वाहन चालकों पर एक्शन

**पीथमपुर।** पीथमपुर अनुभाग में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 60 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए सघन वाहन चेकिंग अभियान के तहत की गई। पुलिस ने विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरती। यह अभियान पूरे प्रदेश में चल रहे हेलमेट जागरूकता अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक ने इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए अनुभाग के प्रत्येक थाने को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित चेकिंग पॉइंट लगाने के निर्देश दिए हैं।

## सोनम की जमानत रद्द कराने हाईकोर्ट जाएगी शिलॉन्ग पुलिस

### एसपी बोले-हम जरूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन कर रहे, राज की जमानत याचिका खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चर्चित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम को मिली जमानत के बाद अब इस कानूनी लड़ाई में नया मोड़ आ गया है। शिलॉन्ग पुलिस सोनम की जमानत को चुनौती देने के लिए मेघालय हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है।

पुलिस का मानना है कि सोनम इस हत्याकांड की मास्टरमाइंड है और उसकी रिहाई से केस के गवाहों को प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। जमानत मिलने से वह गवाहों को प्रभावित कर सकती है। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को राज कुशवाहा की जमानत याचिका को शिलॉन्ग कोर्ट ने खारिज कर दिया है। शिलॉन्ग एसपी विवेक सियेम ने कहा कि हम जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं और कानून के मुताबिक इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। कोर्ट ने अपने अधिकारों का उपयोग किया है। हमारी जांच नियमों के अनुसार आगे बढ़ेगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस उन बिंदुओं को ही आधार बनाएगी, जिन बिंदुओं पर शिलॉन्ग की सत्र न्यायालय ने सोनम को जमानत दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिलॉन्ग पुलिस अब इस मामले से जुड़े साक्ष्यों और तथ्यों को और मजबूती से प्रस्तुत करने की रणनीति बना रही है, ताकि हाईकोर्ट में जमानत आदेश को चुनौती दी जा सके।

## थाने में जा घुसी तेज रफ्तार कार

### बस स्टॉप को तहस-नहस किया, पास ही सो रहा व्यक्ति बाल-बाल बचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के पलासिया चौराहे पर एक तेज रफ्तार हुंडई वरना कार ने जमकर तांडव मचाया। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार सबसे पहले स्मार्ट सिटी के बस स्टॉप से जा टकराई और उसे पूरी तरह तहस-नहस करते हुए सीधे पलासिया थाने के भीतर जा घुसी। इस टक्कर में बस स्टॉप मलबे में तब्दील हो गया। घटना गुरुवार देर रात की है।

जिस वक्त यह टक्कर हुई, उस समय बस स्टॉप के पास में ही एक व्यक्ति सो रहा था, वह चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और पुलिस थाने में भी हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में चार युवक सवार थे। जैसे ही कार थाने के पास रुकते ही क्षतिग्रस्त हुई, चारों युवक फौरन गाड़ी से बाहर निकले और गाड़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने जब गाड़ी के दस्तावेजों की जांच की, तो पता चला कि यह कार रतलाम के पिपलौदा निवासी महेश सुथार के नाम पर रजिस्टर्ड है। पलासिया थाना पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चारों युवकों की तलाश की जा रही है।



#### साकेत की तरफ से आई थी कार

- पलासिया टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि लगभग रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच साकेत की तरफ से एक सफेद रंग की वरना तेज गति से आई थी। कार स्मार्ट सिटी का फुटपाथ और रेलिंग को डैमेज करते हुए थाने की बाउंड्रीवॉल तोड़ते हुए अंदर आ गई।
- गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हुई है। पता चला है कि कार में सवार 4 लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई है। हम सीसीटीवी फुटेज और वाहन सवारों की डिटेल्स निकाल रहे हैं। गाड़ी के मालिक से भी संपर्क हुआ है।

#### इधर, जूनी इंदौर में भी हादसे की सूचना

- जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची पर लोगों ने कायमी से इनकार कर दिया। टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक कार से टक्कर हुई है। कार त्रिवेणी कॉलोनी निवासी सौम्या जतिन राजपाल चला रही थी।
- कॉलेज छात्रा सौम्या टावर चौराहा से अग्रसेन चौराहा की तरफ जा रही थी। जैसे ही अग्रवाल स्वीट्स के पास पहुंची सौम्या घबरा गई और दोपहिया वाहनों को टक्कर मारते हुए अनिल हार्डवेयर की दुकान में जा घुसी। संयोग से उस वक्त दुकान बंद हो चुकी थी। टक्कर से स्कूटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।



## न्यूज कालम



### उदयगढ़ टप्पा में नवीन नायब तहसीलदार भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**आलीराजपुर।** उदयगढ़ टप्पा, तहसील एवं अनुविभाग जोबट में नव निर्मित नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी भवन का कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन में बने विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।कलेक्टर श्रीमती माथुर ने भवन परिसर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिसर में छायादार वृक्ष लगाने तथा आगंतुकों की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था हेतु बेंच लगाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा जोबट अनुविभागीय कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री वीरेंद्र बघेल, तहसीलदार श्री सुनील राणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लूट के तीनों आरोपियों को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

**मंडलेश्वर।** लूट के तीनों आरोपियों को 5 वर्ष का सश्रम कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। लोक अभियोजक प्रकाश सोलंकी ने बताया 16 अक्टूबर 2018 को इंदौर निवासी फरियादी अंकित पिता भंवरलाल ब्राह्मनिया कसरावद से मंडलेश्वर होते हुए महेश्वर की ओर अपनी बाइक से जा रहे थे। फरियादी के पास बैग में रखी नकदी 43950 रुपए, टैबलेट और प्रिंटर, जिसकी कीमत 49940 रुपए थी। जिसको आरोपियों ने कसरावद से मंडलेश्वर के बीच माकड़खेड़ा फाटा पर बाइक रोक कर लूट लिया था। जिसकी रिपोर्ट थाना कसरावद में की गई थी। फरियादी ने आरोपीगण को जेल में शिनाखती की कार्यवाही के दौरान फरियादी अंकित ने जेल में पहचाना था। जिस आधार पर सेंधवा निवासी आरोपीगण उस्मान पिता शब्बीर मंसुरी, आदिल पिता सलीम कुरैशी और खरगोन निवासी सलमान पिता सलीम खान के विरूद्ध विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। जिस पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राजकुमार चौहान ने साक्ष्यो के आधार पर सभी आरोपियो को दोषी पाते 5 वर्ष का सश्रम कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदण्डू से दण्डित किया।

### वैशाख पूर्णिमा पर बुद्ध जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया



**नेपानगर।** नेपानगर में 1 मई वैशाख पूर्णिमा पर बुद्ध जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नेपानगर के संयुक्त तत्वाधान में वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध जयंती का कार्यक्रम बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। सुबह से ही विहार में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक नेपानगर के अध्यक्ष सहित समस्त प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकताओं, समाजजन द्वारा बुद्ध पूजा एवं परित्राण पाठ कर धम्म देशना के बाद भोजनदान कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्धजन जनप्रतिनिधि समाजजन ने उपस्थित होकर महाप्रसादी भोजनदान का लाभ उठाया इस दौरान श्रद्धा बुद्ध विहार समिति नेपानगर के अध्यक्ष हरीश शिंदे जिला अध्यक्ष रविन्द्र मसाने, कोषाध्यक्ष भीमराव वानखेडे, सदस्य खेमचंद ठाकरे, रविंद्र गाढ़े, सुनील शिंदे, दिनेश महाजन भीमा आई महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम बाई इंगले, कमल बाई वानखेड़े, आशा वानखेड़े, सुनंदा ठाकरे, ज्योत्सना शंखपाल, पुष्पा बाई नायके, इंदुबाई मसाने, कविता बाई तायडे, लीला बाई ढीवरे, लीलाबाई बाविस्कार, मनीषा मोरे, मीरा तायडे, बेबी बाई मेढे, वंदना इंगले, निर्मला अड़कमोल, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### मेघावी विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान




**खरगोन।** जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में जिले और प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानूड़े ने बताया कि जिले के दो विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में अरशद इकबाल अंसारी ने प्रदेश में ९वां और जैनी पंकज जैन ने 10वां स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर भव्या मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर कठिन अभ्यास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता हासिल होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन भी दिया। समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस सप्ताह 2 से 8 मई तक मनाया जाएगा

**रतलाम।** अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिले में 2 मई से 8 मई तक रेडक्रॉस सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड इन ह्यूमैनिटी अर्थात मानवता मे एकजुटता मानवता के लिए संगठित रहने पर आधारित है।

## विधायक मेव ने 5-5 लाख की लगत से बनने वाले टीन शेड और सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



धर्म और समाज सेवा के संकल्प के साथ शुक्रवार को स्थानीय गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में टीन शेड और बसोड़ समाज समाज के लिए सामुदायिक भवनों का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने 5-5 लाख की लगत से बनने वाले मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु टीन शेड और बसोड़ समाज के लिए नवनिर्मित होने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। लंबे समय से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा धूप और बारिश से बचाव के लिए टीन शेड की मांग की जा रही थी। इसके साथ ही, बसोड़ समाज के लिए एक सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ताकि सामाजिक और मांगलिक कार्यक्रम सुगमता से संपन्न हो सकें।

दोनों स्थानों पर अलग-अलग भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित कर पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना सम्पन्न कराई गई। विधायक मेव व अन्य अतिथियों ने शिला पट्टिका का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में कहा धार्मिक स्थल हमारी आस्था के केंद्र हैं। मंदिर परिसर में टीन शेड लगने से अब त्योहारों के समय उमड़ने वाली भीड़ को मौसम की मार नहीं झेलनी पड़ेगी। वहीं बसोड़ समाज की धर्मशाला के भूमिपूजन के दौरान कहा प्रत्येक समाज का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। बसोड़ समाज के लिए यह भवन एकता और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। सामुदायिक भवन के निर्माण से बसोड़ समाज के पास जल्द ही अपना एक निजी स्थान होगा। जहाँ वे सामाजिक गतिविधियाँ संचालित कर सकेंगे।

इस अवसर पर विनय चैतन्यपुरी जी महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचंद्र मोयदे,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ अखिलेश बर्वे, समाजसेवी एवं पार्षद नितिन पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि ब्रह्मदत्त चौहान, मंडल महामंत्री एवं एल्डएमेन अनिरुद्ध हलवे, एल्डरमैन मंजुला मेवाडे, गणेश पाटीदार, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरि गाडगे,युवा नेता विक्की पाटीदार , दीपक तोमर, संदीप हिरवे, सुरेश व्यास,परीश चौहान, सहित नगर के गणमान्य नागरिक, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कलेक्टर द्वारा गेहूं, चना उपार्जन केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जोबट स्थित कंदा में गेहूं उपार्जन केंद्र, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित और उदयगढ़ में ई-उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उपार्जन केंद्र पर गेहूं और चने की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा खरीदी प्रभारी से इस संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों के पंजीयन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्लॉट बुकिंग, तोल कांटा,बारदानों के स्टॉक का निरीक्षण किया गया, जो पर्याप्त मात्रा में पाया गया साथ ही किसानों के लिए पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था तथा उपार्जन केंद्र पर आवश्यक रूप से शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार सभी संसाधन के साथ छाया और किसानों को गर्मी से बचाने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने नागरिक आपूर्ति निगम के सर्वेयर से एपीको के नियमों की जानकारी ली। साथ ही पैक्स सदस्यता अभियान की भी जानकारी दी तथा किसानों को उपार्जन केंद्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल, तहसीलदार श्री सुनील राणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जगतगुरु आदि शंकराचार्य की जन्म जयंती के अवसर पर
## राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत व्याख्यानमाला का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्ट्रेट सभागृह ऑडिटोरियम, आलीराजपुर में जगतगुरु आदि शंकराचार्य की जन्म जयंती के अवसर पर एक भव्य एवं राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन हुआ।

आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, विद्यार्थी, जन अभियान परिषद के पदाधिकारी, नवांकुर एवं प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता गुप्ता, टास्क मैनेजर, इंदौर-उज्जैन संभाग प्रभारी, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद भोपाल रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तथा पत्तन, पोत परिवहन एवं जल मार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य श्री रामगोपाल वर्मा उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में संभागीय कार्यालय इंदौर से जिला समन्वयक श्री सचिन सिंपी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता गुप्ता ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक चेतना के वैश्विक प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य ने अल्पायु में ही संपूर्ण भारत को आध्यात्मिक सूत्र में बांधते हुए भारतीय दर्शन को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की पावन धरा स्थित ओंकारेश्वर का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जहां आदि शंकराचार्य जी ने च्नर्मदा अष्टकज्ज जैसी अमर रचना की। डॉ. गुप्ता ने वर्तमान समय में जल संरक्षण को राष्ट्रीय आवश्यकता बताते हुए युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता श्री रामगोपाल वर्मा ने कहा कि जगतगुरु आदि शंकराचार्य का जीवन भारतीय ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्र एकता का अनुपम उदाहरण है।

## शासकीय अस्पताल में 30 बिस्तरों वाले दो वार्डों तथा ग्राउंड फ्लोर तक रैंप निर्माण कार्य का भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



मंगलवार को विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि 30 बिस्तरों वाले अतिरिक्त वार्डों के निर्माण से शासकीय अस्पताल की क्षमता 70 बिस्तर की हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से अस्पताल की क्षमता 100 बिस्तरों तक करने की मांग की गई है।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शासकीय अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ.एएस चौहान एवं डॉ.विजय कोरी ने कहा कि अस्पताल को अतिरिक्त वार्डों एवं रैंप निर्माण की लंबे समय से आवश्यकता थी।इन सुविधाओं के जुड़ने से रोगियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

विधायक की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑडिट आपत्ति के अनुसार अस्पताल की दुकानों के किराएदारों से मुद्रांक शुल्क की वसूली,अस्पताल में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 100 एचपी के ट्रांसफार्मर की स्थापना,अस्पताल में नवीन ड्रेनेज लाइन,डॉक्टरों एवं स्टाफ के लिए क्वार्टर निर्माण और ओपीडी शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये किए जाने पर चर्चा की गई। विधायक ने सीएमओ को अस्पताल में ड्रेनेज लाइन डालने के निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल में 100 एचपी के ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी। बैठक में पुराना अस्पताल भवन तोड़कर डॉक्टरों के और स्टाफ के लिए आवासीय क्वार्टर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजने एवं ओपीडी शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कैंटीन,वाहन शेड निर्माण एवं वाटर प्यूरीफायर लगाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण पटेल,अनिता बंसल, इंदरलाल लोनकर,मानसिंह राठौर, अनिल अजमेरा, उपस्थित थे।

## दिव्यांगजन खिलाड़ियों को सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने वितरित की खेल सामग्री



**बड़वानी।** सांसद सेवा केंद्र, बड़वानी पर लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने दिव्यांगजन खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव के दौरान खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान करने का जो वचन दिया गया था, उसे आज पूर्ण किया गया। इस पहल का उद्देश्य खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उनके खेल कौशल को और निखारना तथा उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर रूप से तैयार करना है। इस अवसर पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि दिव्यांगजन खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा के सशक्त प्रतीक हैं। उनका अदम्य साहस, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता यह सिद्ध करती है कि दृढ़ संकल्प के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन एवं समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सांसद श्री पटेल ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वे जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में कोच मनोज पटेल सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## बुरहानपुर मजदूर यूनियन का ऐतिहासिक प्रदर्शन
## बहादरपुर सूत मिल के गेट पर निकली 'मजदूर की उम्मीदों की अर्थी'

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बुरहानपुर मजदूर यूनियन के बैनर तले, यूनियन के अध्यक्ष प्रियांक सिंह के नेतृत्व में बहादरपुर सूत मिल के मुख्य गेट पर मजदूरों की 'उम्मीदों की अर्थी' निकाली गई।

बहादरपुर सूत मिल वर्ष 1998-99 में बंद कर दी गई थी। तब से लेकर आज 28 वर्षों बाद भी यहाँ के सैकड़ों मजदूरों को उनकी पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य फंड की बकाया राशि नहीं मिली है। प्रदर्शन के दौरान अध्यक्ष प्रियांक सिंह ने कहा, "यह अर्थी केवल एक प्रतीक नहीं है, बल्कि उन दर्जनों मजदूरों की आत्माओं की पुकार है जो अपना हक मांगे बिना ही गरीबी और बीमारी के कारण दुनिया से चले गए। शासन-प्रशासन की फाइलों में दबकर मजदूरों का भविष्य दम तोड़ चुका है।" प्रेस को संबोधित करते हुए प्रियांक सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सवाल किया कि जब इंदौर की हुकुमचंद मिल के मजदूरों को 224 करोड़ रुपये का भुगतान 'इंदौर मॉडल' के तहत किया जा सकता है, तो बुरहानपुर के साथ यह सौतेला व्यवहार क्यों? उन्होंने मांग की कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तुरंत दखल दे और मिल की जमीन का निस्तारण कर मजदूरों के बकाया 56 करोड़ रुपये ब्याज सहित का भुगतान करे। विनोद लौंढे ने कहा कि प्रशासन मजदूरों के अधिकारों को कुचल रहा है। आज का यह 'अर्थी प्रदर्शन' प्रशासन की संवेदनहीनता के विरुद्ध एक बिगुल है।

प्रदर्शन के अंत में यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर बहादरपुर सूत मिल के मजदूरों के बकाये को लेकर कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ, तो बुरहानपुर मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता मजदूरों के साथ मिलकर राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। इस अवसर पर यूनियन के प्रमुख पदाधिकारी और भारी संख्या में पीड़ित मजदूर उपस्थित रहे, जिन्होंने 'मजदूर एकता जिंदाबाद' और 'हमारा हक हमें दो' के नारे लगाकर मिल परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर मुकेश अरुण, श्रीराम मेढे, आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत डोर-टू-डोर फीडबैक अभियान प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर में व्यापक स्तर पर डोर-टू-डोर स्वच्छता फीडबैक अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर पालिका की आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) टीम द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों से स्वच्छता संबंधी फीडबैक लिया जा रहा है।

टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों एवं मोहल्लों में पहुंचकर रहवासियों से सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, नाली सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति तथा अन्य स्वच्छता सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें कचरा पृथक्करण, नियमित सफाई एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नगर पालिका परिषद बड़वानी के अधिकारियों ने बताया कि इस फीडबैक अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की वास्तविक समस्याओं एवं सुझावों को जानकर स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

प्राप्त फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिससे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वास्थ्यप्रद बनाया जा सके। नगर पालिका ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अपनी प्रतिक्रिया देकर स्वच्छ बड़वानी के निर्माण में सहयोग प्रदान करें।

## उज्जैन चक्रतीर्थ में अघोरी बाबा का अष्टधूनी तप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान में दो अघोरी बाबा इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। जहां 41 डिग्री तापमान में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है, वहीं अघोरी बाबा शरीर पर चिता की राख लगाकर जलते कंडों की धूनी रमाकर दोपहर 12 से 3 बजे तक तंत्र साधना कर रहे हैं।

इस तपती गर्मी में एक अघोरी पूरे समय खड़े रहते हैं, जबकि दूसरे धूनी के पास बैठकर मंत्र जाप करते नजर आते हैं। इन्हें देखने के लिए अब लोगों की भीड़ जुटने लगी है।

खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णुनाथ महाराज और सोमेश्वर नाथ महाराज श्मशान में कठिन तप कर रहे हैं। अघोर अखाड़ा और सेनापति काल भैरव गो सेवा संगठन के तत्वावधान में शिप्रा नदी के समीप चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर अघोरी बाबा की दुर्लभ और कठोर अष्टधूनी तपस्या ४१ डिग्री से अधिक तापमान में जारी है। 29 अप्रैल से शुरू हुई यह साधना 21 दिन तक चलेगी, जिसका समापन 19 मई को होगा। योगी विष्णुनाथ महाराज ने बताया कि वे रोजाना 21 कंडे जलाकर आठ धूनी लगाते हैं और मृत आत्माओं की शांति व विश्व कल्याण के लिए हर वर्ष इस तरह का तप करते हैं।तपोस्थली पर चल रहे इस अनूठे आयोजन को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच हो रही इस कठोर साधना में देश-विदेश से साधु-संत, महंत उपस्थित थे।

## श्रीमंत बाजीराव पेशवा की 286 वीं पुण्यतिथि पर स्मरण समारोह का आयोजन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/बेड़ियां

नर्मदा तट पर ग्राम रावेरखेड़ी स्थित बाजीराव पेशवा समाधि स्थल पर श्रीमंत बाजीराव पेशवे (प्रथम) स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा स्मरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगदीश मोरान्या एवं मुख्य वक्ता पद्मश्री मुकेश नागर थे। अध्यक्षता अभा महिला मराठा महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वाति युवराज काशिद ने की।

मुख्य वक्ता नागर ने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना, सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की रक्षा में बाजीराव पेशवा के अद्वितीय योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।बाजीराव पेशवा एक कुशल रणनीतिकार और दूरदृष्टा थे। बाजीराव ने अपने जीवनकाल में 40 से अधिक युद्ध में लड़े और सभी युद्धों में विजय पाई और अटक से कटक तक मराठा साम्राज्य की स्थापना की।बाजीराव पेशवा का शौर्य,पराक्रम और बलिदान आज भी भारत के युवाओं को प्रेरणा प्रदान करता है। प्रतिष्ठान के संरक्षक श्रीपाद अवधूत स्वामी ने बाजीराव पेशवा समाधि स्थल के जीर्णोद्धार को लेकर शासन की योजनाओं के बारे में बताया।

समारोह में अफ्रीका से आए एनआरआई संतोष तिवारी ने समाधि स्थल की दुर्दशा पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिस बाजीराव पेशवा ने मुगल साम्राज्य को धूल चटाकर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की ऐसे अजेय योद्धा के बारे में स्कूली पुस्तकों में पाठ्यक्रम तक नहीं है। हम हर साल पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर आते हैं परंतु कितनी बड़ी विडंबना है कि महान बाजीराव पेशवा की समाधि स्थल पर रात्रि में प्रकाश के लिए एक बल्ब तक नहीं लगा है और समाधि स्थल अंधेरे में डूबा रहता है। बड़े दुःख का विषय है कि पुरातत्व विभाग समाधि स्थल की समुचित देखभाल नहीं कर रहा है। हर साल मात्र घोषणाएं ही होती हैं। लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता। यदि सरकार हमें अनुमति दे हम समाधि स्थल के लिए धन एकत्रित कर इसका जीर्णोद्धार करेंगे।

विधायक सचिन बिरला ने बाजीराव पेशवा की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि श्रीमंत बाजीराव पेशवा जी की समाधि स्थल पर दो हाई मास्ट लैंप लगाए जाएंगे और प्याऊ का निर्माण किया जाएगा। समारोह में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से बाजीराव पेशवा के अनुयायी समाधि पर पहुंचे। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष लक्ष्मण इंगले सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजेश भगवते ने किया और आभार बजरंग दल के जिला महामंत्री नितिन करडक ने माना।

## न्यूज -कॉलम

### उधार देने से मना किया तो दुकान में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम छावनी में रहने वाला नवीन पिता सतीश लोधी किराना दुकान चलाता है। शुक्रवार दोपहर उसकी दुकान पर अंकित, विजय, नितिन और हरपाल पहुंचे। उन्होने किराना सामान उधार मांगा। दुकानदार नवीन ने सामान उधारी में देने से मना किया तो चारों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। नवीन के विरोध करने पर चारों ने दुकान में रखा फ्रीज, काउंटर और गल्ला तोड़कर नुकसान किया, यहीं नहीं चारों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तराना थाना पुलिस ने मामले में नवीन की शिकायत चारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 115 (2), 351 (3), 324 (2) 3 (5) में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। चारों ग्राम छावनी के रहने वाले बताये जा रहे है।

### बदमाशों ने चालक को चाकू मार रिक्शा में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** मक्सीरोड विश्वकर्मा कालोनी में गुरूवार-शुक्रवार रात 3 बदमाशों लोकेश, मोनू और कान्हा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रिक्शा चालक जितेन्द्र पिता रमेशचंद्र मालवीय को उसके घर के बाहर ही रोक लिया और बहन के संबंध में बात करने को लेकर विवाद करते हुए चाकू से हमला किया। बदमाशों ने घर के बाहर खडी रिक्शा में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पंवासा थाना पुलिस ने चाकू लगने पर घायल हुए जितेन्द्र की शिकायत पर तीन नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की पांच दिन बाद मौत

**उज्जैन।** कायथा-मक्सी रोड कालीतलाई पर 26 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटनाा में केसर पिता भवंरसिंह 65 साल निवासी गोपाली तराना गंभीर घायल हो गया था। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर को केसरसिंह की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने निजी अस्पताल से मिली सूचना पर मर्ग कायम किया और मृतक का पोस्टमार्टम कराया। माधवनगर थाना पुलिस मर्ग डायरी कायथा थाना पुलिस को जांच के लिये भेजेगी।

### पत्नी से कर रहा था विवाद, बेटी ने ईंट से फोड़ा सिर

**उज्जैन।** नानाखेड़ा क्षेत्र में रहने वाला गोकुल पिता कालू 50 साल ड्रायवरी करता है। रात में वह शराब पीकर घर लौटा था और पत्नी से विवाद करने लगा। दोनों को झगड़ा करते देख बेटी राखी ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोकुल ने बेटी के साथ भी मारपीट का प्रयास किया। गुस्से में बेटी ने ईंट से सिर पर वार कर दिया। सिर फूटने पर गोकुल घायल हो गया। उसे उपचार के लिये पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची। एक अन्य घटना में इंगोरिया के ग्राम राजोटा में रहने वाले रंजीत पिता दशरथ चंद्रवंशी के साथ उसकी पत्नी सावित्री और बेटे अभिषेक ने डंडे से मारपीट की। रंजीत घायल हो गया, उसे परिवार के अन्य सदस्यों ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। घायल रंजीत के अनुसार वह टेंट हाऊस पर काम करता है। रात में घर लौटकर पत्नी से खाना मांगा तो उसने पुत्र के साथ मिलकर मारपीट की। इंगोरिया पुलिस के अनुसार मामले में घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

### सोलर प्लेट तोड़ने के विवाद में काका-भतीजे से मारपीट

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम गावडी में सुनील पिता बनेसिंह गुर्जर और उसके काका मेहरबानसिंह पिता भगवानसिंह गुर्जर के साथ गांव के रहने वाले विक्रम, नारायण, बाबू और बनेसिंह ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। सुनील के अनुसार उसके खेत से नर्मदा की पाइप लाइन गुजरी है। उन्होंने सौर ऊर्जा के लिये सोलर प्लेट लगा रखी है। मारपीट करने वाले पड़ोसियों ने सोलर प्लेट तोड़ दी थी। जिसका विरोध करने पर उन्होने मारपीट की। पड़ोसियों का कहना है कि सोलर प्लेट से उन्हे भी बिजली दी जाये। ताकि वह अपने खेत में नर्मदा की पाइप लाइन से मोटर चालू कर पानी ले सके। फिलहाल पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू की है।


### कुत्ते को मारने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम रामसरा रहने वाले अजयसिंह पिता मदनसिंह राजपूत और लोकेन्द्र पिता नारायणसिंह राजपूत के बीच घर के सामने कुत्ते को मारने की बात पर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि मामला दोनों परिवार के बीच मारपीट में बदल गया। एक पक्ष से लोकेन्द्र, और गजराजसिंह घायल हो गया। दूसरी ओर से अजयसिंह, सुरेन्द्रसिंह और जुनैद घायल हुए है। मामले में राघवी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 180/9 | 250/7 |
| मेन बाजार | 260/8 | 170/8 |
| कल्याण नाइट | 138/8 | 357/5 |
| मिलन डे | 117-9 | 900-9 |
| मिलन नाइट | 599/3 | 345/2 |
| मधुर डे | 250/7 | 169/6 |
| मधुर नाइट | 339/5 | 369/8 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

## 20 किसानों से धोखाधड़ी करने वाला रिमांड पर

# किराये पर ट्रेक्टर लेकर रख देता था गिरवी








दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

किसानों से किराये पर ट्रेक्टर लेकर गिरवी रख धोखाधड़ी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर 20 ट्रेक्टर बरामद किये गये है। बदमाश से रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि कुछ ओर ट्रेक्टरों का सुराग मिल सकता है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि रतलाम जिले के ग्राम मथुरी में रहने वाले किसान कन्हैयालाल पिता रणछोड लाल पाटीदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम माधौपुरा में रहने वाले रफीक पिता गनी मोहम्मद ने उसका ट्रेक्टर किराये पर लिया था। ना तो वह किराया दे रहा है, ना ही ट्रेक्टर वापस लौटा रहा है। रफीक ग्राम के 2-3 अन्य किसानों के ट्रेक्टर भी किराये पर ले गया था, उन्हे भी किराया नहीं दिया है। मामला धोखाधड़ी का होने पर रफीक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और तलाश शुरू की गई। रफीक का पता लगाने के लिये उसके मोबाइल की लोकेशन सायबर टीम की मदद से ट्रेस कराई गई। जानकारी सामने आते ही गिरफ्तारी के लिये टीम बनाई और रफीक को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान सामने आया कि वह काफी शातिर है, उसने रतलाम के किसान ही नहीं धार, झाबुआ, इंदौर के आसपास रहने वाले किसानों के ट्रेक्टर पर किराये पर लिये थे। जिन्हे अलग-अलग जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में गिरवी रख दिये है। थाना प्रभारी के अनुसार करीब 20 ट्रेक्टरों की जानकारी सामने आने पर आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। उसकी निशानदेही पर शुक्रवार तक 20 ट्रेक्टर बरामद कर लिये गये। जिनकी कीमत 1 करोड़ 80 लाख रुपए होना पाई गई है। फिलहाल पूछताछ जारी है, कुछ ओर ट्रेक्टरों की जानकारी सामने आ सकती है।

### प्रतिमाह 11 से 15 हजार बताता था किराया

बताया जा रहा है कि मामला सामने आने पर पता चला कि आरोपी रफीक भोले-भाले किसानों को टारगेट करता था। उन्हे प्रतिमाह 11 से 15 हजार रुपए किराये देने का झांसा देकर ट्रेक्टर मंगवा लेता था। किसान द्वारा ट्रेक्टर सौंपते ही वह 2-3 दिन में आसपास जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रेक्टर एक से डेढ़ लाख में गिरवी रख आता था और उसी रूपयों में से एक माह का किराया भी देता था। दूसरे माह से अपना मोबाइल बंद कर देता था और ठिकाना बदल लेता था। गिरवी रखकर प्राप्त किये गये रूपयों से अपने शौक पूरे करता था। उसने कुछ ट्रेक्टर उसने बेच भी दिये थे।

### दो सालों से धोखाधड़ी में शामिल रफीक

थाना प्रभारी चौधरी के अनुसार आरोपी 2 सालों से किसानों के ट्रेक्टर किराये पर लेकर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। उसने कई किसानों से ट्रेक्टर किराये पर लिये थे। आरोपी रफीक का बेटा चश्मे की दुकान लगाता है और 2 बीघा जमीन पर खेती करता है, लेकिन उसका पिता किसानों के साथ धोखाधड़ी कर माधौपुरा से लापता रहता था। उससे बरामद ट्रेक्टर अलग-अलग कंपनी के होना सामने आये है जो एमपी पासिंग है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर रतलाम पुलिस भाटपचलाना पहुंची है। झाबुआ, धार पुलिस भी आरोपी से पूछताछ के लिये भाटचलाना आ सकती है।

### किसानों ने किया पुलिस टीम का सम्मान

किसानों के ट्रेक्टर किराये पर लेकर ठिकाने लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बेछोटे के मार्गदर्शन में भाटपचलाना थाना प्रभारी सहित 12 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई थी। मामले का खुलासा होने और 1.80 लाख के 20 ट्रेक्टर बरामद करने पर किसानों ने पूरे थाना स्टॉफ का फूल मामला पहनाकर सम्मान किया।

## वार्ड क्र. 40 की पार्षद के मकान में लाखों की चोरी

### बदमाशों के कार से आने की संभावना, पुलिस खंगाल रही कैमरे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मक्सीरोड वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद के मकान में शुक्रवार देर शाम लाखों की चोरी होना सामने आया। जानकारी मिलने पर पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची, पता चला कि दिन में मकान के सामने कार खड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश कार से आये थे। आसपास कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम माधोपुरा में पार्षद जानीबाई पति सत्यनारायण राठौर वर्तमान में निवास कर रही है। उनका मकान मेनरोड है, जिसका निर्माण कार्य चलने पर उन्होने माधोपुरा में मकान लिया है। शुक्रवार को पिता की तबीयत खराब होने पर बॉम्बे अस्पताल गई थी। वहीं परिवार के अन्य सदस्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिये इंदौर चले गये थे। देर शाम परिवार वापस लौटा तो मकान



का ताला टूटा हुआ था। सोने-चांदी के आभूषणों और 50 हजार से अधिक चोरी होने की खबर पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई को मिली तो टीम के साथ जांच के लिये माधोपुरा पहुंचे। इस दौरान पता चला कि चोरी की वारदात दिनदहाड़े हुई है। दोपहर डेढ़ से 2 बजे के लगभग एक कार मकान के सामने खड़ी देखी गई है। आंशका जताई गई बदमाश संभवतः कार से आये है। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल वारदात स्थल के आसपास कैमरे नहीं लगे है। माधोपुरा में आने और जाने वाले मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया जा रहा है।

### चिमनगंज क्षेत्र में 2 दुकानों में वारदात

चिमनगंज थाना क्षेत्र की कृषि उपज मंडी में बुधवार-गुरूवार रात 2 दुकानों में चोरी की वारदात होना सामने आया है। जांच के बाद शुक्रवार को पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि मंडी परिसर से लगी एक दुकान नमकीन की है, दूसरी दुकान अनाज की है। बदमाश अनाज दुकान से कैमरों का डीवीआर ले गया है। नमकीन दुकान से 10 सौ रुपए नगद और नमकीन चोरी हुआ है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार मंडी परिसर और मार्ग पर लगे कैमरों से बदमाशों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है।

## कुख्यात बदमाश रोशन ने पहली पत्नी पर तानी पिस्टल

### गुर्जर सरनेम हटाने और शहर छोड़ने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुर्जर गैंग के कुख्यात बदमाश रोशन ने रात के समय पहली पत्नी के घर में घुसकर पिस्टल तानी और गुर्जर सरनेम हटाने के साथ शहर छोड़ने की धमकी दी। पुलिस ने पहली पत्नी की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा 331 (6), 351 (3) में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि दिनेश पेट्रोल पम्प दो तालाब के पास रहने वाले निकिता पति रोशन गुर्जर ने गुरूवार को शिकायत दर्ज कराई कि वह अंकुर स्कूल में शिक्षिका है। उसका एक 6 वर्षीय पुत्र वंश है। 3 जनवरी 2018 को रोशन गुर्जर से विवाह किया था। सालभर बाद पति रोशन गुर्जर अपराधिक मामले में जेल चला गया था, उस वक्त वह गर्भवती थी। वह रोशन के माता-पिता के साथ ढांचा भवन सांदीपनी नगर में रहती थी। कुछ महिनों बाद रोशन जेल से छूटकर आया तो उसने हीरामिल की चाल में रहने वाली दीपिका से दूसरा प्रेम विवाह कर लिया और उसे घर से निकाल दिया। लेकिन रोशन ने उससे तलाक नहीं लिया है। वह रोशन से अलग होकर दो तालाब के पास रह रही है। बुधवार-गुरूवार रात रोशन आया और दरवाजा खटखटाकर अंदर घुस गया। उसने पिस्टल तानी और कहा कि बेटे वंश के नाम से गुर्जर सरनेम हटा ले, यहीं उसने धमकाया कि अगर शहर छोड़कर नहीं गई तो बेटे को गोली मार दूंगा। धमकी देने के बाद रोशन गुर्जर चला गया। थाना प्रभारी के अनुसार निकिता की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज कर रोशन गुर्जर की तलाश शुरू की गई है। रोशन अब तक जेल में था, एक-डेढ़ माह पहले ही रिहा होकर आया है।

### अब गुर्जर गैंग के 3 भाईयों की तलाश

पिछले कुछ समय से गुर्जर गैंग की दहशत फिर से सामने आने लगी है। पिछले माह चिमनगंज थाना क्षेत्र में फर्जी गोली कांड सामने आया था। जिसकी साजिश रौनक गुर्जर ने रची थी। चिमनगंज थाना पुलिस उसकी तलाश कर रही है। यहीं नहीं देवासगेट थाना क्षेत्र में हीरामिल की चाल स्थित ब्रिज के नीचे चली गोली के मामले में गैंग से जुड़े अनमोल गुर्जर की तलाश भी सरगर्मी से जारी है। अब नीलगंगा पुलिस ने गैंग के तीसरे बदमाश भाई रोशन द्वारा पहली पत्नी पर पिस्टल तान धमकी देने के मामले में तलाश शुरू की है। कुछ साल पहले तक गुर्जर गैंग की बढ़ती दहशत पर अंकुश लगाने के लिये गैंग की तलाश शुरू की थी और मुठभेड़ होने पर रोशन के साथ रौनक गुर्जर को शार्ट एनकाउंटर कर पकड़ा था।

## सैंपल रिपोर्ट में डी ग्रेड का खुलासा

# शिप्रा कब होगी शुद्ध? पानी आचमन योग्य नहीं

### दावों की खुली पोल, करोड़ों की योजनाओं के बाद भी नहीं सुधरी स्थिति, सिंहस्थ 2028 से पहले बड़ा सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोक्षदायिनी शिप्रा नदी को स्वच्छ और आचमन योग्य बनाने के दावे एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गए हैं। जनप्रतिनिधियों और सरकार द्वारा लगातार यह कहा जाता रहा है कि शिप्रा का पानी साफ और उपयोग योग्य है, लेकिन हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन की सैंपल रिपोर्ट ने इन दावों की सच्चाई उजागर कर दी है।


रिपोर्ट के अनुसार शिप्रा नदी का पानी सामान्यता डी श्रेणी का पाया गया है, जो आचमन तो दूर, सामान्य उपयोग के लिए भी उपयुक्त नहीं माना जाता। यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब नदी की स्वच्छता को लेकर राजनीतिक बयानबाजी और विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं।

शिप्रा को निर्मल और प्रवाहमान बनाने के लिए अब तक करोड़ों रुपए की योजनाएं बनाई जा चुकी हैं। बावजूद इसके, न तो शिप्रा नदी का जल शुद्ध हो पाया है और न ही प्रवाहमान हो सका है। हालात यह हैं कि कई स्थानों पर नालों का गंदा पानी सीधे शिप्रा में मिल रहा है, जिससे प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है।

**शिप्रा को शुद्ध करने के लिए कोई ठोस काम नजर नहीं आ रहा-** आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए प्रशासन घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण पर जोर दे रहा है, 29 किलोमीटर के घाट बनाए जा रहे हैं। लेकिन नदी की सफाई को लेकर जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नजर नहीं आ रहा।

शिप्रा की वर्तमान स्थिति को






लेकर संत समाज और विपक्ष कई बार नाराजगी जता चुके हैं। उनका कहना है कि जब तक नालों का पानी रोकने, सीवेज ट्रीटमेंट और सतत जल प्रवाह की ठोस व्यवस्था नहीं होगी, तब तक शिप्रा को शुद्ध करना संभव नहीं है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है क्या सिंहस्थ 2028 से पहले शिप्रा वास्तव में शुद्ध हो पाएगी, या फिर यह मुद्दा केवल दावों और घोषणाओं तक ही सीमित रह जाएगा?

### विभाग सतर्क, नालों की पहचान कर रोकथाम के प्रयास

- शिप्रा शुद्धिकरण को लेकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन सक्रिय हो गया है। विभाग द्वारा नदी में मिलने वाले नालों का सर्वे कर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है, ताकि गंदे पानी के प्रवाह को रोका जा सके। अधिकारियों का कहना है कि इस दिशा में लगातार जांच और निगरानी की जा रही है।
- जानकारी के अनुसार, देवास क्षेत्र में शिप्रा नदी का पानी अभी भी अ, इ और उ श्रेणी में पाया गया है, जबकि उज्जैन में यही पानी ऊश्रेणी में दर्ज किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन के अधिकारी दीपक काले ने बताया कि सेंपल की जांच रिपोर्ट में शिप्रा नदी का पानी सामान्यता ऊश्रेणी का पाया गया है जो आचमन योग्य नहीं माना जाता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत नदी का विस्तृत सर्वे किया जा रहा है। इसमें उन सभी नालों की पहचान की जा रही है जो शिप्रा में मिल रहे हैं। इन नालों के बारे में संबंधित विभागों को सूचित किया जा रहा है, ताकि उन्हें रोका जा सके और नदी को स्वच्छ बनाया जा सके।
- अधिकारियों ने यह भी बताया कि आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए शिप्रा नदी में विभिन्न निर्माण कार्य जारी हैं। भूखी माता क्षेत्र के पास एक नए पुल का निर्माण किया जा रहा है, वहीं शिप्रा नदी में अन्य स्थानों पर पुराने पुलों को हटाकर नए पुल बनाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि वर्तमान में निर्माण कार्य के कारण पानी की गुणवत्ता प्रभावित हुई है, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद स्थिति में सुधार आने की उम्मीद है।
- इधर, प्रदूषण विभाग हर महीने शिप्रा नदी के पानी के सैंपल लेकर लैब में परीक्षण कर रहा है। हालिया जांच रिपोर्ट के अनुसार, नदी का पानी अभी भी प्रदूषित पाया गया है और ऊश्रेणी में ही बना हुआ है।

## पेड़ पर लटकी मिली ग्रामीण की लाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आर्थिक परेशानी और तनाव में असमय जीवन का अंत करने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण का शव पेड़ पर लटका मिला, वहीं दुपट्टे का फंदा बनाकर वृद्धा ने फांसी लगा ली। इससे पहले रात में 2 लोगों ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।

नीलगंगा थाना क्षेत्र एकतानगर में तड़के चार बजे पिंकी कश्यप नींद से जागी तो उसने अपनी मां लीलाबाई पति पशुराम रायकवार 65 साल को दुपट्टे के फंदे पर लटका देखा। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। बेटी ने बताया कि मां कुछ दिनों तनाव में थी, वह घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। पुलिस के अनुसार फांसी लगाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। इसी बीच सुबह 8 बजे के लगभग भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के परोलिया झाली में रहने वाले मोहनलाल पिता लक्ष्मण 42 साल का का शव ग्राम में खेत किनारे जामफल के पेड़ पर लटका मिला। मृतक के भाईयों ने चौकीदार के साथ थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी और बताया कि सुबह घर से निकला था। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। एएसआई रामचंद्र व्यास ने बताया कि परिजनों के बयान और जांच के बाद फांसी लगाने की वजह सामने आ पायेगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण एवं संबंधित को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती राधाबाई पति स्व. सोहनलाल जी नागर के स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति भवन क्रं. 54 स्थित तृप्ती परिसर, नानाखेड़ा, हरीफाटक लिंक रोड़, उज्जैन म.प्र. में स्थित है, को सर्वभार मुक्त अवस्था मे क्रय करने का अनुबंध किया होकर, प्रतिफल की आशींक धनराशि का भुगतान कर दिया हैं सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें । ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने, अन्यथा मिले अन्यथा बाद मियाद विक्रय पत्र पंजीयन करवा लिया जावेगे इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति हमारे हमारे पक्षकार एवं संपत्ति पर बधंक कारक नहीं होगी।

दिनांक 30.04.2026

**रविन्द्र उपाध्याय**
**सर्विस प्रोवाइडर**
**भवन क्रं. 16/1, वराह मिहिर मार्ग, भार्गव काम्प्लेक्स, तीनबत्ती चैराहा, उज्जैन, म.प्र. मोबाइल न. 9425093137**

# बुद्ध का जन्म अति दुर्लभ



बुद्ध का दूसरा नाम तथागत है, जो ह्यतथ्यह्न से बना है। जो अंधी श्रद्धा के आधार पर बात नहीं करता, बल्कि जो बात कहता है, वह तथ्यगत, वैज्ञानिक, सोची-विचारी हुई बात है। बुद्ध से पहले भारत में जो धर्म था, वह आस्था और विश्वास का धर्म था। बुद्ध के आने से धर्म ने वैज्ञानिक रूप लिया। बुद्ध का एक अत्यंत प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना दुर्लभ है, इसका अर्थ सिर्फ मानव शरीर प्राप्त करने से नहीं है, मनुष्य होने के बाद मैं अपनी मनुष्यता को समझ सकूं, पहचान सकूं, अपनी बुद्धि का उपयोग कर सकूं और चिंतन व विवेक द्वारा अपने जागरण में लग सकूं, यह दुर्लभ है। उसके बाद कह रहे हैं कि मनुष्य होकर जीवित रहना और दुर्लभ है। अगर तुम जीवित रह पाए, तो फिर जीवित रहते हुए सद्धर्म का पालन करने वाले बनो, यह और भी दुर्लभ बात है। सत्य बोलना, दान देना, दया करना, क्षमा करना, प्रीति करना, विनम्र रहना, निरहंकार होना, मैत्री-भाव, मुदिता, ये सब सद्धर्म के गुण हैं। आपके मन में दया हो सकती है, सेवा भावना भी हो सकती है, पर मैत्री-भाव बड़ी कठिन बात है, क्योंकि हम मित्रता सिर्फ उन्हीं के साथ निभा पाते हैं, जिनसे हमें कुछ लाभ हो या लाभ होने की संभावना हो। बिना लाभ की इच्छा किए मैं दूसरों के प्रति प्रेम-भाव, मित्रता का भाव रखूं, यह बड़ा कठिन है।

सद्धर्म का पालन कोई तभी करेगा, जब सद्धर्म को श्रवण करेगा, धर्म का श्रवण तब करेगा, जब किसी जाग्रत व्यक्ति से मिलेगा। इसलिए बुद्ध सूत्र के आखिरी हिस्से में कहते हैं कि बुद्धों का उत्पन्न होना और भी दुर्लभ है। जिसको सुनकर, जिसको देखकर, जिससे मिलकर, मेरे चित्त में मनुष्य होने की इच्छा जगे और जीवन में धर्मपालन की इच्छा जगे, ऐसे बुद्धों का पृथ्वी पर पैदा होना और भी कठिन कार्य होता है। दुर्लभ से महान दुर्लभ बात है, किसी बुद्ध का जन्म होना।

बुद्ध पूर्णिमा वही दिन है, जब बुद्ध का जन्म हुआ था। एक बड़ी अद्भुत बात है कि पूर्णमासी के दिन बुद्ध का जन्म हुआ और पूर्णमासी के ही दिन उनको संबोधि भी प्राप्त हुई, फिर इसी पूर्णमासी पर उनका निर्वाण भी हुआ। यह एक बड़ी विलक्षण बात है कि जिस दिन जन्म हुआ, उसी दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई और पूर्णमासी को ही निर्वाण को प्राप्त हुए। मेरी दृष्टि में बुद्ध पूर्णिमा का दिन बहुत विशेष है। भले ही बुद्ध आज हमारे बीच नहीं हैं, भले ही तथागत चलते-फिरते हुए दिखते नहीं हैं, पच्चीस सौ वर्षों का अंतर पड़ गया है। पच्चीस सौ साल पहले बुद्ध चले गए, विदा हो गए, लेकिन इसके बावजूद बुद्धत्व की ऊर्जा का विस्फोट और वितरण अब भी होता है।



सम्पादकीय

## आर्थिक आशंकाएं

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को आई गिरावट चिंता और चिंतन की बात है। एक समय मुंबई शेयर बाजार का सूचकांक 1,200 अंक टूट गया था और ऐसा लगा था कि एक ही दिन में निवेशकों के नौ लाख करोड़ रुपये डूब जाएंगे, लेकिन बाद में कुछ सुधार हुआ। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 583 अंक या 0.75% गिरकर 76,913.50 पर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 कुल 180 अंक या 0.74% गिरकर 23,997.55 पर बंद हुआ। गिरावट कुछ संभल गई, फिर भी गुरुवार निवेशकों को पांच लाख करोड़ रुपये की चोट दे गया। पहली नजर में इसकी वजह यह है कि हमारे शेयर बाजारों में जमकर बिकवाली हो रही है। मतलब, निवेशक अपने शेयर बेचकर निकल रहे हैं। आमतौर पर जब परिवेश निवेश के अनुकूल होता है, तब शेयर खरीद ज्यादा होती है और प्रतिकूल होते ही शेयर ब्रिकी बढ़ जाती है। खरीदते समय शेयर मूल्य बढ़ता है और बेचते समय घटता है।

वैसे, भारतीय शेयर बाजार में बढ़त और गिरावट का संतुलन बहुत हद तक कायम है। अप्रैल महीने को समग्रता में अगर देखें, तो सेंसेक्स और निफ्टी-50 में अप्रैल में क्रमशः 7 और 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे चार महीने से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा है। 30 अप्रैल पर सबकी निगाह थी, अगर इस दिन बाजार न गिरा होता, तो यह बहुत सकारात्मक बात होती। बाजार से एक बेहतर संदेश जाता, पर लगता है, विदेशी निवेशकों ने साथ नहीं दिया। अमेरिकी टैरिफ के असर को तो हमने कमोबेश संभाल लिया है, मगर ईरान युद्ध से उपजे हालात पर हमारा ज्यादा वश नहीं चल रहा है। हमारे शेयर बाजार में ताजा गिरावट की यही सबसे बड़ी वजह है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अटक गई है। जैसे ही युद्ध-विराम की गुंजाइश बनती है, वैसे ही तनाव बढ़ाने वाली कोई खबर आ जाती है। अब अमेरिकी वित्त विभाग ने ईरान से जुड़ी 344 मिलियन डॉलर से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी को फ्रीज कर दिया है। ऐसे वित्तीय फैसले दुनिया में व्यापार या निवेश के माहौल को बिगाड़ते हैं। खैर, खराब माहौल की एक वजह कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी हैं। अच्छी बात है कि अप्रैल महीने में कच्चे तेल की कीमत में करीब दो प्रतिशत की गिरावट आई है, मगर कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल से नीचे नहीं आ रही है। तेल भारत की एक कमजोरी है, क्योंकि वह आयात पर निर्भर है। यह आशंका सतत बनी हुई है कि भारत में विकास दर घटेगी और महंगाई बढ़ेगी।

### देवऋषि नारद मुनि जयंती विशेष पर विशेष

## लोककल्याण से टीआरपी तकः पत्रकारिता का देव ऋषि नारद से विचलन





अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

सूचना के विस्फोट के इस दौर में पत्रकारिता पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली और प्रभावशाली माध्यम बन चुकी है। स्मार्टफोन की स्क्रीन पर उभरती एक खबर कुछ ही पलों में जनमत तैयार कर देती है,सरकारों पर दबाव बना देती है और समाज की दिशा तक तय कर देती है। लेकिन इस तेज,तात्कालिक और प्रतिस्पर्धा पत्रकारिता के बीच एक मूल प्रश्न बार-बार उभरता है,क्या हम अपने मूल उद्देश्य से भटक रहे हैं? यदि भारतीय परंपरा के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए,तो संचार और संवाद की अवधारणा कोई नई नहीं है। हमारे पुराणों में देवऋषि नारद जी का चरित्र इस बात का प्रमाण है कि सूचना का आदान-प्रदान केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं,बल्कि एक उत्तरदायित्व था। नारदजी केवल संदेशवाहक नहीं थे,वे संवाद के वाहक थे। उनका हर हस्तक्षेप किसी न किसी रूप मेंलोककल्याण से जुड़ा होता था। वे तीनों लोकों देव,दानव और मनुष्य के बीच संतुलन स्थापित करने वाले एक सजग संप्रेषक थे। पौराणिक मान्यताओं और भारतीय परंपरा के अनुसार,देवर्षि नारद को ब्रह्मांड का प्रथम पत्रकार माना जाता है। आज की पत्रकारिता,जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है,उसी उत्तरदायित्व को आधुनिक संदर्भ में निभाने का दावा करती है। इसका मूल कार्य है जनता को सूचना देना,उसे जागरूक बनाना और सत्ताधारी तंत्र को जवाबदेह बनाए रखना। लेकिन जब हम वर्तमान परिदृश्य का विश्लेषण करते हैं,तो पाते हैं कि पत्रकारिता का एक बड़ा हिस्सा अब सूचना से अधिक ह्लप्रभावह्न पर केंद्रित हो गया है।

टीआरपी की होड़,डिजिटल क्लिक्स की प्रतिस्पर्धा व राजनीतिक-आर्थिक दबावों ने पत्रकारिता के स्वरूप को बदल दिया है। ब्रेकिंग न्यूज की जल्दबाजी में तथ्यों की पुष्टि पीछे छूट जाती है,और कई बार आधी-अधूरी या पक्षपाती सूचनाएँ समाज के सामने परोस दी जाती हैं। यह प्रवृत्ति न केवल पत्रकारिता की विश्वसनीयता को कमजोर करती है,बल्कि समाज में भ्रम और विभाजन भी पैदा करती है। ऐसे समय में देवऋषि नारदजी का आदर्श एक प्रासंगिक संदर्भ प्रस्तुत करता है। नारदजी संवाद करते थे,केवल सूचना नहीं देते थे।वे तथ्यों को समझते विश्लेषण करते और फिर उन्हें इस प्रकार प्रस्तुत करते कि उससे समाधान और संतुलन की दिशा बन सके।उनका उद्देश्य कभी सनसनी फैलाना नहीं था,बल्कि सत्य को सार्थक रूप में सामने लाना था। आधुनिक पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि गति और सत्य के बीच संतुलन बनाए रखना।तकनीक ने हमें तेजी दी है,लेकिन क्या हमने उस तेजी के साथ जिम्मेदारी को भी उतनी ही मजबूती से अपनाया है? सोशल मीडिया के दौर में हर व्यक्ति संभावित सूत्र बन चुका है,लेकिन हर सूचना विश्वसनीय नहीं होती। ऐसे में पत्रकार की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है वह केवल खबर देने वाला नही,बल्कि सत्य का संरक्षक है। पत्रकारिता के तीन पारंपरिक स्तंभ सूचना,शिक्षा और मनोरंजन आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। लेकिन इन तीनों के बीच संतुलन बिगड़ता दिखाई देता है। मनोरंजन के नाम पर सनसनीखेज प्रस्तुति और सूचना के नाम पर पक्षपातपूर्ण रिपोटिंग,समाज के विवेक को प्रभावित कर रही है।इसके विपरीत,नारदजी का संवाद हमेशा उद्देश्यपूर्ण और संतुलित होता था,जिसमें लोकहित सर्वोपरि रहता था।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि भारत में पत्रकारिता की शुरूआत जनसेवा के उद्देश्य से हुई थी। उदंत मार्तंड जैसे प्रारंभिक समाचार पत्र सीमित संसाधनों के बावजूद सत्य और समाज के प्रति प्रतिबद्ध थे। आज संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद यदि पत्रकारिता अपने मूल्यों से समझौता करती है,तो यह चिंता का विषय है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि आज भी कई पत्रकार और मीडिया संस्थान निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। वे दबावों के बावजूद सच को सामने लाने का साहस रखते हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम दिखाई देती है,और उनकी आवाज अक्सर शोर में दब जाती है। वर्तमान समय में फेक न्यूज, पेड न्यूज और प्रोपेगेंडा जर्नलिज्म जैसी चुनौतियाँ पत्रकारिता की साख को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में आवश्यकता केवल तकनीकी सुधार की नहीं,बल्कि नैतिक पुनर्जागरण की है।

पत्रकारिता को फिर से उस मूल भावना की ओर लौटना होगा,जहाँ सत्य,निष्पक्षता और जनहित सर्वोच्च हों। देवऋषि नारद जी का चरित्र हमें यही सिखाता है कि सूचना का अर्थ केवल खबर देना नहीं,बल्कि समाज को सही दिशा देना है। पत्रकारिता तब ही सार्थक है जब वह सत्ता से सवाल पूछे,समाज की पीड़ा को स्वर दे और बिना किसी भय या पक्षपात के सत्य को सामने लाए। अंततः यह कहना उचित होगा कि आधुनिक पत्रकारिता एक चौराहे पर खड़ी है। एक रास्ता उसे अधिक प्रभावशाली, लेकिन कम विश्वसनीय बना सकता है,जबकि दूसरा रास्ता उसे कठिन,लेकिन सम्मानजनक और भरोसेमंद बनाए रखेगा। चुनाव पत्रकारिता को ही करना है। यदि वह देवऋषि नारद जी के आदर्शों निष्पक्षता,निर्भीकता और लोककल्याण को अपनाती है, तो वह न केवल अपनी साख बचा पाएगी,बल्कि समाज को भी एक सशक्त और सकारात्मक दिशा दे सकेगी।

## जहां थे वहीं हैं

स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर सन्नाटा इतना गहरा था कि अगर कोई सिक्का गिरता, तो उसकी खनक से आधे शहर की नींद खुल जाती। पर यहाँ सिक्का नहीं, सिर्फ उम्मीदें गिर रही थीं-चुपचाप, बिना किसी शोर के।

प्लेटफॉर्म की उस उखड़ी हुई बेंच पर, जिसकी लकड़ी अब याददाश्त खो चुकी थी, तीन लोग बैठे थे। एक वह जो पिछले दस साल से सरकारी परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार कर रहा था, दूसरा वह जो रिटायरमेंट के बाद अपनी रुकी हुई पेंशन की फाइल ढूँढ रहा था, और तीसरा मैं, जो बस यह देखने आया था कि इंतजार आखिर दिखता कैसा है। तभी एनाउंसमेंट हुआ, यात्री गण कृपया ध्यान दें! गाड़ी संख्या 420, 'अच्छे दिन एक्सप्रेस' अपने निर्धारित समय से चौदह साल की देरी से चल रही है। असुविधा के लिए हमें खेद नहीं है, क्योंकि हमें आदत है।

रिटायरमेंट वाले बाबूजी ने अपनी धुंधली ऐनक साफ की और बोले, बेटा, इस स्टेशन की सबसे बड़ी खूबी यही है। यहाँ ट्रेन आए न आए, घोषणाएँ बड़ी सुरीली होती हैं। सुनकर लगता है कि बस अगले ही पल सब ठीक हो जाएगा।

मैंने पूछा, तो आप घर क्यों नहीं जाते? उन्होंने एक फीकी मुस्कान के साथ कहा, घर जाकर क्या करूँगा? वहाँ बीवी पूछती है कि क्या लाए? यहाँ कम से कम यह भ्रम तो रहता है कि कुछ आने वाला है। भ्रम, बेटा, इस देश का सबसे बड़ा ऑक्सीजन सिलिंडर है। तभी स्टेशन मास्टर की मेज पर पड़ा लाल झंडा हरे झंडे से फुसफुसाया, भाई, तू थक नहीं जाता? दिन भर लहराता रहता है, जैसे सच में कोई क्रांति आने वाली हो।

हरा झंडा थोड़ा और तनकर लहराया और बोला, मेरा काम क्रांति लाना नहीं, झुनझुना बजाना है। जब तक मैं हिलता रहूँगा, तब तक यह भीड़ शांत रहेगी। जिस दिन मैं स्थिर हो गया, उस दिन ये लोग इंजन ढूँढने लगेंगे।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 मई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:57 सूर्यास्त 18:51
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - एकम 24:49 उपरांत द्वुतिया
नक्षत्र - विशाखा दिन पूर्ण उपरांत विशाखा
योग - व्यतिपात 21:45 उपरांत वरियान
करण - बालव
चन्द्रमा - तुला में है। 24:30 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 14 तारिख

**मेष-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

**वृषभ-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**मिथुन-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

**कर्क-** कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**कन्या-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी।

**तुला-** नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे। घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

**वृश्चिक-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु-** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यय होगा।

**मकर-** घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधन प्राप्त होंगे।

**मीन-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

विचार


## भोजन का ऐसा अपमान : घोर आश्चर्य



यद्यपि भोजन किसी के द्वारा भी जूठा छोड़ दिया जाए, तो वह अच्छा नहीं कहा जाएगा। क्योंकि आज जहां देश में 40% लोग दोनों समय क्या, एक समय भी भरपेट और संतुलित भोजन नहीं कर पा रहे हैं, वहीं 40% लोग ऐसे भी हैं कि जो खा कम और छोड़ ज्यादा रहे हैं। ऐसे में भोजन का फेका जाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं माना जाएगा। विशेष करके दुःख तब अधिक होता है, जब महिलाओं के द्वारा भोजन फेंका जाता है।


कल मैं एक विवाह समारोह के प्रीतिभोज में उपस्थित था। कुछ ऐसे ही मन हुआ कि अभी बाद में भोजन करेंगे, क्योंकि रात को वहीं रुकना था। अतः कोई जल्दी नहीं थी, तो मैं व्यवस्था देखते हुए इधर-उधर घूमने लगा। एक जगह देखा कि चार-पांच महिलाएं आकर बैठीं। उनके साथ में दो किशोर बच्चियों थीं, वे बच्चियां भोजन परोस कर लाने लगीं और वे महिलाएं बैठकर खाने लगीं। इस बीच लोग आते रहे, मैं उनसे बातें करता रहा। मेरा ध्यान उस झुंड पर भी था, वह इसलिए कि जितना प्लेट में भर के आया था, हमारा अनुमान था कि वे उसे खा नहीं पाएंगी। आखिरकार वही हुआ भी। लगभग आधी भरी प्लेट चार महिलाओं ने ले जाकर बाल्टी में डाला तो आत्मा दुख गई।

एक किसान जब अन्न उगाता है, तब जितनी मेहनत वह करता है उतनी ही मेहनत उसके परिवार के लोग भी करते हैं। उस किसान की पत्नी तो उससे भी ज्यादा मेहनत करती है और एक-एक अन्न को बचाती है। **महिलाओं को व्यवस्थित घर चलने वाली माना जाता है।** आज उन्हें जूठन छोड़ता हुआ देखकर मेरे मन में प्रश्न आया कि क्या यह अपने घर में भी ऐसे ही करती हैं? यदि हां, तो निश्चित दरिद्रता की ओर अग्रसर हो रही हैं। और यदि नहीं तो यह जिसके यहां आई हैं उसको अपना नहीं समझती। क्योंकि वह अपना समझती तो उसके द्वारा बनवाए गए खाद्य पदार्थ को ऐसे नहीं फेंकती। उस भोजन को फेंकते समय क्या उनके मन में विचार आया कि आज मेरे यहां कोई रिश्तेदार आए और ऐसे ही आधा भोजन करके आधा फेंक दे तो मुझे कैसा लगेगा? और अगर किसी कोने में मानवता बची रही होगी और विचार आया भी होगा तो उन्होंने यह कह करके उसे झटक दिया होगा कि कोई अपना थोड़े ही है? ध्यान रखें! अन्न अपना-पराया नहीं होता। अन्न जीवन होता है और अन्न देश की संपदा होता है। अन्न का अपमान करना देश का अपमान करना है। देशद्रोह है। और जो व्यक्ति अन्न का अपमान कर रहा है, वह साक्षात जीवन का, ईश्वर का, देश का और स्वयं के प्राणों का अपमान कर रहा है। मैं किसी को सीख देने वाला होता भी कौन हूं, पर हां! आप यदि इस लेख को पढ़ रहे हैं तो आपसे निवेदन है कि कम से कम आप कहीं भी भोजन करने जाएं तो भोजन का एक कण भी न छोड़ें। और अपने साथियों को भी यह बात बताएं। यह लेख जहां तक पहुंच सके, वहां तक पहुंचाएं और अन्न की महत्ता को बताएं। अन्न की महत्ता उससे पूछें, जिसे भरपेट रोटी नहीं मिल रही है। इसी रोटी के लिए लोग पता नहीं क्या-क्या कर्म करते हैं, और एक हम हैं कि हमें मिल रही है तो हम खा कम रहे हैं, फेंक ज्यादा रहे हैं। यदि हमारी शिक्षा ने हमें यही सिखाया तो ऐसी शिक्षा से हम अनपढ़ रहना ज्यादा ठीक समझते हैं। कम से कम अनपढ़ लोग अन्न का ऐसा अपमान कभी नहीं करते। वे तो अन्न को भगवान मानते हैं। जय हिंद।



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)

## बिना शराब के भी हो सकता है लिवर डैमेज, इन चीजों से रहें दूर



लिवर शरीर का वह अहम अंग है जो लगातार शरीर को साफ रखने, पाचन को संतुलित करने और जरूरी पोषक तत्व को संभालने का काम करता है। यह बिना रुके काम करता है, लेकिन जब इस पर लगातार दबाव पड़ता है, तो इसकी कार्यक्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। अक्सर लोग मानते हैं कि केवल शराब ही लिवर को नुकसान पहुंचाती है, लेकिन असल में रोजमर्रा की कई ऐसी चीजें हैं जो बिना शोर किए लिवर को कमजोर कर रही हैं।

आधुनिक जीवनशैली में सबसे बड़ा बदलाव खाने की आदतों में देखा जा रहा है। पैकेट में मिलने वाले प्रोसेस्ड फूड का सेवन तेजी से बढ़ा है। ये खाद्य पदार्थ स्वादिष्ट जरूर लगते हैं, लेकिन इनमें मौजूद अधिक मात्रा में नमक, चीनी, प्रिजर्वेटिव्स और खराब फैट लिवर पर सीधा असर डालते हैं। लगातार सेवन से शरीर में सूजन बढ़ती है और लिवर धीरे-धीरे फैटी लिवर जैसी स्थिति की ओर बढ़ने लगता है।

इसके अलावा अधिक मात्रा में मीठे पदार्थों का सेवन भी लिवर के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ज्यादा चीनी शरीर में जाकर फैट में बदलती है और लिवर में जमा होने लगती है। समय के साथ यह स्थिति लिवर की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है और कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। यह नुकसान धीरे-धीरे होता है, इसलिए शुरूआत में इसका पता लगना मुश्किल हो जाता है।

फिटनेस और हेल्थ के नाम पर लिए जाने वाले सप्लीमेंट्स भी कई बार लिवर पर दबाव डाल सकते हैं। बिना सही जानकारी के ज्यादा प्रोटीन या सप्लीमेंट्स का सेवन लिवर को अतिरिक्त काम करने पर मजबूर करता है। जब शरीर की जरूरत से ज्यादा पोषक तत्व पहुंचते हैं, तो लिवर उन्हें प्रोसेस करने में असमर्थ हो सकता है, जिससे उसकी सेहत पर असर पड़ता है।

तेल में तले हुए और जंक फूड भी लिवर के लिए नुकसानदायक माने जाते हैं। पिज्जा, बर्गर, चाउमीन और फ्रेंच फ्राइज जैसे फूड्स में ट्रांस फैट और रिफाइंड ऑयल की मात्रा अधिक होती है। ये शरीर में जाकर पाचन तंत्र पर दबाव डालते हैं और लिवर की सफाई प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। लगातार इनका सेवन लिवर में टॉक्सिन्स बढ़ा सकता है।

इसके साथ ही दर्द निवारक दवाओं का बार-बार उपयोग भी एक गंभीर समस्या बन सकता है। कई लोग हल्के दर्द में भी बिना सलाह के पेनकिलर ले लेते हैं, जो लिवर पर सीधा असर डालती हैं। इन दवाओं का अधिक सेवन लिवर की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकता है और लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकता है।

धर्म-आस्था

## ज्येष्ठ मास का महत्व : क्यों इस महीने में बढ़ जाता है दान-पुण्य का फल



आज 2 मई से ज्येष्ठ मास शुरू होने वाला है, जिसे बेहद गर्मी का महीना माना जाता है। लेकिन आध्यात्मिक और धार्मिक रूप से भी रूप इस मास का गहरा महत्व है। इस मास में कई चीजें करने की सलाह दी जाती है, जबकि कुछ कार्यों को करने की मनाही है।

प्राचीन समय के लोगों में अध्यात्म का इतना गहरा प्रभाव था कि उन्होंने ग्रह, नक्षत्र, तारे, मौसम इत्यादि सभी को अध्यात्म से जोड़ दिया, ताकि लोग इन सब चीजों से जुड़े प्रभाव को समझ पायें और उसके अनुसार अपने जीवन को जी पायें। उन्होंने लोगों ने स्वास्थ्य पर मौसम के प्रभाव को समझते हुए उसके फायदे और नुकसान को अध्यात्म और धर्म से जोड़ा दिया, ताकि आम जन भी मौसम के अनुकूलित जीवन जी पाए। उस समय विज्ञान समझना सबके वश की बात नहीं थी, इसलिए इसे धर्म और अध्यात्म से जोड़ा गया। जैसे कि, मई-जून जैसे भीषण गर्मी की बात की जाए, तो हिन्दू पंचांग में इसे ज्येष्ठ का महीना कहा गया और साथ ही इस मास का महत्व बताते हुए इस मास की गर्मी से बचने के लिए कई धार्मिक और आध्यात्मिक नियम भी बनाए गये। तो, चलिए समझते हैं इस मास का महत्व और इससे जुड़े नियम...

ज्येष्ठ माह का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व

ज्येष्ठ माह में सूर्य देव अपनी सबसे प्रचंड अवस्था में रहते हैं। इसलिए, इस मास को सूर्य देव के महत्व और उनकी पूजा से जोड़ा गया। सूर्य देव के महत्व को जानकार ही लोग उनके प्रकोप को समझ पाते हैं और उनकी कृपा पाने के लिए उपाय करते हैं, जो अप्रत्यक्ष रूप से भीषण गर्मी से बचने के उपाय होते हैं। भविष्य पुराण के अनुसार, इस माह में सूर्य उपासना से आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सफलता मिलती है। सूर्य देव को हनुमान जी ने अपना गुरु माना था, इसलिए इस माह में हनुमान जी की पूजा का भी विशेष महत्व है। मान्यता यह भी है कि ज्येष्ठ माह में ही भगवान राम और हनुमान जी का प्रथम मिलन हुआ था। इस कारण इस माह के मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है, जो हनुमान जी की कृपा प्राप्ति का विशेष दिन है।

अध्यात्म में ज्येष्ठ माह को तप, दान और अनुशासन का महीना माना जाता है। भयानक गर्मी के कारण इस मास में जलदान को अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। इस मास में प्यासे लोगों और पशु-पक्षियों को जरूर पानी पिलाना या प्याऊ लगाना चाहिए। लोगों को मटका, पंखा, चप्पल, कपड़े और अनाज इत्यादि दान करने की सलाह भी दी जाती है। गर्मी की वजह से लोगों में भोजन पचाने और शरीर में निर्जलीकरण जैसी समस्या पैदा हो जाती है। इसलिए, इस समस्या से निपटने के लिए इस मास को मंगलवार का व्रत, सात्विक भोजन और आत्म-संयम से जोड़ा गया है। उपवास और हल्का भोजन शरीर को संतुलित रखने में मदद करता है। गरमी के प्रकोप को कम करने के लिए प्रकृति सेवा जैसे कि, तुलसी और पीपल के वृक्ष की सेवा करना और पेड़ लगाने के कार्य को महत्व दिया गया है। इन कार्यों को पुण्य और परोपकारिता से जोड़ा गया है। ज्येष्ठ मास हमें संयम, सेवा और त्याग का महत्व सिखाता है। तपती गर्मी में दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म माना गया है।

क्या न करेंइस मास में पानी की बबार्दी न करें, इसे वरुण दोष माना जाता है। साथ ही मसालेदार और भारी भोजन से बचें। अत्यधिक गर्मी के कारण गरिष्ठ भोजन कई समस्याएं पैदा कर सकता है। सादा भोजन करें। दोपहर में अधिक सोना अशुभ माना जाता है। बड़े कार्य जैसे विवाह आदि इस माह में टालने की परंपरा

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



देवास में 52 बसों की जांच, 14 में खामियां मिलीं

## केबिन में लगे दरवाजे हटवाए; 84 हजार रुपये की चालानी कार्यवाही की

**देवास।** देवास में जिला परिवहन विभाग ने रात्रि कालीन चलने वाली 52 बसों की सघन जांच की। इस दौरान 14 बसों में कमियां और परमिट शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिसके बाद उन पर 84 हजार रुपए का चालान किया गया। जांच दल ने बस चालक और यात्री के बीच बने केबिन दरवाजों को भी हटवाया। यह कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में देवास-मक्सी रोड पर की गई। जांच के दौरान बसों के दस्तावेजों, अग्निशमन यंत्र, मेडिकल बॉक्स और आपातकालीन खिड़की जैसी सुरक्षा संबंधी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। आरटीओ अधिकारियों ने सभी बसों को दस्तावेजीकरण और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के बाद ही संचालन जारी रखने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में परमिट शर्तों का दोबारा उल्लंघन पाया जाता है, तो परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. मनोहर सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

दीनदयाल रसोई में जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया



**धार।** धार में स्वर्गीय डॉ. मनोहर सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि और अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सेवा और समर्पण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया और दीनदयाल रसोई योजना के तहत जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया।ï डॉ. मनोहर सिंह ठाकुर सेवालय ट्रस्ट द्वारा हटवाड़ा स्थित सेवालय क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ. मुकेश चौहान ने 55 मरीजों का परीक्षण कर उपचार दिया। शिविर में मरीजों की बीपी और शुगर की जांच भी निःशुल्क की गई। एडवोकेट सुहेल निसार के सहयोग से दीनदयाल रसोई योजना में तिथि भोज आयोजित किया गया। ट्रस्ट सदस्यों ने स्वर्गीय डॉ. ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित कर जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में ट्रस्ट संरक्षक डॉ. शरद विजयवर्गीय, एडवोकेट सुहेल निसार और अन्य अतिथियों ने स्वर्गीय डॉ. ठाकुर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने उनके सेवा कार्यों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जीवनभर गरीब और जरूरतमंदों की सेवा की। कोरोना काल में भी उन्होंने निस्वार्थ भाव से उपचार किया और इसी दौरान संक्रमित होकर प्राण त्याग दिए। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता, ट्रस्ट सदस्य और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय डॉ. ठाकुर के सेवा भाव को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया, जबकि आभार अजय सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया। आयोजकों ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्य जारी रखे जाएंगे।

सीहोर साइलो केंद्र पर गेहूं खरीदी में अव्यवस्था

## धूप में लाइन में खड़े किसान परेशान, पेयजल की भी नहीं व्यवस्था



**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित साइलो गेहूं खरीदी केंद्र पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए किसानों को यहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी की धीमी गति और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण किसान घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। किसानों का आरोप है कि भीषण गर्मी में उन्हें पीने के पानी और बैठने के लिए छायादार स्थान जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। कई किसान अपनी बारी के इंतजार में घंटों चिलचिलाती धूप में खड़े रहते हैं। जब किसान अपनी समस्या लेकर केंद्र कार्यालय पहुंचे, तो वहां कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। कर्मचारियों ने मोबाइल पर अधिकारियों से बात कराई, जिस पर अधिकारियों ने निराशाजनक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जब तक ज्यादा ट्रॉलियां इकट्ठी नहीं हो जातीं, तब तक खरीदी शुरू नहीं की जाएगी। ग्राम बिजौरी के किसान पिंटू वर्मा ने बताया, ३मैं कल भी ट्रॉली लेकर आया था, लेकिन तब छुट्टी बताई गई। आज फिर सुबह से खड़ा हूं, पर अब कह रहे हैं कि देखेंगे तौलना है या नहीं। सभी किसान भाई यहां परेशान हो रहे हैं।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

भीषण गर्मी में 'नाला ट्रेंचिंग से खिला प्रकृति का चेहरा:

# सरपंच-सचिव ने सीईओ के मार्गदर्शन में सफल किया जल गंगा संवर्धन अभियान

ग्राम छापरा में महिला सरपंच के नेतृत्व जल संरक्षण का सफल नवाचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



जब क्षेत्र का पारा 43 डिग्री के पार जा रहा हो और जलस्त्रोत दम तोड़ रहे हों, ऐसे में सारंगपुर विकासखंड से एक सुखद और प्रेरणादायक और सफल पहल सामने आई है। ग्राम पंचायत छापरा में नाला ट्रेंचिंग के प्रयोग ने भीषण तपिश के बीच भी प्रकृति की हरियाली और जल की शीतलता को जीवित रखा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया यह नवाचार आज आसपास के दर्जनों गांवों के लिए एक रोल मॉडल बन गया है।

शासन के निदेशों और राज्यमंत्री सहित जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जपं सीईटो के मार्गदर्शन और छापरा पंचायत महिला सरपंच चंद्रकला बाई और सचिव श्रीलाल नागर ने जल संकट से निपटने के लिए पारंपरिक तरीकों से इतर 'नाला ट्रेंचिंग तकनीक को अपनाया। इस तकनीकी नवाचार का मुख्य उद्देश्य वर्षा काल के दौरान बह जाने वाले जल को छोटे-छोटे ट्रेंच (खाइयों) के माध्यम से रोकना और उसे भूगर्भ में उतारना था।

### वन्यजीवों को मिली राहत

अप्रैल और मई की इस झुलसा देने वाली गर्मी में, जहाँ अधिकांश बरसाती नाले धूल उड़ा रहे हैं, वहीं छापरा के इस नाले में पानी की कल-कल सुनाई दे रही है। यह केवल पानी नहीं, बल्कि क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जीवनदान साबित हो रहा है। भीषण प्यास से भटकने वाले जंगली जानवरों और पक्षियों को अब पानी की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों का रुख नहीं करना पड़ रहा। नाले में जमा पानी ने वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके अस्तित्व को नई संजीवनी दी है।

### खेती और पेयजल संकट का स्थायी समाधान

नाला ट्रेंचिंग का सबसे बड़ा चमत्कारिक प्रभाव भू-जल स्तर (उचाी ्चमनी) में हुई वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार जो कुएं मार्च-अप्रैल में ही सूख जाते थे, उनमें अब पर्याप्त पानी उपलब्ध है। क्षेत्र के निजी और सार्वजनिक ट्यूबवेलों का जलस्तर बढ़ने से किसानों को सिंचाई में आसानी हो रही है। गाँव में अब गर्मियों के दौरान होने वाली पानी की किल्लत पूरी तरह समाप्त हो गई है।

### 98 पंचायतों में लागू होगा छापरा मॉडल

जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल एवं एसडीओ कृपाल पैरवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत छापरा की इस सफलता ने सभी को उत्साहित कर दिया है। इसी शानदार परिणाम को देखते हुए जनपद पंचायत सारंगपुर की सभी 98 ग्राम पंचायतों में नाला ट्रेंचिंग के कार्य को विस्तार दिया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि यदि जल संरक्षण के ऐसे गंभीर प्रयास धरातल पर उतरे, तो न केवल वर्तमान की प्यास बुझेगी, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी हम एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य छोड़ पाएंगे।

**बोले जिम्मेदार**

हमारे यह नाले पर नजर आया पानी छोडा नहीं गया है। लगभग 4 साल से गहरीकरण हम करवा रहे है। इससे पानी का स्तर ऊपर आया है। 5 साल पहले गांव में पानी की समस्या गर्मी के दिनो में आती थी किंतु रिचार्जिंग से सभी गांव के बोर चालू हो गए। इस नाले से कम से कम 200 बीघा जमीन सिंचित की जा रही है बिना बोरवेल बिना कुए कें। इसके गहरीकरण करने से बाढ की समस्या नहीं आती मिट्टी का कटाव नहीं हो पा रहा क्योंकि बारिश का पानी नीचे ही रह जाता है।

**श्रीलाल नागर, सचिव, ग्राम पंचायत छापरा।**

छापरा का यह सफल प्रयोग सिद्ध करता है कि यदि सामुदायिक सहभागिता और सही तकनीक का मेल हो, तो हम गिरते भू-जल स्तर की चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं। गर्मी में पानी होने की वजह से जंगली जानवर कई प्रकार के वन्य जीवों का इस एरिया में विचरण हुआ है।

**चंद्रकला बाई, सरपंच, ग्राम पंचायत छापरा नगर पालिका**

## किसानों से पैसे लेने की शिकायत पर सख्त कार्रवाई होगी, कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास जिले में पंजीकृत किसानों से स्लॉट बुकिंग के आधार पर 136 गेहूं उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गुरुवार को विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर सिंह ने सेवा सहकारी समिति सोनकच्छ और संवरसी द्वारा संचालित देवास वेयरहाउस जामगोद, सेवा सहकारी समिति बोलासा द्वारा संचालित बीआर वेयरहाउस नेवरी फाटा, और विपणन सहकारी समिति सोनकच्छ द्वारा संचालित अन्नपूर्णा वेयरहाउस नेवरी फाटा का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने बिलिंग काउंटर, गेहूं की गुणवत्ता और तौल की जा रही बोरियों के वजन की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि तौल की जा रही बोरियों पर संबंधित किसान कोड का टैग अनिवार्य रूप से लगाया जाए।

कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, छांव और बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों से किसी भी प्रकार से पैसे लेने संबंधी शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से भी बातचीत की।

जिले में अब तक कुल 77,335 पंजीकृत किसानों में से 44,238 किसानों ने स्लॉट बुक किया है। इनमें से 28,855 किसानों ने अपनी उपज गेहूं उपार्जन केंद्रों पर बेची है। इन 28,855 किसानों से कुल 1 लाख 31 हजार 167 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए सभी उपार्जन केंद्रों पर प्रतिदिन 2250 क्विंटल गेहूं खरीदने की व्यवस्था है। ई-उपार्जन पोर्टल पर स्लॉट बुक करने की अवधि को 23 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

निरीक्षण के समय जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार और जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी प्रताप सिंह भूरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## घर-घर पूजे गये कुल देवता भेरू महाराज

**महिदपुर रोड।** शुक्रवार को भेरू (बुद्ध) पूर्णिमा पर नगर के विभिन्न समाज जनों ने अपने घरों में कुल देवता भेरू महाराज की पूजा अर्चना की हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि पूर्णिमा पर प्रति वर्ष भेरू पूर्णिमा पर विभिन्न समाजों के समाज जन अपने कुल देवता की पूजा अर्चना पूरे परिवार के साथ एक स्थान पर एकत्रित होकर करते हैं शुक्रवार को भी यही तिथि होने से घरों में दाल बाटी चूरमा बनाया गया तथा परिवार के मुखिया की उपस्थिति में सभी परिजनों ने भेरू महाराज की पूजा अर्चना की इस दिन मुंडन संस्कार तथा रात्रि जागरण के आयोजन भी अनेक परिवार में संपन्न हुए। नगर में फूल व्यापारियों, किराना व्यापारियों के यहां फूल माला श्रीफल सिंदूर तथा पूजन के दौरान उपयोग में आने वाली अन्य पूजन सामग्री के खरीदने वालों की अच्छी खासी चहल पहल रही।

गर्मी का असर :

## 7 दिन में 4100 मरीज अस्पताल पहुँचे उल्टी, दस्त व बुखार के

सावधानी बरतने की चिकित्सकों ने दी सलाह, बाहर का खाना खाने से बचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और लगातार बढते तापमान के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस चिलचिलाती धूप और बदलते मौसम का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड रहा है। सिविल चिकित्सालय और निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड पहुंच रही है। हालात यह हैं कि बीते एक सप्ताह के भीतर सिविल अस्पताल में 4100 से अधिक मरीज पहुंच चुके हैं। उल्टी, दस्त, तेज बुखार और डिहाइड्रेशन के मामले अचानक तेजी से बढे हैं। खासकर मासूम बच्चों पर इस भीषण गर्मी का प्रभाव देखने को मिल रहा है।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर पड रही दोहरी मार

इस भीषण गर्मी और बदलते मौसम का सबसे ज्यादा खामियाजा बच्चों को भुगतना पड रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों में बच्चों की संख्या चिंताजनक है। बीते एक सप्ताह में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे मरीजों में सैकडों बच्चे शामिल हैं। इनमें से अब तक 50 से अधिक बच्चों को भर्ती करना पडा है, जिनमें उल्टी दस्त, बुखार व पेट दर्द की शिकायत सामने आई है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित यादव ने गर्मी के मौसम में बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि बच्चों के शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्हें थोडी-थोडी देर में सादा पानी या तरल पदार्थ पिलाते रहें। तेज धूप में बच्चों को बाहर निकलने से बचाएं। बाहर निकलना जरूरी हो तो सिर और कान ढंक कर रखें। बच्चों को घर का बना ताजा भोजन ही दें। बाजार की खुली चीजें, बाहर का जूस और कटे हुए फल खाने से पूरी तरह बचाएं। यदि बच्चे को उल्टी, दस्त, पेट दर्द या तेज बुखार की शिकायत होती है. तो घरेलू उपचार में समय बर्बाद किए बिना तुरंत नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें।

## ग्राम सेवक रमेशचंद जायसवाल का निधन

**आष्टा।** नगर के वार्ड -17 राठौर मंदिर क्षेत्र में रहने वाले ग्राम सेवक रमेशचंद जायसवाल मुगली वालो का निधन हो गया। गुरुवार को उनकी अंतिम यात्रा निवास राठौर मंदिर से मुक्तिधाम तक निकाली गई। वहां पुत्र विपिन जायसवाल, रिंकू जायसवाल ने मुखाग्नि दी।मुक्तिधाम में श्रद्धांजलि सभा हुई। जायसवाल समाज अध्यक्ष प्रेमनारायण जायसवाल, सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, सरपंच सतीश सोनाणिया, वरिष्ठ समाजसेवी शेषनारायण मुकाती, विनोद जायसवाल, योगेंतर जायसवाल समाजबंधु मौजूद रहे। शोकाकुल परिवार ने मां पार्वती धाम गौशाला समिति को गोमाताओं के आहार के लिए 1100 रुपए दान देने की घोषणा की। समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने श्रद्धांजलि दी।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण ने भूमिस्वामी श्री कन्हैयालाल पिता बिहारीलाल जी जाति जाट निवासी ग्राम गुंदल्डिया व कृषक ग्राम कटवारिया प.ह.न. 00043 तहसील माकडोन जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम कटवारिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन सर्वे नंबर 565 रकबा 0.70 हे., सर्वे नंबर 567/579 रकबा 0.56 हे., सर्वे नंबर 569 रकबा 1.41 है। इस प्रकार कुल सर्वे नंबर 03 कुल रकबा 2.67 हे. स्थित है उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने का करार विक्रेता श्री कन्हैयालाल पिता बिहारीलाल जी जाति जाट निवासी ग्राम गुंदल्डिया व कृषक ग्राम कटवारिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन ने मेरे पक्षकार के पक्ष मे करते हुवे एक अनुबंध पत्र गवाहो के समक्ष संपादित किया है, उपरोक्त अनुबंध पत्र कि शर्त अनुसार मेरे पक्षकार ने आंशिक बयाना राशि भी विक्रेता को गवाहो के समक्ष अदा कर दी है, उक्त बिक्रीत भूमि के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय/ अर्दशासकीय बैंक आदि का ऋण, भार, बोझा या उक्त बिक्रीत भूमि किसी भी व्यक्ति या संस्था के पास रहन, गिरवी, बिक्री, विक्रय अनुबंध पत्र, दान, वसीयत तथा अन्य किसी अंतरण पत्र के माध्यम से बंधक या रहन हो या किसी भी प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो इस जाहीर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि मे मेरे कार्यालय मे कार्यलीन समय 11 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर मय असल दस्तावेज के अपनी आपत्ति दर्ज करावे उपरोक्त समयावधि के बीत जाने के बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक या पालनीय नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का हस्तातरण लेख अपने पक्ष मे उप पंजीयक कार्यालय मे उपस्थित होकर निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। दिनांक 01/05/2026

**(अभिभाषक) सुमित नागर**
**आफिस - कोर्ट परिषर के सामने तराना**
**मो. 8965816884, 9111413250**

### जाहिर सूचना

श्री शहनवाज मोहम्मद चौधरी पिता ताज मोहम्मद चौधरी के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन (तल मंजिल) उज्जैन नगर निगम में भवन क्रमांक 25 दर्ज है तथा एक खाली भूमि हवाई हक सहित जिसका नंबर 25/1 है तथा चतुर सीमा इस प्रकार है-

भवन क्रमांक 25 का पश्चिम दिशा वाला भाग केवल तल मंजिल चीतरा बाखल रामप्रसाद भार्गव मार्ग गली नंबर 1 उज्जैन में स्थित है जो 51 वर्गमीटर का है। पूर्व में शाहनवाज की भूमि पश्चिम में मकान व गली उत्तर में बशीर भाई का मकान दक्षिण में अरजानी शाह दुल्हा अखाड़ा है। भवन / भूमि / क्रमांक 25/1 चीतरा बाखल रामप्रसाद भार्गव मार्ग गली नंबर 1 का पश्चिम दिशा वाला भाग जिसका क्षेत्रफल 7. 25 वर्गमीटर जिसका तल व हवाई हक सहित है। पूर्व में सलीमुद्दीन का मकान / भूमि पश्चिम खातून बी शाहेदा बी व अल्ताफ के मकान उत्तर में बशीर भाई का मकान दक्षिण में मकान खातून बी का।

दोनों संपत्तियों को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसाइटी, निजी सामाजिक संस्था व अन्य किसी का भी कोई उजर, लेनदेन, ऋण भार रहन, गिरवी या अन्य कोई भी वाद विवाद हो तो 2 मई 2026 से अगले 7 दिवस 8 मई 2026 तक मेरे कार्यालय पर मय प्रमाण दस्तावेज के आपत्ति या दावा दर्ज करा देवे। समय पश्चात कोई दावा या आपत्ति मान्य नहीं होकर विक्रय पत्र संपादित करवा लिये जावेगें।

**राजेश तिवारी अभिभाषक**
**9425092093, 7000078031**
**212 विशाला काम्पलेक्स शहीद पार्क उज्जैन म.प्र.**

## कलेक्टर की पीपरी गांव में रात्रि चौपाल:ग्रामीणजनों से रूबरू होकर खुद सुनेंगे समस्याएं



**देवास।** जनसेवा और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह कल (1 मई) तहसील उदयनगर की ग्राम पंचायत पीपरी में विकासखंड स्तरीय शिविर एवं रात्रि ग्राम चौपाल का आयोजन करेंगे। ग्राम पंचायत पीपरी में दोपहर को विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित होगा। इसमें सभी विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहेंगे और आवेदकों से सीधे आवेदन प्राप्त करेंगे। मौके पर ही दस्तावेजों का परीक्षण कर समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। शिविर के बाद शाम 7 बजे से ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। चौपाल में कलेक्टर ऋतुराज सिंह उपस्थित जनसमूह और आवेदकों से रूबरू होंगे। कलेक्टर सिंह व्यक्तिगत रूप से आवेदकों की बात सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर को बता सकेंगे। शिविर एवं ग्राम चौपाल में समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शासन की मंशा के अनुरूप, प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाने के लिए सभी अधिकारी रात्रि भोजन के पश्चात ग्राम पीपरी में ही रात्रि विश्राम भी करेंगे।

## कन्नौद के नायब तहसीलदार बिरथरे सस्पेंड संभाग आयुक्त की कार्रवाई

**देवास।** उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने देवास जिले के कन्नौद के प्रभारी नायब तहसीलदार मनीष बिरथरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बिना किसी सूचना और अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण की गई है। आदेश में उल्लेख है कि मनीष बिरथरे ने 8 अप्रैल को अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद के कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई थी। इसके बाद से वे कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। उनकी निरंतर अनाधिकृत अनुपस्थिति के कारण राजस्व के न्यायालयीन कार्य और अन्य महत्वपूर्ण कार्यपालिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में उन्हें पूर्व में भी अवगत कराया गया था, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। निलंबन अवधि के दौरान मनीष बिरथरे का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर, जिला देवास रहेगा।

मेखालेश्वर धाम में बाबा रामदेव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

## पांच दिवसीय 9 कुंडीय महायज्ञ की पूणार्हुति, भंडारे में प्रसादी वितरित



**बदनावर।** बदनावर के मेखालेश्वर धाम स्थित बाबा रामदेव मंदिर में शुक्रवार को पांच दिवसीय नवकुण्डीय श्री नारायण विष्णु महायज्ञ की पूणार्हुति हुई। इसी के साथ मंदिर में बाबा रामदेव की नवीन प्रतिमा की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत सुबह नागरुंडी स्थित पंचमुखी शेषनाग मंदिर से गंगाजल यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां कलश लेकर चल रही थीं। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। साधु-संत भी यात्रा में शामिल थे, जो मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। पांच दिनों से चल रहे 9 कुंडीय महायज्ञ के अंतिम दिन यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दीं। दोपहर में यज्ञ की पूणार्हुति हुई। इस अवसर पर बाबा रामदेव की नवीन प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। यह प्रतिमा राजस्थान के कारीगरों द्वारा वियतनाम पत्थर से तैयार की गई है और इसकी ऊंचाई करीब साढ़े तीन फीट है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बदनावर नगर सहित आसपास के मांगलिया और चावंडाखेड़ी जैसे गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा इंगोरिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**मामले का विषय : फौती नामान्तरण वसीयत के आधार पर**
**प्रकरण क्रमांक :- 1399/अ-6/2025-26**

### विज्ञप्ति आदेश

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी शरद भण्डारी पिता केदारेश्वर जी भण्डारी व नितेश भण्डारी पिता शरद भण्डारी निवासी 90 ग्राम झलारिया तहसील व जिला इंदौर कृषक पासलोद तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा ग्राम पासलोद स्थित भूमि सर्वे नंबर 373/1 रकबा 0.57 हे० व सर्वे नंबर 375/1 रकबा 0.51 हे0 कुल किता 02 कुल रकबा 1.08 हे० भूमि वसीयतकर्ता कमलाबाई पिता बालाराम पति लक्ष्मीनारायण जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम झलारिया तहसील व जिला इंदौर के नाम से दर्ज है। वसीयतग्रहिता द्वारा वसीयतकर्ता कमलाबाई पिता बालाराम पति लक्ष्मीनारायण जाति ब्राहम्ण से वसीयत क्रमांक MP179092021A3629000 दिनांक 27.07.2021 से रजिस्टर्ड वसीयत सम्पादित की गई थी वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनांक 09.05.2023 से होने से प्रार्थी वसीयतग्रहिता द्वारा इस न्यायालय के समक्ष वसीयत के आधार पर नामान्तरण किये जाने हेतू आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है

उपरोक्त भूमि के नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो निश्चित तारीख 07-05-2026 को या उसके पूर्व स्वंय या विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति स्वीकार नही होगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन आज दिनांक 27-04-2026 को जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
**टप्पा इंगोरिया तहसील बड़नगर**

## न्यूज कॉलम

### सुवेंदु अधिकारी कोलकाता के ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम में पहुंचे

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी शुक्रवार शाम 6.30 बजे कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल में एश्ट स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचे। वे यहां करीब 10 मिनट रुके। इसी स्ट्रॉन्ग रूम में गुरुवार रात को सीएम ममता बनर्जी 4 घंटे बैठी रही थीं। दरअसल ळटउ ने चुनाव अधिकारियों पर बिना सूचना दिए एश्ट स्ट्रॉन्ग रूम खोलने, एश्ट से छेड़छाड़ और वहां संदिग्ध लोग मौजूद होने के आरोप लगाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को पश्चिम बंगाल चुनाव मामले में ळटउ की याचिका पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच गठित की है। यह याचिका कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ है, जिसमें काउंटिंग में केवल केंद्र सरकार और ढरव कर्मचारियों को सुपरवाइजर बनाने की बात कही गई थी।

### बंगाल में 15 बूथों पर कल दोबारा वोटिंग

**बंगाल।** वहीं चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 15 बूथों पर शनिवार को दोबारा वोटिंग कराने का फैसला किया है। दरअसल 29 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान डायमंड हार्बर के 4 और मगराहट पश्चिम के 11 बूथों पर हिंसा, एश्ट से छेड़छाड़ और झड़प हुई थी। उधर, कोलकाता के सात एश्ट स्ट्रॉन्गरूम में सिक्योरिटी सख्त कर दी गई है। पुलिस ने 200 मीटर के दायरे में 5 या उससे ज्यादा लोगों के इकठ्ठा होने पर रोक लगा दी है। सेंट्रल ऑर्म्ड पुलिस फोर्सेस (उअढऋ) की करीब 700 कंपनियां तैनात की गई हैं। प्रशासन ने यह फैसला खुदीराम अनुशीलन केंद्र के स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर गुरुवार रात ळटउ और इखढ कार्यकताओं के 5 घंटे विरोध-प्रदर्शन के बाद लिया गया है।

### अमेरिका में प्लेन क्रैश, सवार सभी 5 लोगों की मौत

**अमेरिका।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया, जिसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा विम्बरली नाम के शहर में हुआ। जानकारी के मुताबिक, सेसना 421उ विमान गुरुवार रात करीब 11:25 बजे क्रैश हो गया। अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि विमान काफी तेज रफ्तार में था, जिस वजह से हादसा हुआ। अभी तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए गए हैं, क्योंकि पहले उनके परिवार वालों को सूचना दी जाएगी। इस मामले की जांच फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड मिलकर करेंगे। बताया गया है कि उसी इलाके में उड़ रहा एक दूसरा विमान सुरक्षित तरीके से सैन एंटोनियो के पास लैंड कर गया।

### चीन ने 53 अफ्रीकी देशों के लिए टैरिफ खत्म किए

**नई दिल्ली।** चीन ने अफ्रीका के 53 देशों के लिए टैरिफ खत्म करने का बड़ा फैसला लिया है। यह नई पॉलिसी 1 मई 2026 यानी शुक्रवार से लागू हो रही है और 30 अप्रैल 2028 तक जारी रहेगी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि, चीन के साथ डिप्लोमैटिक संबंध रखने वाले देशों के प्रोडक्ट्स पर जीरो टैरिफ लगेगा। इस कदम के जरिए चीन खुद को अफ्रीका का मजबूत आर्थिक साझेदार और ओपन मार्केट वाले देश के तौर पर पेश करना चाहता है। खासकर ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में अफ्रीकी देशों पर टैरिफ बढ़ाए थे। चीन का दावा है कि वह अफ्रीका को जीरो टैरिफ देने वाला पहला बड़ा देश बन गया है। इससे कृषि उत्पाद जैसे कॉफी, चाय, नट्स और एवोकाडो के निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे ग्रामीण आय और रोजगार पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

### जनगणना के लिए पहुंची महिला कर्मचारी से बदसलूकी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में नेशनल जनगणना के काम के दौरान एक महिला अधिकारी के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिसने महिला कर्मचारी को गाली दी और काम करने से रोका। पुलिस ने बताया कि घटना 30 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे की है। महिला एन्यूमरेटर जनगणना के काम के लिए टी दसरहल्ली इलाके के मल्लासंद्रा में एक घर पर गई थीं। उसी दौरान आरोपी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

### एमपी बोर्ड ने बढ़ाई डेट, सोमवार तक भर सकेंगे फॉर्म

**भोपाल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने छात्रों को बड़ी राहत देते हुए हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 4 मई 2026 तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तिथि 26 अप्रैल तय थी। इस साल से बोर्ड ने पूरक परीक्षा प्रणाली समाप्त कर द्वितीय परीक्षाह्न लागू की है, जिसमें फेल और पास दोनों छात्र शामिल हो सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव बुद्धेश कुमार वैद्य ने जारी आदेश में कहा है कि छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल से बढ़ाकर 4 मई 2026 कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के जरिए किए जा सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अन्य सभी नियम और निर्देश पहले की तरह ही लागू रहेंगे। इस साल बोर्ड ने एक बड़ा बदलाव करते हुए पारंपरिक पूरक परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर दिया है। पहले केवल सीमित विषयों में फेल छात्र ही पूरक परीक्षा दे सकते थे, लेकिन अब द्वितीय परीक्षाह्न के तहत सभी छात्रों को समान अवसर मिलेगा। यह बदलाव शिक्षा व्यवस्था में लचीलापन लाने और छात्रों के दबाव को कम करने के उद्देश्य से किया गया है।

# लगातार 3 हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स को नसीब हुई जीत, राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से रौंदा



**एजेंसी ▸▸ जयपुर**

आईपीएल 2026 के 43वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी है। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 226 रनों का विशाल लक्ष्य दिया था, जिसे दिल्ली कैपिटल्स ने 19.1 में 3 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया।

**राजस्थान रॉयल्स ने दिया 226 रनों का लक्ष्य**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन वह 12 रनों पर यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद गलत साबित होता दिखा। हालांकि, इसके बाद कप्तान रियान पराग और ध्रुव जुरैल ने पारी को संभाला और शतकीय साझेदारी की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 59 गेंदों में 102 रन जोड़े। जुरैल 30 गेंदों में 42 जबकि रियान पराग 50 गेंदों में 90 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

अंत में डोनावन फरेरा ने 14 गेंदों में 47 रनों की विस्फोटक पारी खेल टीम का स्कोर 225 तक पहुंचा दिए। पांच नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जड़ेजा ने 14 गेंदों में 20 रनों का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से 2026 का पहला मैच खेल रहे मिचेल स्टार्क ने 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट लिए। काइल जेमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिले, जबकि कुलदीप यादव चार ओवर में 41 रन देकर विकेटलेस रहे।

**दिल्ली कैपटल्स ने 19.1 ओवर में हासिल कर लिया**

226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने शानदार शुरूआत की और पथुम निसांका और लोकेश राहुल ने पहले विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी की।

निसांका ने ( 33 गेंदों में 6 चौके 3 छक्के की मदद से 62 रन बनाए) वहीं, लोकेश राहुल ने 40 गेंदों में 6 चौके और पांच छक्कों की मदद से 40 गेंदों में 75 रनों की पारी खेली।

नीतीश राणा ने 17 गेंदों में 33 रन विस्फोटक अंदाज में बनाए। इसके बाद आशुतोष शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने पारी को संभाला और अंत तक टिके रहकर आसानी से मैच को फिनिश किया। स्टब्स ने 11 गेंदों में 18 रन बनाए जबकि आशुतोष शर्मा ने 15 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली और 226 रनों के विशाल लक्ष्य को 19.1 ओवर में ही हासिल करके पॉइंट्स टेबल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

# गुना में 01 मई से जनगणना 2027 का प्रथम चरण शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना**

जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियां के संबंध में आज भोपाल से जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक कार्तिकेय गोयल ने सभी जिलों के अधिकारियों की बैठक ली। जिला कलेक?ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी किशोर कुमार कन्याल, जिला जनगणना अधिकारी अखिलेश कुमार जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि 01 मई 2026 से पूरे मध्यप्रदेश में जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित करेंगे, जिसमें मकान की स्थिति और परिवार की सुविधाओं से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। प्रत्येक छह प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक निगरानी रखेगा।

जिला स्तर पर भी कलेक्टर श्री कन?याल द्वारा बैठक लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को अपने स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य को जिले में दो सप्ताह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गर्मी को देखते हुए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को सुबह 08 से 12 बजे और शाम 04 से 07 बजे के बीच ही काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1-श्रीमती नैनीबाई पति श्री बनेसिंह निवासी ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) 2-हितेंद्र पिता श्री दिलीप जाति-ब्राहम्ण निवासी-148/1/2, पंवासा मक्सी रोड़ उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-1482/1 रकबा 0.67 हैक्टर में से रकबा 0.31 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम उज्जैनिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं. को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो।
दिनांक-30.04.2026

**मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाइडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो० नं0-98268.87494**

# मक्सी हज 2026 यात्रियों पर 10,000 हवाई किराया बढ़ोतरी का शाहिद मोदी ने किया विरोध

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी**

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने 28 अप्रैल को एक सर्कुलर जारी कर सभी हज यात्रियों से 15 मई 2026 तक अतिरिक्त ?10,000 जमा करने को कहा है। यह बढ़ोतरी वेस्ट एशिया (मिडिल ईस्ट) की मौजूदा स्थिति के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (अळऋ) की कीमतों में उछाल के चलते हुई है।

शाहिद मोदी ने जारी बयान में कहा कि हज एक बार की ज़िंदगी की पवित्र आध्यात्मिक यात्रा होती है। बहुत से लोग सालों तक मेहनत-मशक्कत और बचत करके इस फर्ज को अदा करने की तैयारी करते हैं। ऐसे में आखिरी वक्त पर ?10,000 का ेि७३१ बोझ डालना बिल्कुल गलत और अन्यायपूर्ण है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे।

उन्होंने कहा,हज यात्रा आम लोगों के लिए बहुत बड़ी इबादत है। सरकार को लोगों पर बोझ बढ़ाने के बजाय उनके साथ खड़ा होना चाहिए। शाहिद मोदी ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर इस फैसले में तुरंत दखल देने और किराया वृद्धि वापस लेने की मांग की है।* उन्होंने सवाल उठाया कि हवाई किराया आमतौर पर पहले से तय हो जाता है, फिर आखिरी समय में ऐसा बदलाव क्यों? उन्होंने हज हाउस और हज यात्रा से जुड़ी व्यवस्था पर भी जोर देते हुए कहा कि सरकार को टैक्स, अतिरिक्त शुल्क और अनावश्यक खर्चों का बोझ हज यात्रियों पर कम करना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि इंदिरा गांधी के समय दी जाने वाली हज सब्सिडी बाद में खत्म कर दी गई थी और कहा गया था कि उस पैसे का इस्तेमाल अल्पसंख्यकों की तालीम (शिक्षा) के लिए किया जाएगा, लेकिन उस वादे पर पूरी तरह अमल नहीं हुआ।

**यह मुख्य मांगें...**

10,000 रूपए की हवाई किराया बढ़ोतरी तुरंत वापस ली जाए प्रभावित हज यात्रियों को वित्तीय राहत या सब्सिडी दी जाए किराया तय करने में पूरी पारदर्शिता रखी जाए गरीब और कमजोर हज आवेदकों के हितों की रक्षा की जाए। शाहिद मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार को धार्मिक कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। ताकि कोई भी शख्स पैसे की वजह से हज जैसे फर्ज से महरूम न रहे। सरकार लोगों के साथ खड़ी हो, उन पर आखिरी वक्त में बोझ न डाले। यह मुद्दा हज 2026 की तैयारी कर रहे हजारों भारतीय मुस्लिम यात्रियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। हज कमेटी की तरफ से कहा गया है कि एयरलाइंस ने ज्यादा बढ़ोतरी की मांग की थी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जीवनसिंह पिता श्री मांगीलाल एवं प्रेमनारायण पिता श्री मांगीलाल निवासी ग्राम शंकरपुर जागरी तहसील घ?ट्टिया जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-237 रकबा 0-630 हेक्टयर एवं भूमि स्वामी कमल राठी पिता श्री कन्हैयालाल जी निवासी उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-238 रकबा 0-630 हेक्टयर, इस प्रकार कुल किता 2 कुल रकबा 1.260 हेक्टयर स्थित ग्राम शंकरपुर जागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-97 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
इति दिनांक-01.05.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मो. 99930 79516-94250 94349**

# शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान माला संपन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत आदि गुरु शंकराचार्य आदि व्याख्यान माला के शासकीय महाविद्यालय गुना पीजी कॉलेज गुना में रखा गया। जिसमें उपस्थित अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता और विशेष अतिथि तुलसीदास रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसीदास के द्वारा पुष्पष्माला पहनाकर सरस्वती माता के बंधन एवं छायाचित्र पर पुष्प अर्पित दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें उपस्थित जिला समन्वयक श्रीमति मंजूषा सालोमन अतिथि का शॉल और पुष्प गुच्छ पहनकर स्वागत किया। मंच संचालन ब्लॉक समन्वक प्रमोद रघुवंशी ने किया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्रीमती रजियाबी पति मुबारिक पुत्री मुनीर खॉ, निवासी-पिपल्यामोलू तहसील नागदा जिला उज्जैन म.प्र. एवं श्रीमती नजमा पति मोहम्मद रशीद, पुत्री मुनीर खॉ, निवासी-टापरी मौहल्ला महिदपुर रोड तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म. प्र. के संयुक्त भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम गोयला बुजुर्ग तहसील घट्टिया जिला उज्जैन पटवारी हल्का नंबर 21 में भूमि सर्वे क्रमांक 741/2 रकबा 0.75 हे०, सर्वे क्रमांक 566/2 रकबा 0.04 हे० सर्वे क्रमांक 566/3/4 रकबा 0.21 हे0, सर्वे क्रमांक 737/3 रकबा 0.06 हे० कुल किता 4 कुल रकबा 1.06 हे० भूमि है। उक्त भूमि के संबंध मे रेहाना बी पति सलीम खाँ, निवासी-ग्राम गोयला बुजूर्ग तहसील घटिया जिला उज्जैन म. प्र. द्वारा कुटरचित विक्रय पत्र तैयार किया गया है और उसके आधार पर अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करवाकर उक्त भूमि को बाले-बाले विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त भूमि के अंतरण के कोई अधिकार रेहाना बी को नही है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र निरस्त किये जाने हेतु व स्वत्व घोषणा एवं निषेधाज्ञा प्राप्त किये जाने हेतु सिविल वाद द्वितीय अतिरिक्त सिविल जज महोदय के प्रथम सिविल जज महोदय वरिष्ठ खंड उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक आरसीएसए 214/2026 पर प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा उक्त वाद में संज्ञान लिया जाकर सूचना पत्र जारी किये गये है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त रेहाना बी से उक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति, क्रय, विक्रय, अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत होगा। सो सूचित हो।

**राजपाल सिंह बैस (एडवोकेट) बी.एस.सी. एल.एल.एम**
**कार्यालयः- 25-ए मोहन नगर, उज्जैन मप्र**
**मो.-098277-35354**

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या- GEM/2026/B/7488918 दिनांक 29.04.2026** भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए खुली ई-निविदा संख्या : **GEM/2026/B/7488918** के विरुध्द अंतिम तिथि 01-06-2026 19:00 बजे तक (दो पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बीड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुध्द मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण-वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थानः** कोचिंग डिपो इंदौर, रतलाम डिवीजन (पश्चिम रेलवे) की ट्रेनों में 2 वर्ष की अवधि के लिए ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाओं (ओबीएचएस) का प्रावधान । स्थान - कोचिंग डिपो- इंदौर **कार्य की अनुमानित लागतः** Rs.26,28,48,162.65/- (सभी कर, ड्युटीज, एवं जी.एस.टी. सहित) **बयाना राशिः** Rs 14,64,240/- **समापन अवधिः** एल.ओ.ए. जारी होने की तारीख से 24 माह **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगीः** कार्यालय - वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय :** 19.00 बजे दिनांक 01/06/2026 तक जमा करने का समय। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती हैः** निविदायें GeM वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।
Apex/31
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे विशेष ट्रेनें चलाएगा**

| ट्रेन नं. | प्रस्थान स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09079 | मुंबई सेंट्रल – इंदौर (एसी सुपरफास्ट) | 03.05.2026 से 28.06.2026 तक | 23:20 बजे (रविवार और मंगलवार) | 13:00 बजे (अगले दिन) |
| 09080 | इंदौर – मुंबई सेंट्रल (एसी सुपरफास्ट) | 04.05.2026 से 29.06.2026 तक | 17:00 बजे (सोमवार और बुधवार) | 07:10 बजे (अगले दिन) |
| ठहरावः दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम और उज्जैन स्टेशन। | | | | |
| संरचनाः एसी 3-टियर कोच। | | | | |
| 09157 | बांद्रा (टी) – गोरखपुर (अनारक्षित) | 03.05.2026 | 00:30 बजे (रविवार) | 17:30 बजे (अगले दिन) |
| 09158 | गोरखपुर – बोरीवली (अनारक्षित) | 04.05.2026 | 20:30 बजे (सोमवार) | 11:30 बजे (बुधवार) |
| ठहरावः दोनों दिशाओं में वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, बयाना, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, मैलानी, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, बसती और खलीलाबाद स्टेशन। ट्रेन नंबर 09157 का बोरीवली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। | | | | |
| संरचनाः जनरल सेकंड क्लास कोच। | | | | |

ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

ट्रेन नंबर 09079 और 09080 के लिए बुकिंग 02.05.2026 से सभी पीआरएस काउंटर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल आईडी प्रूफ साथ रखें

# रतलाम पुलिस की सशक्त पहल : प्रत्येक थाने में साइबर डेस्क संचालन, साइबर योद्धाओं को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



एसपी अमित कुमार के निर्देशन में जिले में बढ़ते साइबर फ्रॉड एवं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रत्येक थाने पर साइबर डेस्क संचालित की जा रही है। आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावशील निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी थानों पर प्रशिक्षित पुलिसकर्मी (साइबर योद्धाओं) की तैनाती की गई है, जिन्हें समय-समय पर अद्यतन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में 1 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग हाल में एक साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में एसपी अमित कुमार द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराधों के प्रति त्वरित कार्रवाई करने, पीड़ितों की ठगी गई राशि को अधिक से अधिक वापस दिलाने तथा शिकायतों के समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक साइबर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर पीड़ितों को राहत प्रदान की जाए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार, उप पुलिस अधीक्षक महिला सेल अजय सारवान एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद सोनी भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक हिम्मत सिंह, आरक्षक राहुल पाटीदार एवं आरक्षक मोर सिंह डामोर द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (हृष्टक्रक्क) पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, समन्वय पोर्टल का उपयोग, बैंकिंग समन्वय के माध्यम से ठगी गई राशि को होल्ड/रिफंड कराने की कार्यवाही, डिजिटल साक्ष्य संकलन एवं केस फॉलोअप की तकनीकी जानकारी दी गई।रतलाम पुलिस द्वारा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस बल को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे साइबर अपराधों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

रतलाम पुलिस आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 1930, नजदीकी पुलिस थाना पर दर्ज करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके।

## एम्बुलेंस से 3.99 क्विंटल डोडाचूरा की तस्करी करते आरोपी पकड़ाया, देसी पिस्टल भी जप्त

### कॉम्बिंग गश्त के दौरान 106 वारंटी भी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 1 मई की दरमियानी रात जिले भर में च्कॉम्बिंग गश्तज् कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस दौरान सीतामऊ थाना पुलिस ने एक एम्बुलेंस को रोककर सघन तलाशी ली, जिसमें फिल्मी अंदाज में की जा रही तस्करी का पर्दाफाश हुआ। एम्बुलेंस से 22 कट्टों में भरा लगभग 3 क्विंटल 99 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से आरोपी रूपाराम को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से एक देसी पिस्टल, मैगजीन, दो जिंदा कारतूस और चार अलग-अलग नंबर प्लेट्स भी जप्त की गई हैं। आरोपी नंबर प्लेट्स का उपयोग वाहन की पहचान बदलने के लिए करते थे ताकि पुलिस को चकमा दिया जा सके। इसी कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के तीन इनामी अपराधियों को भी धरदबोचा। इसमें दलौदा पुलिस ने वर्ष 2016 के स्थायी वारंटी जाबीर मुल्तानी को पकड़ा, जबकि शामगढ़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार इनामी आरोपी सुल्तान सिंह और भानपुरा पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में वांछित जे.के. भील को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

पूरी रात चली इस सर्जिकल स्ट्राइक में पुलिस ने कुल 106 वारंटियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 56 स्थायी वारंटी और 44 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। गश्त के दौरान पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के साथ-साथ रिकॉर्ड की भी जांच की, जिसमें 47 निगरानी बदमाशों और 48 गुंडा-बदमाशों सहित कुल 95 हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग की गई।

## सुरक्षित खनन मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है- डायरेक्टर, खान सुरक्षा महानिदेशालय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

निम्बाहेड़ा स्थित जेके सीमेंट उद्योग परिसर में सुरक्षित खनन और मजदूर सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें खान सुरक्षा महानिदेशालय के 125 वी जयंती वर्ष पर जे. के सीमेंट स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बोलते हुए क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के डायरेक्ट माइंस सेफ्टी टॉम मैथ्यू ने कहा कि खान सुरक्षा मह ानिदेशालय खदानों में सुरक्षा संवर्धन के साथ-साथ ही खनन कर्मियों के स्वास्थ्य एवं उनके जीवन स्तर में सुधार के प्रति भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया है। जेके आई.टी.आई के विद्यार्थियों के साथ रूबरू होते हुए उन्होंने पर्यावरण चेतना, सामाजिक सुरक्षा एवं व्यक्ति निर्माण पर अपने विचार रखें।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के बीच पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । इस अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के डिप्टी डायरेक्टर सेफ्टी विशाल गोयल के साथ-साथ माइंस विभाग जेके सीमेंट के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जे. के आई.टी.आई के प्रिंसिपल किशन लाल जोशी ने खान सुरक्षा महानिदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर के डायरेक्टर माइंस सेफ्टी श्री टॉम मैथ्यू एवं डिप्टी डायरेक्टर माइंस सेफ्टी श्री विशाल गोयल को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया साथ ही निदेशालय द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से ऐसे आयोजनों से हमारे विद्यार्थियों में नई जागृति आएगी एवं उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। इस कार्यक्रम में जे. के सीमेंट माइंस प्रबंधन के हेड माइंस ऑपरेशन राकेश शर्मा, माइंस हेड सुधीर नागोरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में होगा रतलाम विकास प्राधिकरण का पद ग्रहण समारोह

**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदग्रहण समारोह 2 मई को प्रातः 9 बजे आयोजित होगा। इसमें एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप मुख्य अतिथि रहेंगे। अध्यक्षता सांसद अनिता चौहान करेगी। समारोह में आरडीए के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविन्द काकानी एवं प्रवीण सोनी तथा सदस्य राजेन्द्र सिंह गोयल, धीरज व्यास, राजेन्द्र मौर्य, राखी व्यास एवं किरण महावर पदग्रहण करेंगे। पदग्रहण समारोह हाथीखाना स्थित रतलाम विकास प्राधिकरण कार्यालय पर आयोजित होगा। इसमें महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर एवं नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा विशेष अतिथि रहेंगे। समारोह को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह व्याप्त है। जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने कार्यकताओं से इस अवसर पर अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

## आम आदमी पार्टी ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**पिपलिया मंडी।** आज 'अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के अवसर पर आम आदमी पार्टी द्वारा पिपलिया मंडी क्षेत्र में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले श्रमिक भाइयों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए समर्पित था। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी सुरेश पाटीदार एवं जिला संगठन मंत्री जितेन्द्र कारपेंटर उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी श्रमिकों का पुष्प माला पहनाकर और तिलक लगाकर आत्मीय अभिनंदन किया। वर्तमान में जारी भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सभी श्रमिक भाइयों के लिए ठंडे पेय (कोल्ड ड्रिंक) की व्यवस्था की गई और उसका वितरण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी सुरेश पाटीदार ने कहा, "किसी भी देश की प्रगति की नींव हमारे श्रमिक ही रखते हैं। उनके कठिन परिश्रम और पसीने से ही राष्ट्र के बुनियादी ढांचे का निर्माण होता है। उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है।जिला संगठन मंत्री जितेन्द्र कारपेंटर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रमिक वर्ग राष्ट्र का असली निमार्ता है। समाज के विकास में उनकी भूमिका अतुलनीय है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित श्रमिकों के सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## बालाजी मंदिर में सम्मान समारोह, समाज सेवा के लिए काकानी व व्यास सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिला चिकित्सालय स्थित कष्ट निवारण बालाजी मंदिर में गुरुदेव महंत मनोहर दास बैरागी (घिनोदा वाले) के सानिध्य में आयोजित सम्मान समारोह सेवा, समर्पण और मानवता का प्रेरक उदाहरण बना।

समाजहित में उल्लेखनीय कार्यों के लिए गोविन्द काकानी को रतलाम विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। वहीं नेत्रदान जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान के लिए नेत्रम महिला विंग प्रमुख श्रीमती राखी व्यास को सदस्य मनोनीत होने पर सम्मान प्रदान किया गया। महंत मनोहर दास बैरागी ने कहा कि निस्वार्थ सेवा ही सच्चा धर्म है। गोविन्द काकानी ने इसे अपनी जिम्मेदारी बताते हुए जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि राखी व्यास ने नेत्रदान मुहिम को और व्यापक बनाने का संकल्प जताया।

इस अवसर पर हेमन्त मूणत, चेतन व्यास, पदमा उपाध्याय, हितेंद्र सिंह राठौड़, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, भावेश शर्मा, आशीष संघवी, वर्षा मीना, मीना सिस्टर, लखनदास वैष्णव, पिन्टूदास वैष्णव, अजय कुमार, संदीप यादव, दुगार्दास बैरागी, धर्मेन्द्र सिंह यदुवंशी, इंद्रा राठौड़, रीना पारख, मुकेश राठौड़, सुनील निरंजनी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 102 वें दिन श्रमदानियों ने लिया उत्साह से भाग



**मन्दसौर।** नगर की जीवनदायिनी शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त करने हेतु जारी शुद्धिकरण अभियान में शुक्रवार को विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग-बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दो घंटे चले इस गहन श्रमदान के दौरान नदी से चार ट्राली कचरा, प्लास्टिक और पॉलिथीन बाहर निकाला गया, साथ ही किनारों पर उगी गाजर घास की सफाई की गई। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जन संकल्प और सामूहिक प्रयासों के कारण ही आज शिवना के स्वरूप में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी श्रमदानियों का आभार माना और नगरवासियों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच इस पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया। इस अभियान में विभिन्न गांवों के ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकताओं, कांग्रेस पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में महिला नेत्रियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया।

## गंगोज के कार्यक्रम में आवारा सांड ने किया तीन महिलाओं को घायल

### दो-तीन कि.मी. पर 3 गौशाला फिर भी नगर में आतंक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलीया मंडी



झुग्गी झोपड़ी स्थित रैगर मोहल्ले में उस समय अफरा तफरी मचगई जब एक आवारा सांड गंगोज के कार्यक्रम में घुस गया जिसने तीन महिलाओं कंचनबाई रंगलाल 40,करिश्मा करण 31,हुडिबाई रुगनाथ 65 वर्ष को घायल कर दिया उन्हें परिजन निजी चिकित्सालय लेगये जहां उनका उपचार किया गया।

स्व,सुरेश की है 6 पुत्रिया है माता मंजुबाई शादी की जिम्मेदारी उठा रही है चार पुत्रियों की शादी होने वाली है जिनकी बारात बड़कुवा,कनघट्टी,मोरवन एवं रामपुरा से आनी है शादी में गंगोज के दौरान अचानक आवारा सांड के हमले से अफरातफरी में दो तीन की ओर मामूली चोटें भी आई है।

घटना की सूचना मिलते ही मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,पार्षद बाबू भाई मंसूरी,नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा भी अस्पताल पहुंचे व घायल महिलाओ की कुशलक्षेम पूछी।शर्मा ने अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी,सीएमओ प्रवीण सेन जी से चर्चा कर नगर में आवारा सांडों के आतंक से मुक्ति की मांग की है। ज्ञात हो कुछ वर्ष पूर्व में भी नगर परिषद में दरोगा गोपाल जी की माताजी को भी सब्जीमंडी में आवारा सांड ने गम्भीर घायल कर दिया था,जिनकी भी मन्दसौर उपचार के दौरान मौत होगई थी।

कांग्रेसनेताओ ने कहा कि आवारा सांड बेखोप होकर नगर में विचरण कर रहे है नगर वासियों ने कई बार इस गम्भीर समस्या के निदान की भी मांग की लेकिन समस्या जस की तस है अगर एक सप्ताह में आवारा सांडों को नही पकड़ा तो कांग्रेसजन आंदोलन करेंगे।

## सेन समाज सामूहिक विवाह में पांच जोडों ने अपनाया गृहस्थ

**नीमच।** जिला सेन समाज नीमच की तहसील इकाई नीमच द्वारा भादवा माता जी धाम पर 31वाँ जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन मंगलवार को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में कई वर-वधू जोहें परिणय सूत्र बंधे। आयोजन समिति ने सम्मेलन में आये अतिथियों का आत्मीय सत्कार किया गया। प्रमुख नवाचार विवाह सम्मेलन में इस बार मंच पर वर-वधू के साथ उनके माता-पिता का भी सम्मान किया गया द्य जिसने सामाजिक संस्कारों की नई मिसाल कायम की। साथ ही जिला टीम, वर्ग टीम एवं सभी कार्यकताओं को एकता के सूत्र में सजोकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष सुखलाल सेन तारापुर, जिला युवा अध्यक्ष चमन सेन एवं जिला महिला प्रकोष्ठ में अपनी भूमिका निभाई । समाज जनों के सहयोग से आयोजन सफल हुआ। सम्मेलन में समाज की पांच बेटियों के हाथ पीले हुए, जिससे कई जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिला।

## अनुराग जनजागरण पदयात्रा कल

**मन्दसौर।** जल संवर्धन, स्वच्छता, पर्यावरण के लक्ष्य को लेकर मन्दसौर नगर से अनुराग पदयात्रा निकाली जाएगी । प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा इस रविवार 3 मई को प्रातः ठीक 8,30 बजे, जगतपुरा, प्रतापगढ़ पुलिया से प्रारम्भ होकर मंडी गेट, सराफा बाजार, बोहरा बाखल, कागदीपुरा, गुदरी, मन्दसौर क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रातः 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल जगतपुरा, प्रतापगढ़ पुलिया, मन्दसौर पर पधारकर आमजन हित के इस अभियान को अपना नैतिक समर्थन अवश्य प्रदान करें।

## नीमच सीटू ने गांधी वाटिका में मनाया मजदूर दिवस

**नीमच।** 1 मई 2026 मजदूरों का अंतरराष्ट्रीय त्यौहार मजदूर दिवस आज नीमच में भी सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू ने स्थानीय गांधी वाटिका मनाया। इस अवसर पर ट्रेड यूनियन के प्रमुख साथी उपस्थित थे। साथियों को संबोधित करते हुए कामरेड विजय बैरागी ने बताया कि मई दिवस की शुरूआत 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में मई महीने के पहले सप्ताह में हजारों औद्योगिक मजदूरों द्वारा की गई हड़ताल से हुई थी। सड़कों पर आकर 8 घंटे का कार्य दिवस और कार्यस्थल पर सम्मानजनक व्यवहार की मांग पर किये गए रोष प्रदर्शनों से निपटने के लिए पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में कई मजदूर शहीद हुए थे ।

## नृसिंह जयंती का पर्व श्रद्धा , उत्साह और भक्ति भाव से मनाया

**नीमच ।** शहर के मध्य प्रदेश स्थल घंटाघर पर स्थित नृसिंह मंदिर पर मुरुवार को नृसिंह जयंती का पर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव से मनाया गया। यहाँ पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान नृसिंह की अद्भुत लीला का मंचन किया गया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भद्धालु उमड़ पड़े। और सैकड़ो श्रद्धालुओं के समूह द्वारा भगवान नरसिंह के लगाए जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। शाम को गोधूलि में मंचित नरसिंह लीला के दौरान भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए खभ से भरवान नृसिंह के प्रक्टू होने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। जैसे ही भगवान नृसिंह खभ फाड़कर प्रकट हुए, वहां भोजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एसडीएम आर्ची हरित, एसडीएम श्री विवेक सोनकर, सभी सी एम ओ नगरीय निकाय, ईई पीएचई श्री एस.आर. जागडे सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी गांव / बसाहट /नगरीय क्षेत्र मे पेयजल की कोई भी समस्या ना आयें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन गांवों/नगरीय क्षेत्र में पेयजल परिवहन की आवश्यकता हो, वहां टैंकर से परिवहन कर पेयजल की व्यवस्था की जाएं।

## न्यूज कालम



### नगर कांग्रेस ने मजदूर भाइयों को पुष्प माला पहनाकर मनाया मजदूर दिवस

**पिपलीया मंडी।**अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने मजदूर भाइयों को पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरूआत 19 वी सदी में हुई थी।उस समय मजदूरो से 12 से 16 घंटे तक काम करवाया जाता था,1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो में हजारों मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर हड़ताल की यह आंदोलन बाद में हेमार्केट अफेयर के रूप में प्रसिद्ध हुवा जिसने पूरी दुनिया का ध्यान मजदूरों के अधिकारों की ओर खींचा।शर्मा ने मजदूर दिवस का महत्व बताते हुवे कहा कि यह दिन हमे याद दिलाता है कि श्रमिक समाज की रीढ़ की है।मजदूर दिवस के जरिए उनके अधिकारों,बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और उचित वेतन की जरूरत को उजागर किया जाता है।यह दिन सामाजिक न्याय और समानता का संदेश भी देता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा ने कहा कि आज भी कई जगह मजदुरो को उचित वेतन और सुविधाए नही मिलती है।ऐसे में मजदूर दिवस सिर्फ एक छुट्टी नही बल्कि एक जागरूकता के लिए भी प्रेरित करता है कि हम श्रमिको के अधिकारों का सम्मान करें। ।

### रामेश्वर नीखरा ने बार कौंसिल चुनाव हेतु किया जनसंपर्क



**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के संस्थापक एवं पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा का मंदसौर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। शिक्षक कांग्रेस जिला संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पवार और जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पवार के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने नीखरा का सम्मान किया और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी एनडी वैष्णव और जिला अध्यक्ष रोशन बाबू लीलगर सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। अपने प्रवास के दौरान रामेश्वर नीखरा ने राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनावों के मद्देनजर तूफानी दौरा भी किया। मध्य प्रदेश बार एसोसिएशन के नौ बार अध्यक्ष रह चुके नीखरा ने उज्जैन संभाग के विभिन्न क्षेत्रों जैसे नारायणगढ़, मल्हारगढ़, नीमच, जावद, मनासा और सीतामऊ का भ्रमण कर वकीलों से सीधा संवाद किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में प्रथम वरीयता का मत देने का आग्रह करते हुए बार कौंसिल की मजबूती हेतु अपना विजन साझा किया।

### श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर में माता अम्बे व बटुक भैरव का प्रथम पाटोत्सव संपन्न



**मंदसौर ।** स्थानीय जगतपुरा स्थित प्रसिद्ध श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर में माता अम्बे और बटुक भैरव की मूर्ति स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर भव्य पाटोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। श्री बड़केश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत गुरुवार सुबह विद्वान पंडितों द्वारा संपन्न कराए गए महाअभिषेक और महायज्ञ से हुई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ अनेक जोड़ों ने आहुतियां दीं। दोपहर पश्चात जगतपुरा चौराहे से एक विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मंगल कलश धारण कर सम्मिलित हुईं। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची, जहाँ पुष्प वर्षा के साथ श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। संध्या काल में ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच महाआरती संपन्न हुई, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, विनय दुबेला और भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, भाजपा नेता हिम्मत डांगी, अनिल कियावत सहित कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कार्यालय सम्पदा प्रबंधक म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मन्दसौर

### नामांतरण-सूचना

मंडल की आवासीय कालोनी गांधी नगर मन्दसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.SR-11 श्री रवि पुरसवानी पिता विनोद पुरसवानी एवं श्रीमती संगीता पुरसवानी पति श्री रवि पुरसवानी को मंडल आदेश क्रमांक 105 दिनांक 20.01.2021 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.07.2021 को इनके पक्ष में पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन का विक्रय सुश्री सलमा शाह पिता श्री फारुक अहमद को कर विक्रय पत्र दिनांक 25.02.2025 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण सुश्री सलमा शाह पिता श्री फारुक अहमद अपने नाम पर करवाना चाहती है।

अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के किसी सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उज्र हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे। समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामांतरण सुश्री सलमा शाह पिता श्री फारुक अहमद के नाम कर दिया जायेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उज्र मान्य नहीं होगा।

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना**
**विकास मंडल, मन्दसौर**



## सेवानिवृति पर शिक्षिका चौहान को दी सम्मान पूर्वक बिदाई

**जगोटी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती मधु चौहान के 28 साल के कार्यकाल के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में प्रभारी प्राचार्य गंगाराम बमनावत की अध्यक्षता में सम्मान पूर्वक बिदाई दी। उनके उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए वरिष्ठ शिक्षक मनोहर सिंह दांगी ने उनके शैक्षणिक कार्यों को प्रेरणादाई बताया। शिक्षक परिवार द्वारा श्रीमती चौहान का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन किरण धारू व आभार शिक्षिका डा फरहीन सैयद ने व्यक्त किया।

## सड़क हादसे में तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों की मौत



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर स्थित ग्राम ढकोरा के पास आरामशीन के आगे मोड़ पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को ब्यावरा सिविल अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, फिलहाल दोनों मृतक ग्राम गांगाहोनी निवासी हरिप्रसाद लववंशी और तलवाड़ा महाराज के नरेश लववंशी बताये जा रहे, ब्यावरा सिटी थाना क्षेत्र का मामला पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है,

## कूनो नेशनल पार्क से छोड़ा नामीबिया का चीता राजस्थान होकर राजगढ के कालीपीठ पहुंचा



**ब्यावरा।** कूनो नेशनल पार्क से छोड़ा गया चीता अब राजगढ जिले में दिखाई दिया, चीता राजगढ़ के कालीपीठ ग्रामीण क्षेत्र में घूमता नजर आया, आसपास के गांवों में दहशत का माहौल व्याप्त है, ग्रामीणों ने चीते की तस्वीरें अपने कैमरों की कैद की, सूचना मिलते ही प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, चीता फिलहाल एक पेड़ की छाया में बैठा, रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी हुई है। यह वही चीता बताया जा रहा है, जिसे एक दिन पहले मनोहरथाना क्षेत्र में भी देखा गया था कूनो नेशनल पार्क की रेस्कयू टीम भी राजगढ पहुंची चीता पर लगातर नजर बनाये हुए है। चीते की हर मूमेंट पर नजर है, टीम का कहना है कि पेड़ की छाया मे बैठा चीता 5 बजे से पहले नही उठेगा, कूनो नेशनल पार्क से निकलने के सूचना के बाद से टीम लगातर उसके पीछे, हर मूमेंट पर नजर रखे हुए है। जानकारी के मुताबिक, यह चीता वर्ष 2022 में कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए नामीबिया से लाए गए चीतों में शामिल है। इसके शरीर पर लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस भी लगा हुआ है, जिससे वन विभाग इसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

## जीरापुर बाजार में अव्यवस्थित पार्किंग पर पुलिस की कार्रवाई



**जीरापुर ।** मुख्य बाजार में अव्यवस्थित बाइक पार्किंग के खिलाफ गुरुवार को पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। शादी के सीजन में बढ़ती भीड़ के कारण बाजार में रोजाना जाम जैसी स्थिति होती है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यवस्थित पार्किंग की कमी के चलते ग्राहक अपनी बाइक सड़क पर ही खड़ी करते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए एसआई संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बेतरतीब खड़ी बाइकों पर कार्रवाई करते हुए व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया। पुलिस ने वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे निर्धारित स्थान पर ही पार्किंग करें, ताकि बाजार में सुचारू यातायात बना रहे और किसी भी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा से बचा जा सके।

## भीषण गर्मी में किसानों के बीच पहुंचे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार टेटवाल

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने चिलचिलाती धूप और 44 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच अन्नदाताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न खरीदी केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्पष्ट किया कि किसान हित में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार टेटवाल ने विगनोदीपूरा स्थित भल्ला वेयर हाउस, ग्राम भैंसवामाता स्थित माँ बिजासन वेयर हाउस और ग्राम संडावता स्थित रामपुरिया वेयर हाउस के खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता और किसानों के बैठने व पानी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# अवैध गेहूं खरीदी का भंडाफोड़, 500 से अधिक बोरे जब्त

## निजी मकान के बाहर संचालित हो रहा था फर्जी केंद्र, मजिस्ट्रेट की कार्रवाई में खुली पोल

### मुख्यमंत्री की सख्ती के बीच खरीदी घोटाला सामने आया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



समीप ग्राम खजुरी में सरकारी गेहूं खरीदी व्यवस्था में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट अरुण चंद्रवंशी द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में एक अवैध खरीदी केंद्र पकड़ा गया, जो नियमों को दरकिनार कर निजी मकान के बाहर संचालित किया जा रहा था। इस कार्रवाई ने न केवल स्थानीय स्तर पर चल रही अनियमितताओं को उजागर किया है। बल्कि पूरी खरीदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खजुरी में गायत्री स्व सहायता समूह द्वारा बिना किसी अधिकृत अनुमति के गेहूं खरीदी की जा रही थी। हैरानी की बात यह रही कि खरीदी केंद्र किसी शासकीय परिसर या निर्धारित स्थल पर नहीं बल्कि एक निजी घर के बाहर संचालित हो रहा था। जब प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो वहां बड़े पैमाने पर गेहूं का भंडारण और परिवहन गतिविधियां चलती हुई पाई गईं। छापेमारी के दौरान करीब 500 से अधिक नए सरकारी गेहूं से भरे बोरे मौके से बरामद किए गए। इसके अलावा लगभग 250 खाली सरकारी बारदान भी पाए गए जो यह संकेत देते हैं कि यहां लंबे समय से बड़े पैमाने पर खरीदी का कार्य किया जा रहा था। मौके पर 3 से 4 ट्रैक्टर गेहूं से लदे खड़े मिले जिससे स्पष्ट होता है कि किसानों से लगातार खरीदी की जा रही थी और इसे व्यवस्थित रूप से आगे भेजने की तैयारी थी। जांच में यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि संबंधित संस्था को ग्राम खजुरी में खरीदी करने की कोई आधिकारिक अनुमति प्राप्त नहीं थी। सूत्रों के अनुसार, संस्था को सुसनेर क्षेत्र में खरीदी की अनुमति दी गई थी। लेकिन वहां स्लॉट बुक कराकर लगभग 7 किलोमीटर दूर खजुरी में समानांतर रूप से अवैध खरीदी केंद्र संचालित किया जा रहा था। इस दौरान सुसनेर के एक निजी वेयरहाउस में सीमित मात्रा में खरीदी दिखाकर प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास भी किया जा रहा था। पूरे मामले में जिला खाद्य अधिकारी की कथित मौखिक अनुमति का हवाला दिया जा रहा है। जिससे इस घोटाले की गंभीरता और बढ़ गई है। बिना किसी लिखित आदेश या स्वीकृति के इस प्रकार बड़े स्तर पर खरीदी का संचालन होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

एक और गंभीर पहलू यह है कि खरीदी के दौरान गेहूं की गुणवत्ता जांच के लिए कोई अधिकृत सर्वेयर मौजूद नहीं था। ऐसे में किसानों से खरीदे गए गेहूं की गुणवत्ता किस आधार पर तय की जा रही थी। यह भी जांच का विषय बन गया है। इस अवैध खरीदी में किन-किन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसकी भी पड़ताल की जा रही है। प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि जिन किसानों ने इस केंद्र पर अपना गेहूं बेचा उन्हें भुगतान किस प्रकार किया जाएगा और कहीं वे आर्थिक नुकसान का शिकार तो नहीं होंगे। इसके साथ ही जब्त किए गए गेहूं का आगे क्या किया जाएगा, यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है।

गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव लगातार गेहूं खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए सख्त निर्देश दे रहे हैं तथा स्वयं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। ऐसे में उनके ही गृह संभाग क्षेत्र में इस प्रकार की गंभीर लापरवाही और अनियमितता सामने आना प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल प्रशासन ने पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। जिम्मेदारों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है। अब देखना होगा कि इस बड़े घोटाले में शामिल दोषियों पर कब तक कार्रवाई होती है और किसानों को न्याय कैसे मिल पाता है।

### इनका कहना

खजुरी में बिना अनुमति के गेहूं खरीदी केंद्र संचालित होने की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। मौके से बड़ी मात्रा में गेहूं और सरकारी बारदान बरामद किया गया है। प्रथम दृष्टया नियमों का उल्लंघन पाया गया है। मामले की जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

**अरुण चंद्रवंशी**
**कार्यपालक मजिस्ट्रेट सुसनेर**


खजुरी में किसी भी प्रकार का फर्जी खरीदी केंद्र संचालित नहीं हो रहा था। वेयरहाउस भरने के बाद समिति स्तर पर अन्य स्थानों पर खरीदी करना निर्धारित प्रक्रिया है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**आर.एल. मालवीय**
**जिला खाद्य अधिकारी आगर मालवा**

### भीषण गर्मी में बेजुबानों का सहारा बना लोकसेवा केंद्रः

# सकोरे रखकर बुझा रहे पक्षियों की प्यास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सूर्य के तीखे तेवरों और आसमान से बरसती आग ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। पारे में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण न केवल इंसान, बल्कि पशु-पक्षी भी पानी की बूंद-बूंद के लिए भटकने को मजबूर हैं। ऐसे कठिन समय में सारंगपुर तहसील परिसर स्थित लोकसेवा केंद्र के युवाओं ने मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश की है।

**सराहनीय पहल, सकोरा अभियान**

लोकसेवा केंद्र में कार्यरत सतीश प्रजापति और उनके साथियों ने पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए एक विशेष मुहिम शुरू की है। उन्होंने तहसील परिसर के पेड़ों और आसपास के स्थानों पर मिट्टी के पात्र (सकोरे) बांधे हैं, जिनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी भरा जा रहा है। सतीश प्रजापति ने बताया कि अक्सर गर्मी के दिनों में जलस्त्रोत सूख जाते हैं, जिससे प्यास के कारण कई पक्षी दम तोड़ देते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने और उनके मित्रों ने मिलकर यह बीड़ा उठाया है।

**समाज के लिए प्रेरणा बना प्रयास**

इस पहल का असर अब स्थानीय लोगों पर भी दिखने लगा है। तहसील कार्यालय में आए फरमान मंसूरी ने न केवल इस कार्य की सराहना कर रहे हैं, बल्कि खुद भी अपने घरों की छतों और बालकनी में सकोरे रखने का संकल्प ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सतीश और उनकी टीम यह सुनिश्चित करती है कि सकोरों में पानी खत्म न हो और पात्रों की सफाई भी होती रहे। सकोरों को पेड़ों की घनी छांव में लगाया गया है ताकि पक्षी सुरक्षित महसूस कर सकें। टीम द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे व्यर्थ पड़े मिट्टी के बर्तनों का उपयोग बेजुबानों की सेवा में करें। पर्यावरण प्रेमी एनके सोनी का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास ही पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। लोकसेवा केंद्र के इन युवाओं द्वारा किया गया यह कार्य न केवल पक्षियों की जान बचा रहा है, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे रहा है कि संवेदनाएं सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। ऐसे समय में जब तापमान 40 डिग्री के पार जा रहा है, सारंगपुर की यह छोटी सी कोशिश बेजुबान पक्षियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। 09

## संवेदना से भरी विदाई अधिकारी बने चालक

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** जिला पंचायत राजगढ़ में 30 मई गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे वाहन चालक के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह अवसर भावनात्मक होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी रहा, जब मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने अपने वाहन चालक की वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा को सम्मान देते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया। विदाई समारोह के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने वाहन चालक की कार्यनिष्ठा, समयपालन, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्षों तक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने वाले कर्मचारी सदैव सम्मान के पात्र होते हैं। इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सेवानिवृत्त वाहन चालक को अपनी स्वयं की सीट पर सम्मानपूर्वक बैठाया तथा स्वयं वाहन चालक की भूमिका निभाते हुए वाहन चलाकर उन्हें विदाई दी। यह दृश्य उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणास्पद रहा। सभी ने इस सम्मानपूर्ण पहल की सराहना की। सेवानिवृत्त वाहन चालक ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए जिला पंचायत परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें सदैव परिवार जैसा स्नेह एवं सहयोग प्राप्त हुआ।

## भवन निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को ब्यावरा स्थित जनपद पंचायत भवन के निर्माणाधीन कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं अन्य तकनीकी पहलुओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समय सीमा में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्य में पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोकने के निर्देश दिए।

### लीगेसी वेस्ट मैनेजमेंट कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

## नपा अध्यक्ष का ट्रेंचिंग ग्राउंड पर निरीक्षण, लापरवाह कर्मचारियों पर गिरी गाज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।

स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को धरातल पर उतारने और शहर को कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने एबी रोड बायपास पर स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित हो रहे लीगेसी वेस्ट मैनेजमेंट (बायोरेमेडिएशन एवं बायोमाइनिंग) कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर व्यवस्थाएं अधूरी पाए जाने और कई कर्मचारियों के ड्यूटी से नदारद रहने पर अध्यक्ष ने कडी नाराजगी व्यक्त की।

**बायोरेमेडिएशन कार्य की बारीकी से जांच**

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने मशीनों की कार्यक्षमता और कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया को करीब से देखा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षों से जमा पुराने कचरे (लीगेसी वेस्ट) को वैज्ञानिक पद्धति से जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा स्वच्छ भारत मिशन के तहत हमारा लक्ष्य केवल कचरा इकट्ठा करना नहीं, बल्कि उसका पूर्ण रूप से प्रबंधन करना है। बायोरेमेडिएशन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि यह सीधे तौर पर पर्यावरण और शहरवासियों के स्वास्थ्य से जुडा मामला है।

**लापरवाह कर्मचारियों को थमाया नोटिस**

निरीक्षण दौरान कर्मचारी दारोगा तरुण दावरे एवं राकेश गिरजे अपनी डयूटी से अनुपस्थित पाये गये, जिसके संबंध में आस-पास के रहवासी, कृषक से मालूम किया गया तो उन्होंने बताया कि यह कर्मचारी 2-3 घंटे की कार्य स्थल पर रहते हैं। लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त क रते हुए संबंधित दारोगा को कार्य के प्रति लापरवाही बरतने व निदेर्शों की अवहेलना करने पर उनके विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत कर्मचारी सेवा शर्तो के अधीन कार्रवाई किये जाने के निर्देश सीएमओ को दिये गये।

### शिक्षक शिवलाल दाँगी ने रचा इतिहास, एक वर्ष में 240 चालीसाओं का विश्व कीर्तिमान

# सुसनेर के शिक्षक की अनूठी उपलब्धि, साहित्य जगत में गूंजा नाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिवलाल दाँगी ने साहित्य जगत में एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित करते हुए



मात्र एक वर्ष में 240 चालीसाओं की रचना कर इतिहास रच दिया है। मई 2025 से अप्रैल 2026 की अवधि में उन्होंने लगातार सृजन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जो अपने आप में अत्यंत दुर्लभ और प्रेरणादायक मानी जा रही है। दांगी की इस उपलब्धि की विशेषता यह भी है कि उनकी अधिकांश चालीसाएं देश की प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में नियमित रूप से प्रकाशित होती रही हैं। इससे न केवल उनकी रचनाओं को व्यापक पहचान मिली, बल्कि साहित्य जगत में उनकी अलग पहचान भी बनी है। इस एक वर्ष के दौरान उनके तीन प्रमुख चालीसा संग्रह– धरा से दिव्यता तक, भाव प्रकाश एवं अंतर्मन से अनंत तक प्रकाशित हो चुके हैं। इन संग्रहों में उनकी विविध विषयों पर आधारित रचनाएं संकलित हैं, जिन्हें पाठकों और साहित्य प्रेमियों से भरपूर सराहना मिल रही है।


शिवलाल दांगी की रचनाओं की सबसे बड़ी विशेषता उनकी विषय-विविधता है। उन्होंने लोक देवी-देवताओं जैसे रामदेव, तेजाजी, गोगा देव, करणी माता आदि पर चालीसाएं लिखीं, वहीं महापुरुषों में महाराणा प्रताप, महात्मा गांधी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, अटल बिहारी वाजपेयी सहित अनेक विभूतियों को अपनी रचनाओं में स्थान दिया।

इसके अलावा उन्होंने देवी-देवताओं, संत-महात्माओं, वैज्ञानिकों, महिलाओं, पारिवारिक विषयों तथा सामाजिक सरोकारों जैसे पर्यावरण, शिक्षा, किसान, योग, हिंदी भाषा, गणतंत्र, मजदूर और जनजागरण जैसे विषयों पर भी चालीसाओं का सृजन किया है। उनकी रचनाओं में आध्यात्मिकता, नैतिक मूल्यों और सामाजिक संदेश का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

साहित्यकारों और विद्वानों का मानना है कि इतने कम समय में इतनी बड़ी संख्या में चालीसाओं की रचना करना अत्यंत कठिन कार्य है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत स्तर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे सुसनेर और आगर मालवा जिले का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

स्थानीय नागरिकों, शिक्षकों और साहित्य प्रेमियों ने शिवलाल दांगी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उम्मीद जताई है कि वे भविष्य में भी इसी तरह साहित्य सृजन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करते रहेंगे।

## सुसनेर पुलिस की अनोखी पहल, पक्षियों के लिए की जल व्यवस्था



**सुसनेर।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच जहां इंसान ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं सुसनेर थाना प्रभारी अक्षय बेस द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। गुरुवार को थाना परिसर में पक्षियों के लिए जल पात्र (पानी के बर्तन) स्थापित किए गए, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके। थाना प्रभारी अक्षय बेस ने बताया कि गर्मी के मौसम में अक्सर पक्षियों को पानी नहीं मिल पाता, जिससे उनकी जान पर बन आती है। इसे ध्यान में रखते हुए थाना परिसर में विभिन्न स्थानों पर जल पात्र रखवाए गए हैं, जिनमें नियमित रूप से पानी भरा जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पक्षियों को राहत पहुंचाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान थाना स्टाफ भी मौजूद रहा और सभी ने इस पहल की सराहना की। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने घरों, दुकानों और आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, जिससे इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी की इस पहल को मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए सराहा है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बैंक व डाकघर का किया औचक निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार को राजमहल स्थित भारतीय स्टेट बैंक एवं पोस्ट ऑफिस का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैंक में स्थापित सुरक्षा उपकरणों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बैंक अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली, पुलिस से त्वरित संपर्क व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति एवं उनकी मॉनिटरिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा पहलुओं की जांच की। अधिकारियों ने बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड से भी सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बैंक के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर उसकी सुरक्षा व्यवस्था का विशेष रूप से परीक्षण किया तथा सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही पोस्ट ऑफिस में भी सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई।

## कृषि उपज मंडी में से धनिए की बोरिया चोरी करने वाला माल सहित धराया



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा कृषि उपज मंडी में हार्दिक एंटरप्राइज फार्म के गोदाम में रखी लगभग पांच बोरी धनिया जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रु अज्ञात बदमाश चुरा ले गए फार्म के व्यापारी ने बताया कि रात करीब 2 बजे तक सीसीटीवी कैमरे में देखा तो धनिए की बोरियां सुरक्षित रखी थी मगर सुबह 5 बजे उक्त व्यापारी जब लाइट बंद करने गोदाम पहुंचा तो बोरियों कम दिखाई दी व्यापारी में तुरंत अपने पुत्र को फोन किया जो ब्यावरा से झालावाड़ शादी समारोह में जा रहे थे ब्यावरा - राजगढ़ के बीच से ही वापस लौटकर आया तो बस स्टेशन पर एक व्यक्ति धनिए की बोरी लिए खड़ा था और उसके चारों ओर लोगों की भीड़ लगी थी उसे पकड़कर पूछताछ की तो दारू के ठेके के पीछे कुछ लोग अन्य चार बोरियां लेकर बैठे थे जिन्हें पड़कर तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अपनी वैन में बोरिया भरकर थाने ले गई।

### रात को परिवार के साथ सोए, सुबह फंदे पर मिले

## पत्नी ने पति को रस्सी से लटका देखा, बेटी की शादी के लिए लिया था कर्ज

**देवास।** देवास के खजुरिया जागीर गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार सुबह सामने आई, जब परिजनों को इसकी



जानकारी मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खजुरिया जागीर निवासी गिरधारी लाल (55 वर्ष) ने अज्ञात कारणों से खुदकुशी की। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे उनकी पत्नी ने उन्हें घर की छत पर फंदे से लटका हुआ देखा। उन्होंने तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। परिजन गिरधारी लाल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उनका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र उज्ज्वल चौहान ने बताया कि उनके पिता मटके बनाने का काम करते थे। गुरुवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। उज्ज्वल के अनुसार, रात करीब 3 बजे तक सब कुछ सामान्य था और उनके पिता सो रहे थे। उज्ज्वल ने यह भी बताया कि उनके पिता ने छत पर रस्सी बांधकर फांसी लगाई थी। उन्होंने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। हालांकि, कुछ साल पहले उन्होंने अपनी बहनों के विवाह के लिए कर्ज लिया था, जिसे चुकाना बाकी था, लेकिन वे इसे लेकर कभी चिंतित नहीं दिखे। जिला अस्पताल के डॉक्टर धर्मेंद्र प्रजापति ने बताया कि यह फांसी का मामला है और पोस्टमार्टम कर दिया गया है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मौत की वजह भी पता करने की कोशिश की जा रही है।



## क्या बच्चों को हर समय एक्टिविटीज में बिजी रखना सही है?



आजकल पैरेंट्स बच्चों की एजुकेशन और गतिविधियों को लेकर बहुत ही अलर्ट हो गए हैं। वे चाहते हैं कि बच्चा कुछ न कुछ सीखता रहे, कभी बच्चों को ट्यूशन भेजना, कभी डांस क्लास, कभी सपोर्ट्स में तो कभी आर्ट और अगर बच्चा कुछ समय के लिए फ्री है, तो टीवी या मोबाइल देखने लगता है। पैरेंट्स को लगता है कि बच्चे को खाली नहीं बिठाना चाहिए क्योंकि इससे उनका समय बर्बाद होता है। लेकिन क्या सच में सारा दिन बच्चे को बिजी रखना उनके मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा है?

हर समय गतिविधियों में व्यस्त रखना कभी-कभी बच्चे की ग्रोथ को आगे बढ़ाने के बजाय उल्टा धीमा भी कर सकता है। इसलिए बच्चों को कुछ समय बिल्कुल खाली बैठने देना चाहिए। इसके कई फायदे हैं, जिसके बारे में सभी पैरेंट्स को सोचना चाहिए।

### बच्चों के दिमाग को प्रोसेस करने का समय मिलना

जब बच्चा बिना किसी प्रेशर के खेलता है, अपनी मनपसंद ड्रॉइंग बनाता है, इधर-उधर देखता है या बस आराम करता है, तो असल में उसका दिमाग काम कर रहा होता है। वह दिन भर में सीखी हुई चीजों को जोड़ता है, समझता है और अंदर से मजबूत बनाता है। बच्चों के दिमाग को जानकारी को समझने के लिए खाली समय देना बहुत जरूरी है।

# होममेड या बाजार का बेबी फूड पाउडर

## जानें शिशुओं के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद



शिशु के 6 महीने पूरा होते ही माता-पिता इस चिंता में पड़ जाते हैं कि अपने बच्चों के बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उन्हें खाने में क्या दें। बढ़ते बच्चों के अच्छे विकास के लिए जरूरी है कि आप उनकी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स शामिल करें, जो न सिर्फ उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद कर सके, बल्कि बीमारियों से भी सुरक्षित रखें। ऐसे में 6 महीने पूरे होने के बाद पेरेंट्स अपने बच्चों को दूध में बेबी फूड पाउडर मिलाकर देने लगते हैं। कई पेरेंट्स बाजार में मिलने वाले बेबी फूड पाउडर का इस्तेमाल करते हैं, जबकि कुछ पेरेंट्स अपने बच्चों के लिए घर पर ही बेबी फूड पाउडर तैयार करते हैं, ताकि उन्हें किसी तरह का मिलावटी फूड न मिले और वो खुद उस फूड की शुद्धता का ध्यान रखें।

6 महीने के बाद शिशुओं को बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मां के दूध के अलावा पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स देना जरूरी है। इसलिए, उनके दूध में बेबी फूड पाउडर मिलाकर पिलाया जाता है, जो उनकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।



### घर पर बनने वाले बेबी फूड पाउडर के फायदे

घर पर तैयार बेबी फूड पाउडर फ्रेश और नेचुरल चीजों को मिलाकर बनाया जाता है। इसमें किसी भी तरह के प्रिजर्वेटिव या ज्यादा चीनी और नमक नहीं होता है। पेरेंट्स इसमें मिलने वाली चीजों पर पूरी तरह अपना कंट्रोल रख सकते हैं। बस जरूरी है कि इसे साफ-सफाई के साथ इसके भूनने या पीसने का सही तरीका अपनाया जाए। इसके साथ ही प्रोटीन, कैल्शियम और आयरन जैसे जरूरी पोषक तत्वों का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है और स्टोर करने का तरीका भी काफी अहम भूमिका निभाता है, ताकि इंफेक्शन का जोखिम कम हो सके।

### बाजार में मिलने वाला बेबी फूड पाउडर के फायदे

बाजार में मिलने वाला बेबी फूड पाउडर आमतौर पर साइंटिफिक तरीके से तैयार किया जाता है और उसमें बच्चे के लिए जरूरी पोषक तत्वों के साथ फोर्टिफाइड भी होता है। इसका इस्तेमाल करना बहुत आसान होता है और इसकी क्वालिटी और सुरक्षा लेवल के मानकों की जांच होती है। हालांकि, ध्यान रखना जरूरी है कि मार्केट में मिलने वाले कुछ प्रोडक्ट्स में ज्यादा शुगर या फ्लेवर हो सकते हैं, इसलिए लेने से पहले उनका लेबल पढ़ना जरूरी है।


### रंग भरकर चित्र बनाओ



### रास्ता खोजो



### बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






गिल की टीम ने चार विकेट से जीत दर्ज की

# टाइटंस पांचवें नंबर पर कायम गुजरात के गेंदबाज बेंगलुरु पर बरसे

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद में गुरुवार को मुकाबला भले ही विराट कोहली और कगिसो रबाडा की टक्कर के नाम था, लेकिन अंत में बाजी गुजरात टाइटंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने मार ली। शानदार शुरूआत के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 155 पर सिमट गई। जवाब में गुजरात ने महज 15.5 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने धमाकेदार शुरूआत की। कप्तान शुभमन गिल ने आक्रामक तेवर अपनाते हुए दूसरे ही ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से हेजलवुड पर 24 रन बटोर लिए। गिल ने ताबड़तोड़ 18 गेंद पर 43 रन बनाए। इसके अलावा जोस बटलर ने 39 रन बनाए। बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। रोमारिया शेफर्ड ने दो विकेट लिए। हालांकि वह गुजरात को मंजिल तक पहुचने से नहीं रोक सके।

इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। फैसला सही साबित हुआ। कगिसो रबाडा, जेसन होल्डर, अरशद खान और राशिद ने मिलकर आरसीबी की मजबूत दिख रही पारी को बिखेर दिया। पावरप्ले में तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली ने हालांकि रबाडा के पहले ओवर में लगातार पांच चौकों समेत 21 रन बटोरे और टीम का रन रेट 10 के पार पहुंचा दिया। लेकिन गिल ने अपने स्ट्राइक गेंदबाज पर भरोसा बनाए रखा, जिसका फायदा जल्द ही मिला।

रबाडा ने शानदार वापसी करते हुए कोहली (28, 13 गेंद) को आउट कर अहम साझेदारी तोड़ी और यहीं से आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई। 7 ओवर में 71/2 के मजबूत स्कोर से टीम 10.3 ओवर में 96/6 पर पहुंच गई। इस दौरान पाटीदार (19), जितेश शर्मा (1), टिम डेविड (9) और क्रुणाल पांड्या (4) सस्ते में चलते बने। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान ने आखिर में 3/22 लेकर निचले क्रम को समेट दिया।



### टीम इंडिया का हीरो मुंबई इंडियंस में नाकाम

भारतीय टीम में हार्दिक पांड्या एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर मुश्किल ओवर फेंकने और आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख पलटने का भरोसा किया जाता है। लेकिन 2024 में मुंबई इंडियंस में वापसी के बाद आईपीएल में उनकी चमक कुछ फीकी नजर आई है। इस सत्र में हार्दिक ने सात पारियों में 152.38 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 128 रन बनाए हैं और 18.4 ओवर में महज चार विकेट लिए हैं। इसके उलट, इस साल भारत के लिए उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय आंकड़े काफी प्रभावशाली रहे हैं।

### क्वार्टर फाइनल में पुरुष टीम चीनी ताइपे से भिड़ेगी

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** भारतीय पुरुष शटलर विश्व टीम चैंपियनशिप थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शुक्रवार को चीनी ताइपे की मजबूत टीम से भिड़ेंगे। भारत ने चार साल पहले खिताब जीता था। पर चीनी ताइपे कभी ऐसा नहीं कर सका। भारत ने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक भी जीते हैं। इस बार भारत ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम आठ में पहुंचा है। भारत ने पहले मैच में कनाडा को 4-1 से हराया। टीम ने फिर ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से शिकस्त दी लेकिन चीन से उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे की मजबूत टीम की अगुआई दुनिया के नंबर छठे नंबर के एकल खिलाड़ी चोउ टिएन चेन कर रहे हैं। उनके साथ दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी और दुनिया के 21वें नंबर के ची यू जेन टीम की चुनौती को मजबूत बनाते हैं।

# पाटीदार के कैच पर विवाद, अंपायर से नाखुश दिखे कोहली

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद में खेले गए इस मैच में गुजरात ने 25 गेंद रहते 156 रन का टारगेट हासिल किया।

यह आईपीएल में गुजरात का दूसरा सबसे तेज रनचेज है। भुवनेश्वर कुमार टी20 में 350 विकेट पूरे करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। फ्छइ की पारी के दौरान रजत पाटीदार के कैच को लेकर विराट कोहली अंपयार से बहस करते दिखे। बेंगलुरु के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पुरुष टी-20 क्रिकेट में अपने 350 विकेट पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भुवी से पहले युजवेंद्र चहल यह कारनामा कर चुके हैं। चहल 391 विकेट के साथ टॉप पर हैं। भुवी ने बुमराह और अश्विन जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ 25 गेंद रहते जीत दर्ज की। यह गुजरात के इतिहास का दूसरा सबसे तेज रनचेज है। सबसे ज्यादा गेंद रहते उनकी सबसे बड़ी जीत 2023 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आई थी। तब टीम ने 37 गेंद रहते टारगेट हासिल किया था। विराट कोहली ने गुजरात के खिलाफ एक ओवर में 5 चौके मारे। उन्होंने कगिसो रबाडा पहली गेंद से ही प्रहार किया।

### पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** रियान पराग पर पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट पीने के मामले में गुरुवार को मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया। उन पर यह जुमार्ना खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप में लगाया गया। मैदानी अंपायरों ने मैच के तुरंत बाद मैच रेफरी अमित शर्मा को इसकी शिकायत नहीं की थी। वीडियो सबूत देखने के बाद उन्होंने ऐसा किया। आईपीएल की साख बनाए रखने को बीसीसीआई सख्त कार्रवाई के दूसरे विकल्पों पर भी विचार कर रहा है।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### चाकूबाजी की दो घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए



**इंदौर।** चाकूबाजी की दो घटनाओं ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विजयनगर में एक युवक को सिर्फ दोस्त का पता न बताने पर चाकू मार दिया गया, वहीं राजेंद्र नगर में बाइक टक्कर के बाद बदला लेने के लिए दो युवकों पर हमला किया गया। विजयनगर थाना क्षेत्र में कुलदीप लश्करी (निवासी बड़ी भमोरी) पर गुरुवार को चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक कुलदीप एक जूते की दुकान पर काम करता है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले कुलदीप के दोस्त शिव से सार्थक की कहासुनी हुई थी। इसके बाद सार्थक अपने साथियों के साथ शिव को तलाशते हुए पहुंचा। जब कुलदीप दुकान की ओर जा रहा था, तब आरोपियों ने उसे रोका और दोस्त की जानकारी मांगी। जानकारी न देने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने सार्थक और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमले के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने आरोपियों को कैमरे की ओर इशारा कर चेताया, लेकिन आरोपियों ने बेखौफ होकर कहा कि पुलिस उनका कुछ नहीं कर सकती। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, हालांकि उनका भागते हुए सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में भी इसी तरह की वारदात सामने आई। यहां बाइक टक्कर के बाद बदला लेने की नीयत से बदमाशों ने सुनील चौहान और उसके दोस्त विशाल पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सुनील पर 5 से ज्यादा वार किए गए, जबकि विशाल के हाथ में चोट आई है। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में दीपक, हनी प्रधान और राज प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। तीनों आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

### महिला की चेन छीनकर भागे बदमाशों का पुलिस ने पकड़कर निकाला जुलूस



**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की वारदात सामने आई है, जहां बाइक सवार बदमाश गुरुवार को एक महिला के गले से चेन झपटकर फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने देर शाम तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर जुलूस भी निकाला। पुलिस ने बताया कि जब वे पकड़ने के लिए पहुंचे तो बदमाशों ने भागने की कोशिश की, जिससे उन्हें चोट पहुंची। घटना द्वारकापुरी इलाके की पंजाब बेकरी वाली गली की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक शशि नाम की महिला सड़क पर खड़ी होकर दो अन्य महिलाओं से बातचीत कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाश मौके पर पहुंचे और पहले रेकी की। इसके बाद एक आरोपी ने अचानक महिला के गले से चेन झपट ली और साथी के साथ फरार हो गया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने रोशन नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ उसके दो नाबालिग साथी भी पकड़े गए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने और किन-किन वारदातों को अंजाम दिया है।

### शादी में गई मां, बेटा अलमारी में रखे 65 हजार रुपये और ज्वेलरी लेकर फरार

**इंदौर।** चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं ने सनसनी फैला दी। विजयनगर इलाके में एक बुजुर्ग महिला ने अपने ही बेटे पर घर से नकदी और जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है, वहीं राजेंद्र नगर में बदमाश फ्लैट से दो छात्रों के लैपटॉप चुराकर फरार हो गए। विजयनगर थाना क्षेत्र के न्यू शीतल नगर में रहने वाली लक्ष्मीबाई (65) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि 28 अप्रैल की शाम वह एक शादी समारोह में गई थीं। वापस लौटने पर घर का गेट खुला मिला और अलमारी की चाबी भी लगी हुई थी। जांच करने पर करीब 65 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के आभूषण और बेटी रेणुका व उसके बच्चों के जरूरी दस्तावेज गायब मिले। महिला ने आरोप लगाया कि उसका बेटा जितेंद्र खोजे ही घर का ताला तोड़कर यह सामान ले गया। घटना के समय घर में उसका दूसरा बेटा भी मौजूद था। पुलिस के मुताबिक आरोपी जितेंद्र का एक शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी के चलते वह पहले भी घर में चोरी जैसी हरकत कर चुका है। बेटे की इन हरकतों से परेशान होकर मां ने गुरुवार को उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

**राजेंद्र नगर में छात्रों के लैपटॉप चोरी-** एक अन्य मामले में राजेंद्र नगर इलाके में बदमाशों ने एक फ्लैट को निशाना बनाया। उज्ज्वल सरैया और उसका दोस्त कुनाल नेगी, जो बीटेक के छात्र हैं, किराए के फ्लैट में रहते हैं। रात 3 बजे तक पढ़ाई करने के बाद सुबह जल्दबाजी में दरवाजा खुला रह गया। इसी दौरान चोर फ्लैट में घुसे और दोनों के लैपटॉप चोरी कर ले गए।

### सड़क पर युवतियों का हंगामा, दोस्तों के साथ मिलकर युवक को पीटा



**इंदौर।** इंदौर के 60 फीट एरोड्रम रोड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें कुछ युवतियों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर दी। हालांकि पुलिस अफसरों ने अभी तक इस वीडियो को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। वायरल वीडियो में युवतियां यहां बाइक और एक्टिवा से पहुंची थी। उन्होंने देखते ही देखते एक युवक को पीटना शुरू कर दिया। सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने उन्हे बचाने का प्रयास किया तो युवतियां उनके साथ हुज्जत करने लगी। घटना के दौरान एक युवक वीडियो बना रहा था, जिस पर युवतियां भड़क गईं। आरोप है कि उन्होंने युवक के साथ बदसलूकी की और उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। वहां चाय की दुकान चलाने वाले संचालक को भी अपशब्द कहे। मामला सामने आने के बाद पुलिस वीडियो के आधार पर जांच में जुट गई है। संबंधित युवतियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### जनगणना से पहले आवास गणना की यह प्रक्रिया 30 मई तक चलेगी

# नगर निगम सीमा में 22 जोन के 85 वार्डों में 3865 ब्लॉक बनाकर गणना की जाएगी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



1 मई से 30 मई तक कोई आपके दरवाजे पर चॉक या मार्कर लेकर आए, तो उसे केवल एक सरकारी प्रक्रिया न समझें। वह नंबर आपके घर को सरकारी नक्शे पर एक यूनिक लोकेशन देगा। शुक्रवार से देश और प्रदेश के साथ इंदौर में भी मकानों की गणना का सिलसिला शुरू हो गया है।

जनगणना से पहले आवास गणना की यह प्रक्रिया 30 मई तक चलेगी। इंदौर नगर निगम सीमा में यह काम 22 जोन के 85 वार्डों में 3865 ब्लॉक बनाकर किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक गणना बॉक्स का नक्शा तैयार किया है। पहले इसका मिलान होगा। फिर डोर-टू-डोर सर्वे से यह गणना डिजिटल माध्यम से होगी। एक गणना बॉक्स में औसत 200 घर/मकान या 700 से 800 की जनसंख्या को शामिल किया गया है। इस तरह निगम सीमा में करीब 8 लाख मकानों तक कर्मचारी पहुंचेंगे। निगम के अपर आयुक्त और प्रभारी एनएन पांडे के मुताबिक जनगणना के लिए 30 दिन का समय है। आईएमसी एरिया के लिए निगम कमिश्नर प्रमुख जनगणना अधिकारी हैं। कुल 4269 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। छह ब्लॉक के हिसाब से एक सुपरवाइजर बनाया है। सर्वे करने वालों की ट्रेनिंग तीन स्तर पर हो चुकी है। हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का नक्शा भी इन्हें दिया गया है। प्रतिदिन के हिसाब से कोई टारगेट नहीं है, लेकिन यदि 20 मकान भी एक व्यक्ति करेगा तो 10 से 15 दिन में आसानी से सर्वे पूरा हो जाएगा।

पूरे शहर को 3865 मकान सूचीकरण ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके लिए 4269 प्रगणकों की नियुक्ति की गई है, जो सीधे नागरिकों से संपर्क कर आवश्यक जानकारी जुटाएंगे। वहीं, इन कार्यों की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 753 पर्यवेक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस तरह पूरे अभियान में कुल 5022 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। अभियान से पहले सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 27 अप्रैल तक तीन चरणों में आयोजित किया गया, जबकि अनुपस्थित कर्मचारियों के लिए 28 से 30 अप्रैल तक विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए।

#### आम आदमी को इससे यह फायदा होगा

1. **इमरजेंसी सेवाओं में तेजी :** एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड या पुलिस को आपके घर का पता खोजने में परेशानी नहीं होगी। यूनिक नंबर के जरिए वे सीधे सटीक लोकेशन पर पहुंच सकेंगे, जिससे समय बचेगा।
2. **ड्रोन और ई-कॉमर्स डिलीवरी :** भविष्य में जब ड्रोन डिलीवरी शुरू होगी, तो यह डिजिटल नंबर आपके घर के लिए एक डिजिटल एड्रेस की तरह काम करेगा। पार्सल की डिलीवरी अधिक सटीक और तेज होगी।
3. **सरकारी योजनाओं का लाभ :** सही डेटा होने से सरकार को यह पता चलेगा कि किन क्षेत्रों में सुविधाएं कम हैं। इससे नई पानी की लाइनें, सीवरेज सिस्टम और बगीचों जैसी नागरिक सुविधाओं का विस्तार सही जगह पर हो सकेगा।
4. **मालिकाना हक और रिकॉर्ड :** यह प्रक्रिया घर के मालिकाना हक या किराएदारी के डेटा को व्यवस्थित करेगी, जिससे भविष्य में संपत्ति संबंधी कार्यों में पारदर्शिता आएगी।
5. **सुव्यवस्थित सेवाएं :** कचरा कलेक्शन (डोर-टू-डोर) से लेकर नगर निगम की अन्य सेवाओं की मॉनिटरिंग इस यूनिक आईडी के जरिए अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी।

### इंदौर में ड्रिफ्टिंग का वीडियो वायरल, कई बार कार बेहद नजदीक से गुजरी

# युवक-युवती के पास कार घुमाकर किया स्टंट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**



कार से स्टंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। बायपास क्षेत्र में एक ढाबे के पास कार से खतरनाक ड्रिफ्टिंग करते हुए एक युवक लोगों की जान जोखिम में डालता नजर आ रहा है।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो कनाड़िया इलाके के के-2 ढाबे के पास ऑटो जस्टिस नाम की कार गैरेज के सामने का है। वीडियो में एक कार चालक तेज रफ्तार में गाड़ी को गोल-गोल घुमाते हुए ड्रिफ्ट कर रहा है, जबकि बीच में एक युवक और युवती खड़े दिखाई दे रहे हैं। कार कई बार उनके बेहद करीब से गुजरती है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था।

यह वीडियो शाहबाज अहमद नाम के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है। इससे करीब 15 दिन पहले कनाड़िया क्षेत्र के फीनिक्स मॉल के बेसमेंट में भी इस तरह का ड्रिफ्टिंग किया गया था, जिसके लिए आयोजकों ने थाने से अनुमति ली थी। हालांकि वहां भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की ड्रिफ्टिंग बेहद खतरनाक होती है। जरा सी चूक गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। वायरल वीडियो में जिस तरह से कार युवक-युवती के बेहद करीब से गुजर रही है, उससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस घटना के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि ऐसे आयोजनों को अनुमति देते समय पुलिस किन सुरक्षा मानकों का पालन कर रही है। फिलहाल इस मामले में कार्रवाई को लेकर पुलिस से बात नहीं हो पाई है।

इंदौर में लापरवाही भरे स्टंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बायपास स्थित एक ढाबे के पास कार से खतरनाक ड्रिफ्टिंग करते हुए एक युवक का वीडियो सामने आया है, जिसमें लोगों की जान जोखिम में डालकर स्टंट किया गया। कनाडिया इलाके के के 2 ढाबे के पास ऑटो जस्टिस नाम की कार गैरेज के सामने का वीडियो बताया जा रहा है। एक कार चालक तेज रफ्तार में गाड़ी घुमाते हुए ड्रिफ्ट कर रहा है, बीच मे एक युवक और युवती खड़े हुए हैं। कार उनके बेहद करीब से कई बार घूमती है। शाहबाज अहमद नाम के युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया है। हालाकि पूर्व मे इस तरह के डिफिट्रग का आयोजन 15 दिन पहले कनाडिया के ही फोनिक्स माल के बेसमेंट मे किया गया था। आयोजको ने इस दौरान थाने से परमिशन ली थी। हालाकि बाउसर के अलावा यहां किसी तरह के सुरक्षा के इंतजाम नही थे।

### दिगम्बर जैन केंद्रीय महिला परिषद का

# राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह 2 एवं 3 मई को इंदौर में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

महिला सशक्तिकरण, सर्व कल्याणम, मानव सेवा एवं, जीव दया के क्षेत्र में सक्रिय राष्ट्रीय संस्था अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का दो दिवसीय 39वां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह 2 और 3 मई को निपानिया बायपास रोड इंदौर स्थित चंद्रलीला में प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा।

उक्त जानकारी परिषद की इंदौर संभाग अध्यक्ष मुक्ता राजेश जैन दद्दू एवं मीडिया प्रभारी रुचि चोविष्या ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि दिगंबर जैन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पारस दास जैन एवं निवृत्तमान अध्यक्ष चक्रेश जैन होंगे एवं विशेष अतिथि तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय मंत्री हंसमुख गांधी होंगे। समारोह गौरव के रूप में विधायक द्वय सागर के शैलेंद्र जैन एवं महिदपुर के दिनेश जैन, आशा विनायका, पुष्पा कासलीवाल, सुमन जैन, एवं शिल्पा जैन (तेलंगाना) भी उपस्थित रहेंगे।

परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल जैन ने बताया कि महिला परिषद ने धर्म समाज संस्कृति जीव दया और मानव सेवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए नए आयाम स्थापित किए हैं एवं देश ही नहीं विदेशों में भी महिला परिषद सफलता की नई गाथाएं लिख रही है। परिषद की केंद्रीय सचिव प्रभा जैन ने बताया कि अधिवेशन में आगामी कार्यकाल के लिए परिषद की मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष शकुंतला जैन (सागर) शपथ ग्रहण करेंगी। शपथ अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जैन होंगे।

# इंदौर में 10 आईपीएस फिर भी 2-3 दिन में मर्डर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर में 10 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती के बावजूद अपराधों पर लगाम नहीं लग पा रही है। अप्रैल महीने में हत्या के 8 मामले सामने आए। औसतन हर दूसरे दिन एक मर्डर हुआ। इसके अलावा हत्या के प्रयास के दो से ज्यादा गंभीर मामले भी दर्ज किए गए हैं।

इंदौर में पुलिस महकमे में एक साथ 10 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती है, जिनमें कमिश्नर से लेकर एडिशनल कमिश्नर और डीसीपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इतनी बड़ी फोर्स होने के बावजूद अपराधों का लगातार होना सिस्टम की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर रहा है। पुलिस हर हफ्ते कॉम्बिंग गश्त के नाम पर बड़ी संख्या में अपराधियों की धर पकड़ करती है। इसके बावजूद क्राइम का ग्राफ कम नहीं हो रहा है। सूत्रों की मानें तो पुलिस हर हफ्ते गश्त के दौरान 500 से ज्यादा अपराधियों की जांच करती है ओर उन्हें पकड़ती है। इतने अपराधियों को पकड़ने के बाद भी लूटमार, चेन स्नेचिंग, चोरी और चाकूबाजी जैसी घटनाए कम नहीं हो रही है। इंदौर में अधिकांश अपराध आदतन अपराधियों द्वारा ही अंजाम दिए जा रहे हैं।



























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com